✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 45 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 11 जुलाई 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



राजगीर में निर्माणाधीन क्रिकेट स्टेडियम का स्थल निरीक्षण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

# बुजुर्गों को सहारा देगी नीतीश सरकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना

## 80 वर्ष या अधिक आयु के 13 लाख 43 हजार 311 पेंशनधारकों को मिलेगा लाभ

## 80 साल से अधिक के 312 ट्रांसजेंडर्स को भी मिलेगा सहारा

## 85 हजार 12 जगहों पर आज आयोजित होगा कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने सामाजिक न्याय और जनकल्याण को हमेशा प्राथमिकता दी है। इसी सोच का एक सशक्त उदाहरण है सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, जो प्रदेश के बुजुर्ग नागरिकों के लिए आर्थिक सुरक्षा की मजबूत ढाल बनी है। खासकर 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों को यह योजना सम्मानजनक जीवन जीने का हक दिला रही है। नीतीश सरकार के मूलमंत्र 'बुजुर्गों की सेवा-समाज की असली सेवा' के तहत राज्य के 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के कुल 13 लाख 43 हजार 311 वृद्ध पेंशनधारक के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक होगा, जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत लाभार्थियों को डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से राशि उनके बैंक खातों में भेजेंगे। यह पहली बार होगा कि जब लाभार्थियों को 400 रुपये की जगह 1100 रुपये यानी करीब तीन गुना बढ़ी हुई पेंशन की राशि मिलेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कहना है कि वृद्धजन समाज का अनमोल हिस्सा है और उनका सम्मानजनक जीवनयापन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयत्नशील रहेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 11 जुलाई को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 1 करोड़ 11 लाख से अधिक लाभार्थियों को डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से पेंशन की राशि उनके बैंक खातों में भेजेंगे। इनमें 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के 13 लाख 43 हजार 311 पेंशनधारियों को बड़ा तोहफा देंगे। इनमें 6 लाख 66 हजार 70 पुरुष और 6 लाख 76 हजार 929 महिलाएं शामिल हैं। विशेष बात ये है कि 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के 312 ट्रांसजेंडर्स को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। सभी छह पेंशन योजनाओं में 80 साल या उससे अधिक आयु के पेंशनधारकों की सर्वाधिक संख्या मधुबनी जिले में है, जहां कुल 73 हजार 926 लाभुक हैं। इनमें 35 हजार 302 पुरुष और 38 हजार 620 महिलाओं के साथ 4 ट्रांसजेंडर भी शामिल हैं। वहीं, मुजफ्फरपुर में 80 साल या उससे अधिक आयु के 63 हजार 357 लाभार्थी हैं। इनमें 32 हजार 923 पुरुष, 30 हजार 428 महिलाएं और 6 ट्रांसजेंडर हैं। वैशाली में 61 हजार 378 लाभुक हैं, इनमें 30 हजार 832 पुरुष और 30 हजार 532 महिलाएं शामिल हैं। इनमें 14 ट्रांसजेंडर पेंशनधारक भी हैं। वहीं, पटना में 59 हजार 567 लाभुक हैं। इनमें 28 हजार 830 पुरुष, 30 हजार 723 महिला और 14 ट्रांसजेंडर भी शामिल हैं। समस्तीपुर में कुल 58 हजार 882 लाभुक हैं। इनमें 28 हजार 698 पुरुष, 30 हजार 175 महिला और 9 ट्रांसजेंडर हैं। इसके बाद पूर्वी चंपारण में 80 साल या उससे अधिक आयु के कुल 58 हजार 555 लाभार्थी हैं। इनमें 30 हजार 342 पुरुष, 28 हजार 203 महिला और 10 ट्रांसजेंडर हैं, जिनमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि का वितरण किया जाएगा। बिहार में 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के कुल 312 ट्रांसजेंडर पेंशनधारक हैं। इनमें सर्वाधिक 69 ट्रांसजेंडर जमुई जिले में हैं, जिन्हें सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है। इसके बाद नालंदा में 22, सीतामढ़ी में 17, सुपौल, पटना, पश्चिम चंपारण में 14, गया में 13, रोहतास में 12, सारण, सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण, भोजपुर में 10 ट्रांसजेंडर शामिल हैं। वहीं, समस्तीपुर में 9, कटिहार और पूर्णिया में 7, मुजफ्फरपुर और खगड़िया में 6, बक्सर में 5, सुपौल, सहरसा, मधुबनी, गोपालगंज, भागलपुर और अररिया में 4, बेगूसराय में 3, अरवल, शेखपुरा और लखीसराय में 2, दरभंगा, मधेपुरा और मुंगेर में 1 ट्रांसजेंडर के बीच राशि का वितरण किया जाएगा। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना कार्यक्रम का आयोजन व्यापक स्तर पर होने जा रहा है। शुक्रवार को राज्य के कुल 85 हजार 12 जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन होगा। इनमें वैशाली में सर्वाधिक 10 हजार 146 स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद गया में 6 हजार 600, समस्तीपुर में 5 हजार 309, नालंदा में 4 हजार 792, सारण में 4 हजार 676, रोहतास में 3 हजार 646, कटिहार में 3 हजार 300, औरंगाबाद में 3 हजार 40, मधेपुरा में 2 हजार 950, भागलपुर में 2 हजार 847, नवादा में 2 हजार 786, पूर्वी चंपारण में 2 हजार 493 स्थलों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इन सभी कार्यक्रमों में राज्य सरकार की ओर से 66 लाख 71 हजार 969 लाभुकों की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



## बिहार में जारी रहेगा वोटर लिस्ट रिवीजन

# आधार, वोटर आईडी, राशन कार्ड को भी पहचान पत्र मानें : सुप्रीम कोर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बिहार में चल रहा मतदाता सूची सघन पुनरीक्षण अभियान जारी रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक नहीं लगाई है। कोर्ट ने माना कि चुनाव आयोग को मतदाता सूची का सघन पुनरीक्षण करने का संवैधानिक अधिकार है। हालांकि कोर्ट ने चल रही प्रक्रिया के समय को लेकर गुरुवार को सवाल उठाया। कोर्ट ने कहा कि यह मसला लोकतंत्र के मूल और मतदान के अधिकार से जुड़ा हुआ है। वोटर लिस्ट में शामिल होने के लिए निर्धारित 11 दस्तावेजों की सूची को लेकर भी कोर्ट ने चुनाव आयोग से प्रश्न किये और उन दस्तावेजों में आधार कार्ड व चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र को न शामिल किये जाने पर सवाल पूछा। कोर्ट ने अंतरिम आदेश में चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि वह वोटर लिस्ट में शामिल होने के लिए दिए जाने वाले दस्तावेजों में आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर भी विचार करे। ये निर्देश गुरुवार को न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया व न्यायमूर्ति जोयमाल्या बाग्ची की पीठ ने बिहार में मतदाता सूची के सघन पुनरीक्षण अभियान को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिए। मामले में कोर्ट 28 जुलाई को फिर सुनवाई करेगा। कोर्ट ने चुनाव आयोग द्वारा तय शेड्यूल में एक अगस्त की तारीख ड्राफ्ट मतदाता सूची पब्लिश करने के लिए तय होने को देखते हुए सुनवाई की तारीख उससे पहले 28 जुलाई तय की है। पीठ ने प्रक्रिया जारी रखने की अनुमति देते हुए चुनाव आयोग को सुनवाई से एक सप्ताह पहले याचिकाओं का जवाब दाखिल करने को कहा है और याचिकाकर्ता 28 जुलाई तक प्रतिउत्तर दाखिल कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर भी विचार करने का जो अंतरिम आदेश दिया है उससे बड़े मतदाता वर्ग को राहत मिल सकती है क्योंकि माना जा रहा है कि ज्यादातर जनसंख्या के पास ये दस्तावेज हैं। हालांकि सुनवाई के दौरान जब चुनाव आयोग ने फिलहाल सूची में निर्धारित 11 दस्तावेजों को ही बने रहने देने और नये दस्तावेज आदेश में न जोड़े जाने का अनुरोध किया। इस पर पीठ ने कहा कि उन्होंने आदेश में आयोग को सिर्फ इन तीन दस्तावेजों पर भी विचार करने को कहा है कोई निर्देश नहीं दिया है पीठ ने मौखिक तौर पर यह भी कहा कि अगर चुनाव आयोग इन दस्तावेजों को सही नहीं पाता है या उसे कोई कमी दिखती है तो उसे कारण बताते हुए नकार सकता है।



# स्कॉर्पियो ने पांच लोगों को कुचला, तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पूर्णिया।** जिले के जानकीनगर थाना क्षेत्र के मधुबन गोरियारी टोला के पास सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। सभी गांव के ही रिसेप्शन पार्टी से भोज खाकर बुधवार रात लौट रहे थे। इस हादसे से भड़के परिजनों ने गुरुवार को मुख्य रास्ते को जाम कर प्रदर्शन किया। जाम और प्रदर्शन की सूचना मिलते ही जानकीनगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। काफी कोशिश के बाद परिजनों का गुस्सा शांत हुआ। मृतका चंदन देवी के बेटे और हादसे के प्रत्यक्षदर्शी राजू कुमार ने बताया कि बुधवार को गांव में ही एक शादी की रिसेप्शन पार्टी थी। सभी पार्टी से भोज खाकर लौट रहे थे। सभी घर के ठीक पास पहुंचे ही थे तभी रात में एक तेज रफ्तार स्कार्पियो एक ट्रैक्टर से जा टकराई जिससे स्कॉर्पियो का संतुलन बिगड़ गया। वे लोग कुछ समझ पाते तब तक स्कॉर्पियो ने घर में सामने खड़े रिसेप्शन पार्टी से लौटे सभी पांच लोगों को कुचल डाला। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जुटता देख ड्राइवर स्कॉर्पियो लेकर निकल भागा। मृतकों में मधुबन गोरियारी टोला के रहने वाले चुनेश्वर राम की पत्नी चंदन देवी (35), उसकी बेटी करुणा कुमारी (7) और स्वर्गीय संतोष राम की पत्नी ननकी देवी (30) शामिल है। घायलों में ननकी देवी का बेटा प्रियांशु कुमार (12) और चंदन देवी का बेटा राजू कुमार (18) शामिल है। घायलों का इलाज धमदाहा अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शवों को पोसेटमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद सभी को स्थानीय और परिजनों की मदद से धमदाहा अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। यहां एक बच्ची समेत दो महिलाओं की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायलों का इलाज जारी है। एक साथ तीन मौत पर लोग गुस्सा गए। आक्रोशित लोगों ने शव को सड़क पर रखकर मुख्य रास्ते को जाम कर करीब एक घंटे तक प्रदर्शन किया। जाम और प्रदर्शन की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच सड़क को जाम से मुक्त कराया।

## वृद्ध किसान की हत्या

**जहानाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** परस बिगहा थाना क्षेत्र के मलहचक गांव में बुधवार देर रात खेत में बोरिंग की रखवाली कर रहे किसान की हत्या कर दी गयी। गुरुवार की सुबह उसका शव मिला है। किसान की पहचान शिवनंदन बिंद(65) के रूप में हुई है। अज्ञात अपराधियों ने किसान की गोली मारकर हत्या कर दी गई है।




## रिश्वत लेते शिक्षा विभाग का क्लर्क समेत दो गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** स्पेशल विजिलेंस यूनिट ने गुरुवार को शिक्षा विभाग के हेड क्लर्क अशोक कुमार वर्मा को एक लाख रुपए घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। राकेश कुमार की लिखित शिकायत पर शिक्षा विभाग के प्रधान लिपिक अशोक वर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। वहीं किशनगंज में निगरानी की टीम ने एक अमीन को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। महानंदा बेसिन परियोजना के सर्वेक्षण विभाग में अस्थायी कर्मचारी निरंजन कुमार को गुरुवार सुबह एक लाख रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा है। मामला महानंदा नदी पर बांध निर्माण से जुड़ा है।

# ड्यूटी के दौरान मेकअप और रील बनाने पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार पुलिस मुख्यालय ने महिला पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को ड्यूटी के दौरान मेकअप करने से परहेज़ करने का सख्त निर्देश जारी किया है। यह कदम बल के भीतर अनुशासन को सख्ती से लागू करने की मंशा से उठाया गया है। गुरुवार को एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। एडीजी (कानून व्यवस्था) पंकज दराड़ के कार्यालय से जारी इस आदेश में कहा गया है कि हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो और फोटो वायरल हुए जिनमें महिला पुलिसकर्मी ड्यूटी के दौरान भारी मेकअप और गहनों में रील बनाते हुए नजर आईं। इसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए कार्रवाई की बात कही गई है। पुलिस मुख्यालय ने स्पष्ट किया है कि ये गतिविधियां कर्मियों का ध्यान उनके कर्तव्यों से भटकाती है और विभाग की छवि पर भी असर डालती है। यह निर्देश पुरुष पुलिसकर्मियों पर भी लागू होगा, जिनसे ड्यूटी के दौरान निर्धारित वर्दी नियमों का पालन करने को कहा गया है। मुख्यालय ने स्पष्ट किया है कि निर्देशों की अवहेलना करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी। सभी एसपी, एसएसपी, डीआईजी और आईजी स्तर के अधिकारियों को निर्देश की कॉपी भेज दी गई है और आदेश को सख्ती से लागू कराने के निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी क्षेत्र में निर्देशों का पालन नहीं होता है तो संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलबी भी की जा सकती है।

## मुख्यमंत्री ने कई विकास योजनाओं का किया स्थल निरीक्षण

# एलिवेटेड पथ का जल्द कराएं कार्यारंभ : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को राजगीर खेल परिसर में निर्माणाधीन क्रिकेट स्टेडियम का स्थल निरीक्षण किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन राजगीर क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में अधिकारियों से पूरी जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि राजगीर क्रिकेट स्टेडियम में 40 हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था रहेगी। इस स्टेडियम में खिलाड़ियों तथा दर्शकों की मूलभूत सुविधाओं, मीडिया गैलरी के साथ ही हर प्रकार की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य सुनिश्चित कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन क्रिकेट स्टेडियम का निरीक्षण करने के पश्चात् राजगीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में अधिकारियों ने



मुख्यमंत्री को राजगीर में चल रहे विकास कार्यों, राजगीर को सम्पर्कता प्रदान करने वाले वैकल्पिक पथों के निर्माण तथा राजगीर क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण कार्य की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां चल रहे विकास कार्यों एवं राजगीर को वैकल्पिक सम्पर्कता प्रदान करने वाले पथों के निर्माण कार्य में तेजी लायें ताकि यथाशीघ्र कार्य पूर्ण हो सके। इससे पूर्व पटना से राजगीर जाने के क्रम में मुख्यमंत्री ने नालंदा जिला अन्तर्गत प्रस्तावित सालेपुर से राजगीर बुद्ध सर्किट फोर लेन पथ निर्माण के एलायनमेंट का सालेपुर मोड़ एवं बेलऊआ में स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रस्तावित पथ के एलायनमेंट में पड़ने वाले रेलवे (शेष पृष्ठ 10 पर)

# सूबे के दक्ष युवाओं को नौकरी दिलवा रही बिहार सरकार

**देश की 80 नामचीन कंपनियां कैंप लगाकर युवाओं के बीच बांट रही नौकरी, 10 हजार से अधिक युवाओं को जॉब देने की योजना**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य सरकार सूबे में तकनीकी रूप से दक्ष बेरोजगार युवाओं को देश की नामचीन कंपनियों में नौकरी दिलाने का अवसर लेकर आयी है। राजधानी के वेटनरी कॉलेज के समीप दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान में श्रम संसाधन विभाग की तरफ से कौशल विकास मिशन के तहत गुरुवार से छह दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। इस रोजगार मेले में देश की 80 नामचीन कंपनियों 10 से 15 जुलाई तक आयोजित 'मेगा जॉब फेयर-2025' में योग्य युवाओं का चयन कर उन्हे ऑनस्पॉट नियुक्ति पत्र उपलब्ध करा रही है। इस जॉब फेयर में तकनीकी, गैर तकनीकी, 10वीं, 12वीं पास, आइआइटी, डिप्लोमा, पॉलिटेक्निक, बी-टेक, एमबीए व अन्य स्नातक युवाओं को नौकरियां उपलब्ध कराई जा रही है। इस रोजगार मेले के माध्यम से दस हजार से भी अधिक युवाओं को नौकरी उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 10 जुलाई की दोपहर तक करीब 50 हजार युवा निबंधन करवा चुके हैं। इस जॉब फेयर का उद्घाटन करते हुए श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद ने कहा कि श्रम संसाधन विभाग ने कौशल विकास मिशन के तहत इस जॉब फेयर का आयोजन किया है। इस जॉब फेयर में देश की लगभग 80 नामचीन कंपनियां शिरकत कर रही हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार की सुबह तक 35 हजार से भी अधिक युवाओं ने यहां अपना निबंधन करा लिया है। जॉब फेयर भाग लेने वाली कंपनियों में एमआरएफ लिमिटेड, अरविन्द लिमिटेड, आमधेन प्राइवेट लिमिटेड, टीम प्लस एचआर सर्विस प्रा. लि., 2050 हेल्थ केयर, पीआर स्किल वेंचर, बीमा बाजार, निमसन हर्बल, सुधीर फाउंडेशन, केपीआर मिल लिमिटेड, परम कॉर्पोरेट, जोमेटो लिमिटेड समेत कई बड़ी कंपनियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कंपनियां वैसे युवाओं को जॉब ऑफर कर रही हैं जो तकनीकी रूप से दक्ष हैं। ऐसे युवाओं का ये कंपनियां मौके पर ही काउंसिलिंग भी कर रही हैं।

# पुनरीक्षण रोकवाने की विपक्ष की मंशा पर सुप्रीम कोर्ट ने फेरा पानी: मंगल पाण्डेय

**कोर्ट पर दबाव बनाने के लिए ही विपक्ष ने किया था बंद का नाटक**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने बिहार में चुनाव आयोग द्वारा कराए जा रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य के जारी रखने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण कार्य रोकवाने की विपक्ष की मंशा पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश से पानी फिर गया है। बिहार में फिलहाल करीब 7 करोड़ 89 लाख वोटर हैं। करीब 65 फीसदी वोटर का सत्यापन हो चुका है। इसमें से करीब 4 करोड़ 96 लाख वोटर 2003 के वोटर लिस्ट में भी शामिल थे। उनका वेरिफिकेशन नहीं करना है। यानी बाकी बचे 2 करोड़ 93 करोड़ वोटरों का ही वेरिफिकेशन किया जाना है। श्री पांडेय ने कहा कि विपक्ष की असली चिंता घुसपैठिए और डुप्लीकेट वोटरों को बचाने की है। जब पूर्व से ही तय था कि गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनाई करेगा, तब फिर एक दिन पहले बुधवार को बिहार की सड़कों पर उपद्रव मचाने का क्या औचित्य था? दरअसल सभी संवैधानिक संस्थाओं से लेकर न्यायालयों तक पर अविश्वास करने वाला विपक्ष सुप्रीम कोर्ट पर दबाव बनाना चाहता था। श्री पाण्डेय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने विपक्ष के तमाम बे-सिर पैर की दलीलों को दरकिनार कर यह माना है कि चुनाव आयोग अपने संवैधानिक दायित्वों के तहत ही मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य कर रहा है। अब अगर विपक्ष में नैतिक बल हो तो उसे घुसपैठिए और फर्जी वोटरों को हटाने के इस अभियान में चुनाव आयोग का साथ देने की घोषणा करनी चाहिए।

# बी डी कॉलेज में नये कुलपति का स्वागत और प्राचार्य का विदाई समारोह संपन्न

**कुलपति प्रो उपेन्द्र सिंह और प्राचार्य प्रो विवेकानंद सिंह के सम्मान में आयोजित हुआ कार्यक्रम**


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बी डी कॉलेज में आज एक भावनात्मक और गरिमामय वातावरण में स्वागत-सह-विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो उपेन्द्र सिंह का भव्य स्वागत किया गया। वहीं प्रो विवेकानंद सिंह को बी आर अंबेडकर विश्वविद्यालय में स्थायी प्राचार्य के रूप में चयनित होने पर विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता प्रति कुलपति प्रो गणेश महतो ने की जिन्होंने नये कुलपति से शिक्षण, अनुसंधान और प्रशासनिक सुधारों को लेकर विश्वविद्यालय परिवार की आशाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के नवगठित नेतृत्व से सकारात्मक परिवर्तन की उम्मीद है। साथ ही उन्होंने प्रो. विवेकानंद सिंह को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष प्रो. राजीव रंजन ने कहा कि नये कुलपति के आगमन से कार्य संस्कृति में जो बदलाव दिखाई दे रहा है, वह विश्वविद्यालय के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने भी बी डी कॉलेज के प्राचार्य को भावी उत्तरदायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालयों के निरीक्षक प्रो कृष्णनंदन प्रसाद ने कुलपति के स्वागत में अपने विचार रखते हुए कहा कि उनका प्रशासनिक अनुभव विश्वविद्यालय के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। एस यू कॉलेज, हिलसा के प्रभारी प्राचार्य प्रो. गडकर ने कुलपति की विशिष्ट कार्यशैली का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका कार्य अनुशासन, समर्पण और दूरदृष्टि का परिचायक है। अंत में बी डी कॉलेज के प्राचार्य प्रो विवेका नंद सिंह ने सभागार में उपस्थित सभी शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रवि रंजन ने किया।

# जूडो-कराटे आत्मरक्षा, ऊर्जा और रोजगार का माध्यम: डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रेम कुमार ने गुरूवार को जूडो और कराटे प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए युवाओं से इस खेल को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में जूडो और कराटे केवल खेल नहीं, बल्कि आत्मरक्षा, शक्ति और सफलता का मार्ग है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा जूडो-कराटे युवाओं और युवतियों दोनों के लिए स्फूर्ति, सुरक्षा और आत्मबल का प्रतीक है। यह खेल व्यक्ति को इस योग्य बनाता है कि वह बिना किसी हथियार के भी कई दुश्मनों का अकेले मुकाबला कर सके। खासकर बेटियों के लिए यह समय की मांग है। कराटे की ट्रेनिंग लेने वाली लड़कियां आज किसी भी मनचले को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम हैं। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि जूडो और कराटे अब केवल भारत ही नहीं, बल्कि ओलंपिक, एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि बिहार सरकार ने भी खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए मेडल लाओ, नौकरी पाओ जैसी योजना शुरू की है जिससे राज्य के युवाओं को प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की खेलो इंडिया योजना भी युवाओं को खेल में करियर बनाने का सुनहरा अवसर दे रही है। मंत्री ने बदलते समय की मानसिकता को रेखांकित करते हुए कहा एक समय था जब कहा जाता था, पढ़ोगे-लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे होगे खराब, लेकिन आज खेल के क्षेत्र में लोग अरबों-खरबों की संपत्ति कमा रहे हैं और देश-दुनिया में अपना नाम रोशन कर रहे हैं।

# सीएमआर चावल आपूर्ति की तिथि बढ़ने पर डॉ. प्रेम कुमार ने भारत सरकार को दिया धन्यवाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत सीएमआर (चावल) की आपूर्ति की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2025 तक बढ़ाने के लिए भारत सरकार के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने इसे राज्य के किसानों, सहकारी समितियों एवं व्यापार मंडलों के लिए बड़ी राहत बताया है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि हमने भारत सरकार से समय विस्तार का अनुरोध किया था ताकि पैक्सों और व्यापार मंडलों द्वारा अधिप्राप्त धान का चावल रूपांतरण पूर्ण हो सके और उसकी आपूर्ति राज्य खाद्य निगम को की जा सके। भारत सरकार ने हमारी मांग को स्वीकार कर यह जनहित में सराहनीय निर्णय लिया है। मैं इसके लिए केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी का विशेष धन्यवाद करता हूं। उल्लेखनीय है कि बिहार सरकार की ओर से सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार एवं खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने केंद्रीय खाद्य, उपभोक्ता मामले तथा सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी से भेंट कर तिथि विस्तार का औपचारिक अनुरोध किया था। इससे पहले सीएमआर (चावल) की आपूर्ति की अंतिम तिथि 15 जून 2025 निर्धारित थी। किन्तु निर्धारित अवधि तक केवल 22.06 लाख मीट्रिक टन चावल ही आपूर्ति हो सकी थी, जबकि कुल 26.61 लाख मीट्रिक टन चावल की आपूर्ति का लक्ष्य था। शेष 4.56 लाख मीट्रिक टन चावल की आपूर्ति नहीं होने से लगभग 1500 करोड़ रुपये की राशि सहकारी बैंकों की अवरुद्ध हो जाने की संभावना बन गई थी। साथ ही संबंधित पैक्सों एवं व्यापार मंडलों पर विफल संस्था घोषित होने का संकट मंडरा रहा था। डॉ. प्रेम कुमार ने उम्मीद जताई कि विस्तारित तिथि तक सभी पैक्स और व्यापार मंडल समर्पण में शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करेंगे, जिससे न केवल किसानों की मेहनत सफल होगी, बल्कि सहकारी व्यवस्था पर भरोसा भी मजबूत होगा। राज्य सरकार ने चावल की आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु भारतीय खाद्य निगम के नामित पदाधिकारी के साथ संयुक्त जाँच कर भौतिक सत्यापन रिपोर्ट भी भारत सरकार को भेजी थी। उसी के आधार पर यह तिथि विस्तार संभव हो सका। सहकारिता मंत्री ने सभी जिलों के अधिकारियों, पैक्सों तथा व्यापार मंडलों से अपील की कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं और निर्धारित समय सीमा के भीतर शेष चावल की आपूर्ति हर हाल में पूर्ण करें।

# राहुल गांधी की राजनीति पूरी तरह नकारात्मक : गिरिराज सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा के फायरब्रांड नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार में कराए जा रहे मतदाता सूची गहन पुनरीक्षन को लेकर विपक्ष के रवैए पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे जहां-जहां हारते हैं, वहां मतदाता अधिकार छीने जाने का रोना रोते हैं। गिरिराज सिंह ने गुरुवार को पटना एयरपोर्ट पर मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि राहुल गांधी बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के लिए लड़ रहे हैं। वह देशद्रोही ताकतों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की राजनीति पूरी तरह नकारात्मक है और वे देश को 90 के दशक की अव्यवस्था में लौटाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी डमी संविधान की किताब लेकर घूमते हैं, वे वास्तव में संविधान की रक्षा नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में अगर कोई संविधान की रक्षा कर रहा है तो वह नरेंद्र मोदी हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी जैसे लोग संविधान के लिए खतरा है। देश को उनसे संविधान को बचाने की जरूरत है। वहीं तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कन्हैया कुमार और पप्पू यादव को राहुल गांधी के रथ पर नहीं चढ़ने देना उनका अपमान है, जो पूरी तरह गलत है।

# सड़क पर नियम तोड़ने वाले 578 चालकों का लाइसेंस निलंबित

**ट्रैफिक पुलिस से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर परिवहन विभाग ने की कार्रवाई**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजधानी पटना में ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करके वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई शुरू हो गई है। ट्रैफिक पुलिस की सख्त चौकसी का ही नतीजा है कि इस वर्ष जनवरी से जून तक ट्रैफिक के नियमों को दरकिनार कर बेतरतीब तरीके से वाहन चलाने वालों पर लगातार कार्रवाई हो रही है। जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष जनवरी से जून के बीच ट्रैफिक पुलिस ने कुल 988 वाहन मालिकों का ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने का प्रस्ताव भेजा है। इनमें से 578 वाहन मालिकों का डीएल निलंबित करते हुए शोकॉज जारी किया गया है। वहीं, डीटीओ कार्यालय की ओर से लगभग 900 वाहनों को चिन्हित करते हुए उनका निबंधन रद्द करने से पहले शो-कॉज किया गया है। इन वाहन मालिकों से जवाब आने के बाद इनकी समीक्षा करके कार्रवाई की जाएगी। इन वाहन मालिकों के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर जानकारी भेजी जा रही है।

**कब होती है डीएल निलंबन की कार्रवाई**

डीटीओ से मिली जानकारी के आधार पर बार-बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने या जांच के दौरान वाहन के कागजात और डीएल सही न पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई होती है। यदि जांच के दौरान डीएल पहले से ही निलंबित पाया जाता है तो ट्रैफिक पुलिस वाहन मालिक पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाती है। ड्राइविंग लाइसेंस को न्यूनतम तीन से छह महीने के लिए निलंबित किया जा सकता है। पटना डीटीओ उपेन्द्र कुमार पाल ने कहा कि जिले में अधिकतर युवा लापारवाही से गाड़ी चलाते हैं जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। डीटीओ ने वाहन मालिकों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि वे यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए जाएंगे तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसमें डीएल निलंबन और निबंधन रद्द करने जैसी कार्रवाई शामिल हो सकती है।

**पटना डीटीओ से छह महीने में 30 डीएल रद्द**

बीते छह महीने में लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने 30 से अधिक वाहन मालिकों के डीएल रद्द करने की कार्रवाई को मंजूरी दी है। दरअसल, डीएल निलंबित या रद्द करने से पहले लाइसेंसिंग प्राधिकरण दोनों पक्षों को सुनता है जिसके बाद अंतिम फैसला डीटीओ लेते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियां विपक्ष की भावनाओं के अनुरूप : राजद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजद ने कहा है कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण पर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जो टिप्पणियां की है उससे चुनाव आयोग बेनकाब हो गया है। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता पुनरीक्षण के लिए आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, वोटर आइडी कार्ड और राशन कार्ड को भी शामिल करने का सुझाव दिया है। विपक्ष लगातार इसकी मांग करता आ रहा है। इससे जो लोग गरीब-गुरबों, दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के नाम मतदाता सूची से हटाने की मंसूबे पाले हुए थे उन्हें गहरा सदमा लगेगा। राजद प्रवक्ता ने कहा कि सुनवाई के दौरान शीर्ष न्यायालय की यह टिप्पणी कि जो डाक्यूमेंट चुनाव आयोग द्वारा मांगा जा रहा है, वो मेरे पास भी नहीं मिलेगा। चुनाव आयोग के असली चेहरे को उजागर करने के लिए काफी है। विपक्ष लगातार इस सवाल को उठाते रहा है जिसे न्यायालय ने भी स्वीकार किया है। चित्तरंजन गगन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कुछ सवालों पर स्पष्टीकरण मांगा गया है और अगली सुनवाई के लिए 28 जुलाई का डेट निश्चित किया है। इस पर भाजपा और एनडीए नेताओं की प्रतिक्रिया 'अपने आप मुंह चीढ़ाने' वाली कहावत को हीं चरितार्थ कर रहा है।

# महिलाओं के लिए सार्वजनिक स्थलों पर बनेंगे पिंक टॉयलेट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सार्वजनिक क्षेत्र से कार्यस्थल तक महिलाओं की सुरक्षा एवं संरक्षा के उद्देश्य से बिहार सरकार द्वारा निकायों में पिंक टॉयलेट का निर्माण शुरू कर दिया गया है जिसका संचालन एवं उपयोग महिलाओं के द्वारा ही किया जाएगा। सरकार ने महिलाओं को सार्वजनिक स्थलों पर यौन उत्पीड़न एवं हिंसा से सुरक्षा प्रदान करने और उनके स्वास्थ्य व गरिमा को अक्षुण्ण रखने के लिए सुरक्षित और निजी स्वच्छता सुविधाओं से युक्त पिंक टॉयलेट उपलब्ध कराने की पहल की है। वित्त वर्ष 2025-26 के बजट भाषण में राज्य सरकार ने महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट स्थापित करने की घोषणा की थी।

उक्त घोषणा के तहत महिलाओं के लिए राज्य के विभिन्न शहरों में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के तहत कुल 10 निकायों में 70 सीटों के पिंक टॉयलेट की स्थापना की जा रही है। इसके अतिरिक्त राज्य योजना से भी 06 नगर निकायों में 30 सीटों की पिंक टॉयलेट बनाई जाएगी। पिंक टॉयलेट के निर्माण के लिए कुल 2.50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। राज्य में बड़े पैमाने पर उच्च कोटि की स्वच्छता और अन्य सुविधाओं से युक्त पिंक टॉयलेट स्थापित किए जा रहे हैं जिसका पिंक रंग केवल महिलाओं के उपयोग हेतु उपलब्ध टॉयलेट को पहचानने में सहायक होगा।

नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री जिवेश कुमार ने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य एवं गरिमा को अक्षुण्ण रखने और महिला सशक्तीकरण के लिए सुरक्षित, निजी सुरक्षा और स्वच्छता का होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं और लड़कियों को उच्च कोटि की निजी स्वच्छता सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में पिंक टॉयलेट एक नवीन पहल है। इस पिंक टॉयलेट में सभी जरूरी सुविधाएं यथा बिजली, पानी, साफ-सफाई के साथ-साथ मुख्य रूप से सेनेटरी पैड की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने बताया कि जिन नगर निकायों मे पिंक टॉयलेट की स्थापना की जानी है उनमें गयाजी नगर निगम, मुजफ्फरपुर नगर निगम, बिहारशरीफ नगर निगम, पूर्णिया नगर निगम, सासाराम नगर निगम, सीतामढ़ी नगर निगम, राजगीर नगर परिषद, बोधगया नगर परिषद, सुल्तानगंज नगर परिषद, भभुआ नगर परिषद और बड़हिया नगर परिषद, बक्सर नगर परिषद, जाले नगर परिषद, सिंहवाड़ा नगर पंचायत, कमतौल-अहियारी नगर पंचायत और देव नगर पंचायत शामिल हैं।

# तेजस्वी यादव मुझे रोकने वाले होते कौन हैं : पप्पू यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध में महागठबंधन के बिहार बंद के दौरान पूर्णिया सांसद पप्पू यादव और कांग्रेस के युवा नेता कन्हैया कुमार को राहुल-तेजस्वी के ट्रक पर चढ़ने से रोकने को लेकर सूबे का सियासी पारा चढ़ा हुआ है। भाजपा और जदयू सहित पूरा एनडीए इसे महागठबंधन की आंतरिक कलह बता रहा है। सियासी गलियारों में चर्चा है कि तेजस्वी यादव से अदावत के कारण इन दोनों नेताओं को ट्रक पर एंट्री नहीं मिली। इस घटनाक्रम को लेकर सत्तापक्ष पप्पू यादव पर तंज कस रहा है। पप्पू यादव के समर्थक भी इसे अपने नेता का अपमान मान रहे हैं। इसको लेकर अब सोशल मीडिया पर पप्पू यादव का एक बयान बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें पूर्णिया सांसद तेजस्वी यादव पर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। वायरल वीडियो में पप्पू यादव कह रहे हैं कि 'इसका परिचय क्या है? लालू यादव का बेटा है, बस ना।' उन्होंने कहा कि 'आज लालू यादव का नाम हट जाए, साया हट जाए, कुत्ता पूछ ले ना।' पप्पू यादव ने कहा 'मुखिया चुनाव जीतेंगे। लालू यादव के बेटे का नाम हट जाएगा तो।' सोशल मीडिया पर इस वीडियो पर लोग अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि धक्का खाने के बाद पप्पू यादव को अक्ल आ गई है। वहीं एक निजी चैनल से बातचीत में भी पप्पू यादव ने तेजस्वी यादव पर जमकर भड़ास निकाली।

# राजद के लोग फिर से बिहार में जंगलराज लाना चाहते हैं : अरुण भारती

**लालू-राबड़ी राज में भी 'भूराबाल' साफ करो का नारा दिया जाता था**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** लोजपा (रा) ने राजद विधायक के सामने 'भूराबाल' साफ करो का नारा दिये जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे लालू -तेजस्वी की पार्टी द्वारा बिहार में जंगल राज लाने की मंशा करार दिया है। पार्टी प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के बहनोई सांसद अरुण भारती ने गुरुवार को कहा राजद के विधायक के सामने ऐसी बातें कही गई। लालू-राबड़ी राज में भी ऐसी ही बातें कही जाती थी। एक बार फिर भूरा बाल साफ करो कहने का मतलब है कि ये लोग फिर से बिहार में जंगल राज लाना चाहते हैं। बता दें कि गयाजी जिले के अतरी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में राजद विधायक के सामने भूराबाल साफ करो का नारा लगा जिसका वीडियो वायरल है। वहीं, बिहार में कानून व्यवस्था ध्वस्त होने को लेकर चिराग द्वारा उठाये गए सवाल का अरुण भारती ने बचाव करते हुए कहा कि अपराध की जो घटनाएं हुई है उन घटनाओं पर सरकार कार्रवाई कर चुकी है। आगे भी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि हम लोग तो सवाल उठाते रहेंगे, लेकिन मामलों में कार्रवाई हो रही है यह संतोषप्रद स्थिति है। उन्होंने कहा कि नालंदा में जो पासवान समुदाय के लोगों की हत्या हुई है, मैं खुद वहां जा रहा हूं और पूरे मामले में हमें खुद जाकर देखेंगे। हमारे नेता ने भी पूरे मामले में संज्ञान में लिया और सरकार से इस पूरे मामले में कार्रवाई करने को कहा था। कन्हैया कुमार और पप्पू यादव को राहुल गांधी के साथ रथ पर नहीं चढ़ने दिए जाने पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पुरानी प्रवृत्ति रही है। सीताराम केसरी के साथ क्या हुआ नरसिम्हा राव के साथ क्या हुआ? उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जब उपयोगिता खत्म हो जाती है तो उस नेता को इसी तरह वे लोग नजरअंदाज कर देते हैं। राहुल गांधी इसी परंपरा को आगे ले जा रहे हैं। महागठबंधन का हिस्सा होकर बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के पशुपति पारस के फैसले और बिहार बंद में शामिल रहने पर अरुण भारती ने कहा कि पारस तो राहुल गांधी के साथ नहीं दिखे। अरुण भारती में महागठबंधन में पशुपति पारस को तरजीह नहीं दिए जाने की ओर इशारा किया।

# बिहार प्रादेशिक अग्रवाल महिला सम्मेलन का सावन मिलन महोत्सव कल दादी मंदिर में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार प्रादेशिक अग्रवाल महिला सम्मेलन का सावन मिलन समारोह कल शनिवार को बैंक रोड शक्तिधाम स्थित दादी जी मंदिर में दिन में दो बजे से आयोजित किया जाएगा। महोत्सव का उद्घाटन बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष अमर अग्रवाल करेंगे। अग्रवाल महिला अध्यक्ष डॉ गीता जैन ने बताया कि इस मौके पर बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज की महिलाएं कई रंगारंग कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगीं। इस मौके पर सावन नृत्य, रैंप वॉक, मेहंदी सहित कई तरह के रंगारंग कार्यक्रम और गेम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस संबंध में बिहार प्रदेश प्रादेशिक अग्रवाल महिला सम्मेलन की अध्यक्ष डॉ गीता जैन ने बताया कि सावन महोत्सव में समाज की महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार की हस्त निर्मित वस्तुओं की बिक्री हेतु स्टॉल भी लगाएं जाएंगे। गीता जैन ने बताया कि सावन के महीने का महिलाओं के लिए खास महत्व है। श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-आराधना का विशेष विधान है। सावन में सोमवार व्रत का सर्वाधिक महत्व बताया जाता है। दरअसल श्रावस मास भगवान भोलेनाथ को सबसे प्रिय है। इस माह में सोमवार का व्रत और सावन स्नान की परंपरा है। शिव पुराण के अनुसार जो कोई व्यक्ति इस माह में सोमवार का व्रत करता है भगवान शिव उसकी समस्त मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं।

**पटना वीमेंस कॉलेज में 'स्वाहा: इन द नेम ऑफ फायर' की विशेष स्क्रीनिंग**

# बिहार की महिलाओं को समर्पित ऐतिहासिक आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार की सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना को उजागर करने वाली पहली पूर्णतः मगही भाषा में बनी फिल्म 'स्वाहा: इन द नेम ऑफ फायर' की विशेष स्क्रीनिंग आज पटना वीमेंस कॉलेज के प्रतिष्ठित वेरोनिका ऑडिटोरियम में हुई। यह आयोजन बिहार में इस फिल्म की पहली औपचारिक प्रदर्शनी थी और खासतौर पर राज्य की कामकाजी महिलाओं को समर्पित किया गया था। स्क्रीनिंग का विधिवत शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के मुख्य सूचना आयुक्त त्रिपुरारी शरण के साथ, गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में परवेज अख्तर वरिष्ठ थिएटर डायरेक्टर, स्मिता कुमारी, डीन आर्ट्स एंड ह्यूमेनिटीज, पटना वीमेंस कॉलेज के द्वारा संयुक्त रूप से की गयी।

उक्त अवसर पर बिहार के मुख्य सूचना आयुक्त त्रिपुरारी शरण ने कहा कि सिनेमा कला के एक माध्यम के रूप में समाज को प्रतिबिम्बित करता है। यह एक सशक्त माध्यम है किसी फिल्म को कहने का। उन्होंने कहा कि फिल्म 'स्वाहा: इन द नेम ऑफ फायर', मुंबईया सिनेमा नहीं है, मगर इसे बेहद गहराईयों से बहुत सोच-समझ कर बनाया गया है। यह आम फिल्मों से हट कर है जिसमें आज हमारे समाज में औरतों का स्टेट्स क्या है, इस लाइन पर यह फिल्म केन्द्रित है। सबों को यह फिल्म देखनी चाहिए। मेरी बहुत सारी शुभकामनाएं हैं। मैं फिल्म के निर्देशक अभिलाष शर्मा और निर्माता विकास शर्मा को कहूंगा कि इस फिल्म को हर प्लेटफॉर्म पर दिखाएं। प्रजना फिल्म्स द्वारा निर्मित फिल्म 'स्वाहा: इन द नेम ऑफ फायर' का निर्माण बिहार (राजगीर और गयाजी) में किया गया है और यह एक ऐसी महिला की मार्मिक कहानी को बयां करती है जो भय, चुप्पी और सामाजिक अन्याय के खिलाफ संघर्ष करती है।

# प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ताओं और पैनलिस्टों की अहम बैठक संपन्न



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में राष्ट्रीय प्रवक्ता और बिहार के एआईसीसी मीडिया कॉर्डिनेटर अभय दुबे के नेतृत्व में पार्टी के प्रवक्ताओं, पैनलिस्टों की अहम परिचर्चा, बैठक, प्रशिक्षण संपन्न हुई। इस मौके पर नेशनल मीडिया पैनलिस्ट प्रेमचंद मिश्र और मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने भी सभी प्रवक्ताओं और पैनलिस्टों को विस्तार से समसामयिक मुद्दों और बिहार के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की जिसमें सभी के सवालों और सुझावों को शामिल किया गया।

इस दौरान प्रवक्ताओं और पैनलिस्टों को वरिष्ठ नेताओं ने अहम सुझाव और निर्देश भी दिए। प्रवक्ताओं को प्रमंडलों की जिम्मेदारी देने के साथ उन्हें संबंधित प्रमंडलों में अहम मुद्दों पर संवाददाता सम्मेलन भी करने का निर्णय लिया गया।

## गुप्ताधाम में विधि व्यवस्था व श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक

# गुफा के अंदर प्रचुर मात्रा में ऑक्सीजन उपलब्ध कराने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में श्रावण मास के अवसर पर गुप्ताधाम में विधि-व्यवस्था संधारण एवं श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्था, तैयारी आदि के संबंध में निरीक्षण भवन दुर्गावती, चेनारी में समीक्षात्मक बैठक की गयी। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक रोहतास, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोहतास, उप विकास आयुक्त रोहतास, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी रोहतास, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी रोहतास, गुप्ता धाम पूजा समिति के अध्यक्ष एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों तथा स्थानीय जन प्रतिनिधियों के द्वारा भाग लिया।



समीक्षात्मक के क्रम में निम्नांकित दिशा निर्देश जिला पदाधिकारी रोहतास के द्वारा दिया गया। गुप्ता धाम पूजा समिति के अध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि सावन माह में गुप्ता धाम जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगभग हजारों में होती है जिसके मद्देनजर पूजा समिति द्वारा लगभग 80 वॉलंटियर (स्वयंसेवक) विभिन्न स्थानों पर कार्यरत रहते हैं। उक्त संदर्भ में जिला पदाधिकारी रोहतास के द्वारा इसे गंभीरता से लेते हुए पूजा समिति के अध्यक्ष को निर्देशित किया गया कि वॉलंटियरों की संख्या 100 रखी जाए ताकि श्रद्धालुओं की समस्याओं को कम किया जा सके। गुप्ता धाम में कार्यरत वॉलंटियरों का नाम / पता एवं मोबाइल नंबर प्रशासन को दिया जाए। ताकि प्रशासन के द्वारा उन्हें पहचान लिया जाए तथा पूजा समिति के अध्यक्ष को सुझाव दिया गया कि वॉलंटियरों को एक निश्चित पहचान पत्र भी निर्गत किया जाए। गुफा के अंदर प्रचुर मात्रा में ऑक्सीजन उपलब्ध कराने का निर्देश सिविल सर्जन, रोहतास को दिया गया। गुप्ता धाम गुफा के अंदर शिवलिंग पर श्रद्धालुओं से केवल जल चढ़ाने का अपील किया गया है। फूल एवं बेलपत्र के उपयोग नहीं करना है। गुप्ता धाम में बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। गुप्ता धाम के भगवान शिव मंदिर के मुख्य द्वारा के आसपास ही दान पेटी रखा जाए एवं उसके आस-पास सी.सी.टी.वी लगाने का निर्देश दिया गया जिससे दानदाताओं को कठिनाई का सामना न करना पड़े। गुप्ताधाम में जगह-जगह आवश्यकतानुसार बैरिकेटिंग लगाने का निर्देश दिया गया। भगवान शिव मंदिर के मुख्य द्वार से 50 मीटर की दूरी पर बैरीकेटिंग कर वॉलेंटियरों को कार्यरत करने को कहा गया, ताकि श्रद्धालुओं को भीड़ की समस्या से निजाद दिलाया जा सके। भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस एवं प्रशासन द्वारा भी मौजूद रहेंगे जिसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम को निर्देश दिया गया है कि वो इसके लिए मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे। गुप्ता धाम के कैंपस में महिलाओं एवं पुरूषों के लिए अलग कम-से-कम पांच शौचालय का, नये चापाकल का निर्माणधीन, पुराने चापाकल का मरम्मतिकरण, साफ-सफाई आदि की व्यवस्था हेतु कार्यपालक अभियंता, पी.एच.इ.डी को निदेशित किया गया। सफाई के लिए कार्यपालक पदाधिकारी को दिशा-निर्देश दिया गया। गुप्ताधाम में हेल्पडेस्क बनाया जाएगा।

# कुछ लोग वोट का अधिकार छीनना चाहते हैं : मुकेश साहनी

## गुरु पूर्णिमा के अवसर पर डिहरी ऑन-सोन में भगवान वेद व्यास पूजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** एनीकट स्थित वेदव्यास मंदिर के प्रांगण में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भगवान वेद व्यास ट्रस्ट के तत्वावधान में भगवान वेद व्यास पूजन सह जयंती समारोह, सोन नद पूजन और नई किरण प्रतियोगिता परीक्षा 2025 का पुरस्कार वितरण समारोह बड़े उत्साह के साथ ट्रस्ट के अध्यक्ष राम लखन चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मंच का संचालन जितेंद्र कुमार उर्फ लल्लू चौधरी ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विकासशील इंसान पार्टी के सुप्रीमो और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री मुकेश साहनी ने अपने संबोधन में बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा की और शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा ऐसे आयोजन न केवल बच्चों की प्रतिभा को निखारते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भगवान




वेद व्यास और सोन नद के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए हमें अपनी सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि आज देश और दुनिया तथा बिहार की जनता वीआईपी पार्टी की ओर देख रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि राजा का बेटा राजा नहीं होगा, इसके लिए उन्होंने संविधान का निर्माण किया, उन्होंने वोट का अधिकार दिलाया। आज देश का बदलाव वोट के कारण हुआ है आज कुछ लोग वोट का अधिकार छीनना चाहते हैं दलित पिछड़ा तथा गरीबों का वोट को काटकर यहां अपनी सरकार बनना चाहते हैं आप लोग वोट की रक्षा करें। वही महाराष्ट्र में वोट बढ़ाकर वहां पर सरकार को छीन लिया गया। जदयू के वरिष्ठ नेता डॉ निर्मल कुशवाहा ने वेदव्यास को भगवान का दर्जा दिया। कार्यक्रम में स्थानीय बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य, गायन और समाज को जागरूक करने वाले प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किए जिन्हें उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। नई किरण प्रतियोगिता परीक्षा 2025 के परिणामों की घोषणा भी इस अवसर पर की गई जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

# छापेमारी में एक किलोग्राम अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि गाड़ी संख्या 12817 अप (झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस) के कोच संख्या बी3 बर्थ संख्या 39 पर यात्रा कर रहे यात्री द्वारा भारी मात्रा में अफीम ले जाया जा रहा है। उक्त सूचना पर उक्त गाड़ी के अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन प्लेटफार्म संख्या दो पर आने के उपरांत उप निरीक्षक कुमार गौरव, सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी, आरक्षी अभिमन्यु सिंह, आरक्षी अजीत कुमार, आरक्षी आलोक कुमार सिंह सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन सोन एवं एनसीबी पटना के अधिकारी साथ स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी की गई तो उक्त गाड़ी के



कोच संख्या बी3 बर्थ संख्या 39 पर यात्रा कर रहे यात्री अफसर हुसैन उम्र 44 वर्ष पिता मनौवर हुसैन निवासी मुजफ्फराबाद मकान संख्या 104 शाहदरा दिल्ली थाना शाहदरा जिला शाहदरा को एक किलोग्राम अफीम के साथ पकड़ा गया जिसका अनुमानित कीमत करीब 100000/-रुपए है जिसे उक्त गाड़ी से सही सलामत उतार कर विधिक कार्रवाई करते हुए उक्त के पास से बरामद अफीम के बाबत मौके की समस्त कागजी कार्यवाही करते हुए बरामद अफीम को जब्त किया गया। अफीम तस्कर अफसर हुसैन के विरुद्ध उप निरीक्षक मणि भूषण कुमार एनसीबी टीम पटना द्वारा दिए गए शिकायत पत्र के आधार पर एन.डी.पी. एस. एक्ट के उचित धारा में कांड पंजीकृत करते हुए अन्य सभी उचित कार्रवाई कर अग्रिम कार्रवाई वास्ते जब्त अफीम व गिरफ्तार अभियुक्त अफसर हुसैन को प्रिंसिपल एन. डी.पी.एस. सेशन कोर्ट औरंगाबाद के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु ले जाया गया ।

## गुरु पूर्णिमा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रसाद वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित साईं मंदिर मेउड़ा में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। स्थानीय गायकों ने सुरीले भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को भक्तिभाव से भर दिया। दिनभर चले कार्यक्रम में काफी संख्या में दूर-दराज से श्रद्धालु उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मंदिर समिति के अध्यक्ष रवीन्द्र रौशन, सचिव निर्मल जायसवाल, कोषाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, पिंटू सिंह, रामचंद्र पासवान, संजय पासवान समेत सभी सदस्य श्रद्धालुओं के सेवा में कार्य कर रहे थे।

# टॉप टेन अपराधी राकेश सिंह उर्फ राकेश राय गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले के सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मंडल कारा के पास से टॉप टेन में शामिल कुख्यात अपराधी राकेश सिंह उर्फ राकेश राय को गिरफ्तार किया गया है।

एसपी रौशन कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि भैंसही गांव के राकेश ने अपने गांव निवासी कमलेश राय को भूमि विवाद में गत 10 दिसंबर को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया था। घटना के बाद राकेश सिंह उर्फ राकेश राय गिरफ्तारी के डर से फरार हो गया था। उन्होंने बताया कि वह कुख्यात अपराधकर्मी है। इसके विरूद्ध हत्या, लूट, डकैती, रंगदारी व पुलिस पर हमला के एक दर्जन से अधिक प्राथमिकी है। उन्होंने बताया कि इसकी गिरफ्तारी के लिए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी-दो सासाराम कुमार वैभव के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था जिसमें सासाराम मुफस्सिल थाना व तकनिकी सहायता के लिए जिला आसूचना इकाई की टीम को भी शामिल किया गया था। उन्होंने बताया कि गठित टीम को गत 9 जून को सूचना के आलोक में सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्रांतर्गत मण्डलकारा के पास से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कुख्यात अपराधी राकेश सिंह उर्फ राकेश राय ने पूछताछ में पूर्व के कई काण्डों का खुलासा किया है जिसमें साक्ष्यानुसार कार्यवाही की जा रही है। एसपी ने बताया कि इसके गिरफ्तारी में शामिल गठित टीम के सदस्यों को पुरस्कृत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके विरुद्ध सासाराम मुफस्सिल थाना, अकोढ़ी गोला, सासाराम नगर, डिहरी नगर थाना में एक दर्जन संगीन अपराध की प्राथमिकी है। प्रेस वार्ता में एसडीपीओ सासाराम 2 कुमार वैभव, सासाराम मुफस्सिल थानाध्यक्ष रौशन कुमार उपस्थित थे।

## गोलीबारी के दो आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अनुमंडल के अकोढीगोला थाना क्षेत्र के दयाल फॉर्म के पास गत 7 जुलाई को भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट व गोलीबारी की घटना में शामिल दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। एसपी रौशन कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस घटना के संबंध में ग्राम सुपा बिगहा के महेश सिंह एवं अन्य व्यक्तियों को नामजद कर प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। उन्होंने बताया कि इस काण्ड की गंभीरता को देखते हुए काण्ड में संलिप्त नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी दो वंदना के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था जिसमें थानाध्यक्ष अकोढ़ीगोला के अलावा तकनिकी सहायता के लिए जिला आसूचना इकाई की टीम को भी शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि गठित पुलिस टीम के द्वारा फरार नामजद अभियुक्तों के संबंध में सूचना संकलित की गई एवं तकनिकी विश्लेषण के उपरांत गत 9 जुलाई की रात्रि में सुपा बिगहा में छापामारी की गई जहां से मुख्य अभियुक्त महेश सिंह व एक अन्य अभियुक्त दीनानाथ पासवान को गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ के क्रम में बताया कि अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र के दयाल फॉर्म के करीब 250 बीघा जमीन को लेकर इस घटना को अंजाम दिया गया था। घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं घटना में उपयोग किये गये आग्नेयास्त्रों की बरामदगी के लिए छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों की आपराधिक इतिहास के संबंध में जांच की जा रही है।

# आर-पार की लड़ाई में कौन होगा विजेता, फैसला आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** डिहरी प्रखंड के दरिहट पंचायत में सरपंच पद के लिए उपचुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। वहीं आज दोनों उम्मीदवारों का भाग्य का फैसला होगा। किसके हिस्से में कितने वोट आएगा आज देखना काफी दिलचस्प होगा। दोनों प्रत्याशियों का किस्मत का ताला खुलेगा। कौन विजेता मुकुट पहनेगा? इस बार मतदाता वोट के लिए उत्साह नहीं दिखा। मतदान सुबह सात बजे से शुरू हुआ। मतदान की रफ्तार धीमी रही। मतदान के शुरू होने के दो घंटों में यानी नौ बजे तक करीब 9 फीसदी मतदान हुआ था। मतदान केंद्रों पर सन्नाटा पसरा था। मतदान केंद्र खाली रहा। मतदाता आते रहे और अपना वोट देकर निकलते रहे। दिन चढ़ने के साथ-साथ मतदान की रफ्तार थोड़ी बढ़ी। इसके बावजूद मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लाइन नहीं दिखी। लोगों ने बताया कि उपचुनाव कम समय के लिए हो रहा है। लोगों में उत्साह कम दिख रहा है। वही खेती के समय होने के कारण लोगों की व्यस्तता अधिक है। किसान खेत के काम में व्यस्त है। उन्हें बूथ जाने का समय नहीं है। डिहरी प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि दरिहट उपचुनाव के 3936 मतदाताओं ने वोट किया। मतदान 41.3 फीसदी हुआ। मतगणना शुक्रवार यानी आज डिहरी प्रखंड मुख्यालय पर किया जायेगा। बता दे कि पंचायत में कुल मतदाताओं की संख्या 9530 थी।

# जीविका ग्राम संगठन का निर्माण मनरेगा योजना से करायें : डीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** चेनारी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत उगहनी में महात्मा गांधी नरेगा योजना से निर्मित जीविका ग्राम संगठन भवन का उद्घाटन जिला पदाधिकारी उदिता सिंह के द्वारा किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त विजय कुमार पाण्डेय भी उपस्थित रहे। जीविका ग्राम संगठन भवन का प्राक्कलित राशि 16 लाख 25 हजार रूपये है। विभाग द्वारा निदेशित किया गया है कि सभी प्रखण्डों में कम-से-कम 2 जीविका ग्राम संगठन का



निर्माण मनरेगा योजना से कराया जाये। जीविका ग्राम संगठन भवन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिला स्वयं सहायता समूहों और उनके संघों को एक सशक्त और स्थायी मंच प्रदान करना है। इसका उपयोग विभिन्न सामुदायिक गतिविधियों और विकास कार्यक्रमों के संचालन के लिए किया जाता है। जीविका ग्राम संगठन भवन का उद्देश्य-यह भवन महिला स्वयं सहायता समूहों की बैठकों, प्रशिक्षण सत्रों, कार्यशालाओं आदि के आयोजन के लिए उपयोग होता है। यहां एसएचजी सदस्य सामुदायिक निर्णय लेती है और अपने संगठनात्मक कार्यों का प्रबंधन करती है। यह भवन एक सूचना केंद्र के रूप में कार्य करता है जहां सरकारी योजनाओं, कार्यक्रमों और जीविका से जुड़ी जानकारी दी जाती है। स्वयं सहायता समूह के सामूहिक व्यवसायों (जैसे कृषि, पशुपालन, हस्तशिल्प आदि) को संगठित और सुदृढ़ बनाने में यह भवन सहायक है। यह भवन महिलाओं को एक मंच देता है जिससे वे आत्मनिर्भर बनें, नेतृत्व क्षमता विकसित करें और सामाजिक मुद्दों पर आवाज उठा सकें।

## पिकअप चोरी मामले में तीन धराए, पिकअप जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र के डंगरी गांव के पास एनएच 30 पर खड़ी एक पिकअप के चोरी के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से पिकअप भी जब्त कर लिया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि पिकअप को बेचने के लिए रोहतास जिला के चेनारी थाना के एक कबाड़ी में ले गए थे। सूचना पर पुलिस ने पिकअप को जब्त कर मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

# जान से मारने की धमकी देने वाले की गिरफ्तारी की मांग

## प्राध्यापक व पत्रकार संगठन ने बैठक कर की कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** महाराणा प्रताप कॉलेज के भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष व जिले के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. लक्ष्मण शरण सिंह को धमकी देने वाले की गिरफ्तार करने की मांग तेज हो रही है। शिक्षक व पत्रकार संगठनों ने अलग-अलग बैठक कर ऐसी घिनौनी हरकत की निंदा की और इस मामले में कठोर कार्रवाई करने की पुलिस से अपील की। दोनों संगठनों से जुड़े दर्जनों लोगों ने कहा कि यदि ऐसे सिरफिरे युवक की गिरफ्तारी नहीं हुई तो ये लोग इसके खिलाफ आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे। एक शिक्षण संस्थान में अपराधिक तत्वों की प्रवेश कराने पर चिंता व्यक्त की गई। जगदेव मेमोरियल कॉलेज के सभाभवन में हुई बैठक की अध्यक्षता प्रो. परमहंस सिंह व संचालन संजय कुमार सिंह ने किया जिसमें प्रो. दामोदर शर्मा, प्रो. हरिद्वार सिंह, प्रो. इमराम अंसारी, प्रो. राधेश्याम पांडेय, डॉ. नरसिंह पाल, सूर्यबंश सिंह, कुंदन प्रसाद मौर्य, सावंत कुमार, दिनेश कुमार सिंह समेत दर्जनों कर्मी उपस्थित थे जबकि पत्रकारों की हुई बैठक की अध्यक्षता अशोक कुमार पांडेय व संचालन संजय कुमार सिंह ने किया जिसमें सत्येंद्र कुमार सिंह, विनोद सिंह, रंजन त्रिगुण, उपेन्द्र कुमार सिंह, मनु कुशवाहा समेत कई पत्रकार उपस्थित थे।

# आयोजन को लेकर अ.क.स की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले की अग्रणी सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था अभिनव कला संगम की बुधवार की संध्या एक महत्वपूर्ण बैठक स्वर्गीय मनीष कुमार सिंह सभागार में आयोजित की गई जिसमें ऑल इंडिया डांस कंम्पीटिशन जो कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित की जाएगी। संस्था के सचिव नंदन कुमार ने बताया कि अभिनव कला संगम के द्वारा अखिल भारतीय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक वर्ष होता है जिसमें देश के विभिन्न राज्यों सहित जिले के नृत्य कलाकारों को संस्था द्वारा एक बेहतर और निष्पक्ष मंच उपलब्ध कराता है। वहीं कलाकारों को अपने कला प्रदर्शन में नृत्य कलाकारों को एक मनोनुकूल माहौल प्रदान करता है। इसके साथ ही बालिकाओं के लिए निर्धारित आयु सीमा के अंतर्गत फैशन शो का भी आयोजन किया जाएगा। भारतीय क्रिकेट जगत से सनसनी करने वाले आकाशदीप के विदेश की धरती पर ऐतिहासिक जीत दिलाने में उनके महत्वपूर्ण उपलब्धि पर केक काटकर आपस में एक दूसरे को बधाई दिए। बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए जिसमें होने वाले नृत्य प्रतियोगिता की कार्यक्रम में खेल और नृत्य संगीत के क्षेत्र से कई बड़ी हस्तियां मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। बैठक के दौरान उपस्थित सदस्य एवं पदाधिकारी में संस्थापक सदस्य जीवन प्रकाश गुप्ता, ददन प्रसाद सिंह, अध्यक्ष संतोष सिंह, सचिव नंदन कुमार, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार, कलाम हाशमी, अरुण शर्मा, विजय चौरसिया, मनोज पांडे, अजय सिंहा, जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू, सुनील कुमार उर्फ पिंटू, आकाश कुमार, सिंटू कुमार, मनीष कुमार सिंह, राहुल कुमार, भोला कुमार, शुभम सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।


## शपथ पत्र

मैं रिंक देवी पति-अजय कुमार यादव, ग्राम-नरसिहा पो.-चौखड़ा, थाना-औरंगाबाद, जिला-औरंगाबाद (बिहार) शपथ एवं निष्ठा पूर्वक बयान करती हूं कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूं। मेरा आधार कार्ड संख्या- 6024 2888 5001 है जिसमें मेरा नाम रिंक देवी (RINK DEVI) अंकित है। भारतीय निर्वाचन पहचान पत्र में मेरा नाम रिंकी देवी (RINKI DEVI) अंकित है।

रिंक देवी (RINK DEVI) एवं रिंकी देवी (RINKI DEVI) दोनों मेरा ही नाम है। मैं उक्त दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती हूं। इस नाम से मेरे गांव में अन्य कोई दूसरी महिला नहीं है। मैं अपने पति के दोनों नामों के सत्यापन हेतु यह शपथ पत्र कर रही हूं। शपथ पत्र संख्या-14622- दिनांक-02/07/25 है।

शपथकर्ता
रिंकी देवी

## पूर्व रेलवे

**निविदा सं. एसडीएसटीई-टीटीआर-टीडब्ल्यूएस-एएसटीई-बीडब्ल्यूएन-25, दिनांक: 08.07.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए **निविदा सं. एसडीएसटीई-टीटीआर-टीडब्ल्यूएस-एएसटीई-बीडब्ल्यूएन-25** के तहत खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम:** अनुसूची-ए-पीडब्ल्यूपी 31064-टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी)-50 सेट (60 केजी 1 इन 12) के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। अनुसूची-बी-टीएसआर पी 31.932 टीकेएम बाली-शक्तिगढ़ के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। अनुसूची-सी-टीएसआर पी 10.871 टीकेएम बर्द्धमान-खाना डाउन 1, शक्तिगढ़-बर्द्धमान अप कॉर्ड के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। **निविदा का प्रकार:** खुली। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 2,29,11,756.09, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 2,64,600/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 18.07.2025, **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** 08.07.2025, 18.00 बजे। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 01.08.2025, 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

HWH-183/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू

**-: LHDCP अन्तर्गत Brucellosis Phase IV टीकाकरण अभियान 2025-26 का सफल कार्यान्वयन :-**

पलामू जिला के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि बाछियों में होने वाले Brucellosis रोग से निजाद पाने हेतु दिनांक 19.07.2025 से पलामू जिला के सभी ग्रामों में निःशुल्क Brucellosis टीकाकरण अभियान Round IV 2025-26 प्रारम्भ हो रही है। यह टीका सिर्फ 04 से 08 माह के बाछियों को लगया जाता है।

टीका लगाने हेतु आपके घर पर आये हमारे टीकाकर्मी भाईयों से अपने सभी पशुओं में निःशुल्क टैग लगवाते हुए भारत पशुधन ऐप में अपने पशुओं का निबंधन भी करवाना चाहेंगे। पशुओं के निबंधन के समय आपके मोबाईल फोन पर एक ओ0टी0पी0 आता है जिसे हमारे टीकाकर्मी भाई के साथ साझा करने के पश्चात ही पशु का निबंधन भारत पशुधन ऐप पर होना संभव हो सकेगा इसलिए आप सभी पशुपालन हमारे टीकाकर्मी भाई के साथ ओ0टी0पी0 भी साझा करना चाहेंगे।

अतः सभी पशुपालक बंधु से अनुरोध है कि दिनांक 19.07.2025 से प्रारम्भ हो रही निःशुल्क Brucellosis टीकाकरण एवं टैगिंग का लाभ लेने हेतु संबंधित प्रखण्ड के पशुपालन पदाधिकारी से संम्पर्क कर अपने पशुओं को टीका एवं टैग लगवाकर इस रोग से मुक्त रखना चाहेंगे

निवेदक –
जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू

PR 356957 Animal Husbandry(25-26)#D

## कार्यालय :- कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू
योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर पलामू - 822101

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति**
सामयिक सूचना अंक – 03/2025-26

प्रिय किसान बंधुओं, सभी को जोहार!

मक्का एक बहुउपयोगी फसल है। इसमें प्रचूर मात्रा में कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है जिसके कारण इसका उपभोग मनुष्य के साथ-साथ पशु आहार के रूप में भी किया जाता है। अतः इस फसल को उचित देखरेख की आवश्यकता है ताकि कीट/व्याधि मुक्त उचित उत्पादन प्राप्त किया जा सके।

मुख्य कीट :

1. तना छेदक : यह कीट फसल लगने के आरंभ से ही आक्रमण करता है एवं अत्यधिक क्षति करता है। इस कीट का शिशु (इल्ली) तना में छेद कर इसके आंतरिक भाग को नुकसान पहुंचाता है जिसके कारण तना के अग्र भाग की बढ़ोतरी रुक जाती है एवं यह मुरझाकर सूख जाता है जिसे "DEAD HEART" कहते है।
   नियंत्रण : दानेदार कीटनाशी फिपरोनील 3G या कारटाप हाइड्रोक्लोराइड 4G का व्यवहार (10-12 दाना) पत्तियों के ऊपरी चक्र (गब्भा) में करने से इसका नियंत्रण किया जा सकता है इमिडाकलोपरिड 17.8%SL (1-1.5 मि०ली०/लीटर पानी में घोल बना कर) आवशयकतानुसार छिड़काव किया जा सकता है।
2. फाल आर्मी वर्म (SPODOPTERA FRUGIPERDA) : यह एक प्रवासी कीट है जिसे भारत देश में वर्ष 2018 में देखा गया थाइस कीट की इल्ली अवस्था सबसे विनाशकारी है क्योंकि इल्ली के मुंह के हिस्से काटने वाले होते है। इल्ली के माथे पर एक विशिष्ट उल्टा Y चिन्ह होता है तथा शरीर पर काले धब्बे होते है। यह मक्का के पौधे (यथा तना ,पत्ते) को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर देते है।

प्रबंधन/नियंत्रण :


1. इस कीट के क्षति के लक्षण दिखाई देने पर N-S-K-E-5%(नीम चूर्ण) या अजेडिराकटीन 1500 P-P-M का 5 मि०ली०/लीटर पानी में घोल बना कर छिड़काव करें।
2. पत्तियों के ऊपरी चक्र (गब्भा) में रेत तथा चूना 9:1 की दर से भुरकाव करें।
3. रासायनिक नियंत्रण में थिओमेथॉक्साम12.6% लेम्डासाईहेलोथ्रीन 9.5% EC ,0.5 मि०ली०/लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।
4. मक्का का कटुआ कीट (Cut Worm)- यह एक काले रंग की सूंडी है। यह रात में नए पौधे के मिट्टी के पास से काट देती है एवं दिन में मिट्टी में ही छुपी रहती है।
   प्रबंधन/नियंत्रण :- खेत में बीज लगाने से पूर्व बीज उपचार अवश्य करें। थिओमेथॉक्साम 12.6% लेम्डासाईहेलोथ्रीन 9.5% EC ,0.5 मि०ली०/लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।
   मुख्य रोग : 1. हेलीमेंतहोसपोरईयम लीफ स्पॉट- पत्तियों पर लंबे अथवा नाव के आकार वाले भूरे कथयई रंग के धब्बे नजर आते है जिसका किनारा भूरे रंग का होता है एवं इसका मध्य भाग धीरे धीरे काले रंग में बदल जाता है।
   प्रबंधन/नियंत्रण : इससे बचाव हेतु बीज उपचार अवश्य करनी चाहिए। रोग ग्रस्त पौधा का उपचार ड़ाएथेन Z-78 या इंडोफिल M-45, 1 कि०ग्रा०/400 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ 7-10 दिनों के अंतराल में छिड़काव करना चाहिए।
2. शीथ ब्लाइट – इस रोग से ग्रस्त पौधों पर पत्तियों के आधार पर एवं भुट्टों के छिलकों पर हल्के नीले तथा राख जैसे धब्बे बनते है।
   नियंत्रण : कारबेंड़ाजिम 200 ग्रा०/हेक्साकोनाजोल 400मि०ली० ,400 लीटर पानी में घोल बना कर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव किया जा सकता है।

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी,
पलामू

PR 356970 District(25-26)#D

# जिलाधिकारी ने परिचारियों को किया नियुक्ति पत्र वितरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** 10 जुलाई 2025 को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में कार्यालय परिचारी/परिचारी (विशिष्ट) पद पर अनुशंसित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कुल 32 नवनियुक्त परिचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए उन्हें अपनी नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में कार्य करना एक जिम्मेदारीपूर्ण कार्य है, जिसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाया जाना चाहिए। उन्होंने सभी नवचयनित कर्मियों को अपने वरिष्ठों एवं पदाधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश भी दिया। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि कार्यालय परिचारी की भूमिका प्रशासनिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण होती है, और उनके कार्यों से कार्यालय कार्य प्रणाली में सुगमता आती है। उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि वे समयबद्ध, अनुशासित एवं सेवाभाव से कार्य कर एक उदाहरण प्रस्तुत करें। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनिल कुमार तिवारी, स्थापना प्रभारी डा. राजकुमार सिंहा, प्रधान लिपिक अरविन्द कुमार के साथ-साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नवादा।** मतदान केंद्रों के युक्तिकरण से संबंधित जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में आज राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक समाहरणालय सभागार में आहूत की गई। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 235-रजौली विधानसभा क्षेत्र में पूर्व अनुमोदित मतदान केंद्रों की कुल संख्या 338, युक्तिकरण के दौरान नए मतदान केंद्रों की संख्या 61, युक्तिकरण के पश्चात मतदान केंद्रों की कुल संख्या 399, 1200 के मानक से अधिक निर्वाचकों वाले कुल मतदान केंद्रों की संख्या 95 एवं 1200 के मानक से अधिक निर्वाचकों के आधार पर नव निर्मित मतदान केंद्रों की कुल संख्या 61 है। 236-हिसुआ विधानसभा क्षेत्र में पूर्व अनुमोदित मतदान केंद्रों की कुल संख्या 397, युक्तिकरण के दौरान नए मतदान केंद्रों की संख्या 88, युक्तिकरण के पश्चात मतदान केंद्रों की कुल संख्या 485, 1200 के मानक से अधिक निर्वाचकों वाले कुल मतदान केंद्रों की संख्या 94 एवं 1200 के मानक से अधिक निर्वाचकों के आधार पर नव निर्मित मतदान केंद्रों की कुल संख्या 88 है। 237-नवादा विधानसभा क्षेत्र में पूर्व अनुमोदित मतदान केंद्रों की कुल संख्या 373, युक्तिकरण के दौरान नए मतदान केंद्रों की संख्या 85, युक्तिकरण के पश्चात मतदान केंद्रों की कुल संख्या 458, 1200 के मानक से अधिक निर्वाचकों वाले कुल मतदान केंद्रों की संख्या 90 एवं 1200 के मानक से अधिक निर्वाचकों के आधार पर नव निर्मित मतदान केंद्रों की कुल संख्या 85 है। 238-गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व अनुमोदित मतदान केंद्रों की कुल संख्या 328, युक्तिकरण के दौरान नए मतदान केंद्रों की संख्या 76, युक्तिकरण के पश्चात मतदान केंद्रों की कुल संख्या 404, 1200 के मानक से अधिक निर्वाचकों वाले कुल मतदान केंद्रों की संख्या 96 एवं 1200 के मानक से अधिक निर्वाचकों के आधार पर नव निर्मित मतदान केंद्रों की कुल संख्या 76 है। 239-वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र में पूर्व अनुमोदित मतदान केंद्रों की कुल संख्या 362, युक्तिकरण के दौरान नए मतदान केंद्रों की संख्या 61, युक्तिकरण के पश्चात मतदान केंद्रों की कुल संख्या 423, 1200 के मानक से अधिक निर्वाचकों वाले कुल मतदान केंद्रों की संख्या 80 एवं 1200 के मानक से अधिक निर्वाचकों के आधार पर नव निर्मित मतदान केंद्रों की कुल संख्या 61 है। बैठक के दौरान दावा/आपत्ति (शिकायत/सुझाव) की विवरणी भी प्रस्तुत की गई। सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों का मतदान केंद्रों के युक्तिकरण से संबंधित फीडबैक लिया गया। 239-गोविंदपुर के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि मतदान केंद्र 318 पर कुल 1072 मतदाता हैं, दुमुहान से गुआघोघरा की दूरी लगभग 1.75 किलोमीटर है तथा पूर्व से मतदान के लिए मतदान केंद्र संख्या-317 उत्क्रमित मध्य विद्यालय गुआघोघरा पूर्वी भाग एवं 318 उत्क्रमित मध्य विद्यालय गुआघोघरा पश्चिमी भाग स्वीकृत है। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की गई कि अपने-अपने बीएलए को सक्रिय करें ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रह जाए।

# एमजीएम कॉलेज मामले में दिलीप जायसवाल त्याग पत्र दें : संजीव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बिहारशरीफ।** जनसुराज के जिला संगठन पदाधिकारियों ने आज पार्टी मुख्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर खुलासा किया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने किशनगंज स्थित माता गुजरी मेडिकल कॉलेज (सिख माइनॉरिटी कॉलेज) पर पिछले 25 वर्षों से कब्जा कर रखा है। इस बात की खुलासा करते हुए जिला अभियान समिति के संयोजक संजीव कुमार ने कहा कि माता गुजरी मेडिकल कॉलेज एमजीएम के संस्थापक सरदार मोलेश्वर सिंह है। उनके पुत्र करतार सिंह (आजीवन ट्रस्टी) और गुरुदयाल सिंह ट्रस्टी बनाए गए थे पर दिलीप जायसवाल ने ट्रस्ट एक्ट, रजिस्ट्रेशन एक्ट का उल्लंघन कर उन्हें धोखे से ट्रस्टी पद से हटा दिया। फिर स्वयं एमजीएम कॉलेज के डायरेक्टर बन गए जिसमें एक समय वो क्लर्क हुआ करते थे। ट्रस्ट में दो तिहाई (2/3) हिस्सा सिख समुदाय का होना चाहिए, लेकिन इसकी भी पूरी तरह से अनदेखी की गई है। जिला अभियान समिति संयोजक ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने पिछले 25 वर्षों से गैरकानूनी, अवैध तरीकों और हर स्तर पर अनियमितताओं के माध्यम से अल्पसंख्यक सिख कॉलेज पर कब्जा कर रखा है। करतार सिंह के जरिए उन्होंने पहले परिवार के दूसरे ट्रस्टी गुरुदयाल सिंह को ट्रस्ट से बाहर कराया और फिर खुद करतार सिंह पर दबाव बनाकर उन्हें किशनगंज छोड़ने पर मजबूर कर दिया। दिलीप जायसवाल पर कॉलेज से जुड़े राजेश साह की हत्या की साजिश रचने का भी आरोप है। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले की जांच की और दिलीप जायसवाल को क्लीन चिट दी, उनकी पत्नी ने उसी माता गुजरी कॉलेज से एबीबीएस की डिग्री हासिल की। जिला प्रवक्ता चंद्र उदय कुमार ने कहा कि इस पूरे मामले में जितने दोषी दिलीप जायसवाल हैं उतने ही जिम्मेदार राजद वाले भी है। ऐसा इसलिए क्योंकि दिलीप जायसवाल के कॉलेज पर कब्जा करने की शुरुआत राजद के कार्यकाल में ही हुई थी। 25 वर्षों में राजद ने इसपर कभी कोई सवाल नहीं उठाया क्योंकि राजद नेता राबड़ी देवी कहती है कि दिलीप जायसवाल उनके मुंह बोले भाई है। लालू के साले के परिवार के कई सदस्यों ने दिलीप जायसवाल के कब्जे वाले कॉलेज से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है। अनेक नेताओं और अफसरों के परिवार के सदस्यों को मैनेजमेंट कोटे से एडमिशन देकर एमबीबीएस की डिग्री दिलवाई गई है। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि जब व्यक्तिगत लाभ की बात आती है तो भाजपा, जदयू, राजद सभी हाथ मिला लेते हैं, जो इस मामले से स्पष्ट है। जनसुराज की मांग है कि कॉलेज के असली मालिक सरदार मोलेश्वर सिंह के परिवार को उनका हक मिले, राजेश साह की हत्या की दोबारा निष्पक्ष जांच हो और इस मामले की गंभीरता को देखते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल को तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

## चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत थाना के पुलिस ने चोरी की सामान बरामद कर ली है। इस घटना में संलिप्त एक आरोपी को बिंद बाजार से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि एक बालक को निरूद्ध किया गया। अपर थानाध्यक्ष मिलन कुमार राय ने बताया कि बीते 6 जुलाई को पोआरी गांव के एक दुकान में 120 ट्यूब की चोरी ली गई थी। जिसका प्राथमिकी दर्ज था। जिसमें 35 ट्यूब की बरामदगी हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार चोर रहुई थाना क्षेत्र के निजाय गांव के सदन राम के पुत्र अजय कुमार है, जो बिंद बाजार में चोरी का ट्यूब बेच रहा था। जहां से वह गिरफ्तार हुआ, जबकि एक बालक को निरुद्ध किया गया। बालक को बाल न्यायालय में पेश किया गया।

# बाबा मणिराम की समाधि पर डीएम व एसपी ने किया लंगोट अर्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** लोक आस्था और आध्यात्मिक परंपरा का प्रतीक बाबा मणिराम का सात दिवसीय मेला गुरुवार से प्रारंभ हो गया। मेले की शुरुआत जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा बाबा की समाधि पर पहला लंगोट अर्पण कर की गई। पुलिस के जवानों द्वारा सशस्त्र सलामी दी गई। मौके पर जिलाधिकारी कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बाबा की समाधि पर विधिवत पूजा-अर्चना कर पहला लंगोट चढ़ाया और जिलेवासियों की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि यह मेला आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। बाबा मणिराम सद्भाव, सेवा और समर्पण के प्रतीक रहे हैं, और उनकी परंपरा आज भी समाज को जोड़ने का कार्य कर रही है। यह मेला 17 जुलाई तक चलेगा, जिसमें देशभर के श्रद्धालु हिस्सा लेंगे और बाबा की समाधि पर लंगोट अर्पण कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। बाबा मणिराम की समाधि पर लंगोट चढ़ाने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसमें लोग अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की मन्नत मांगते हैं और पूर्ण होने पर लंगोट चढ़ाते हैं। इससे पहले जिला प्रशासन की ओर से अनुमंडल कार्यालय और पुलिस प्रशासन की ओर से नगर थाना परिसर से लंगोट यात्रा निकाली गई, जिसमें अधिकारी लंगोट को थाल में रखकर सिर पर धारण कर भक्तिमय वातावरण में बाबा के दरबार तक पहुंचे। वहां विधि-विधान के साथ पहला लंगोट अर्पित किया गया। मौके कर एसडीओ काजले वैभव नितिन, डीएसपी नुरुल हक, नगर थानाध्यक्ष सम्राट दीपक, सोहसराय थानाध्यक्ष राजमणि, लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक समेत कई प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौजूद थे। मेले को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा, सफाई, स्वास्थ्य और यातायात की समुचित व्यवस्था की है। पुलिस बलों की व्यापक तैनाती की गई है, ताकि कोई भी असामाजिक तत्व मेले की गरिमा को प्रभावित न कर सके। नगर निगम द्वारा पेयजल, शौचालय और 24 घंटे विद्युत आपूर्ति की म व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल टीम की तैनाती, एंबुलेंस की सुविधा और प्राथमिक उपचार केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। भीड़ प्रबंधन और निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष बनाया गया है।

# तेज रफ्तार वाहन की ठोकर से अधेड़ की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रजौली (नवादा)।** पटना-रांची एनएच 20 पर रजौली थाना क्षेत्र के कारीगांव टोल प्लाजा के पास गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार अधेड़ व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बहादुरपुर निवासी चनिरक चौधरी (55) के रूप में हुई है, जो रोज की तरह काम से लौट रहे थे। जैसे ही वे टोल प्लाजा पार कर कुछ आगे बढ़े, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने टोल प्लाजा के समीप एनएच-20 को करीब ढाई घंटे तक जाम कर दिया। लोग मृतक के परिजनों को मुआवजा देने और घटनास्थल पर फुट ओवरब्रिज या अंडरपास बनाने की मांग कर रहे थे। सूचना पर थानाध्यक्ष राजेश कुमार जा एम हटाने ग्रामीण को काफी देर तक मैं बुझाया जा रहा था। लेकिन लोग नहीं मान रहे थे जिसके बाद बीडीओ संजीव झा मौके पर पहुंचे। बीडीओ ने परिजनों को सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम हटाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस स्थान पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन अब तक कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने मांग की कि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए फुट ओवरब्रिज का निर्माण आवश्यक है।

# लोजपा नेता ने की पीड़ित परिवारों से मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नालंदा के डुमरावां गांव में रविवार को हुए दोहरे हत्याकांड के मामले में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जमुई सांसद सह बिहार संगठन प्रभारी अरुण भारती ने गुरुवार को पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। दीपनगर थाना क्षेत्र के इस दर्दनाक घटना में दो युवाओं की जान गई थी। सांसद अरुण भारती ने घटना की गंभीरता पर चिंता जताते हुए कहा कि यह मामला साधारण हत्याकांड नहीं लगता। उन्होंने कहा कि यहां दो परिवार हैं जहां दो एकदम नौजवान बच्चों की नृशंस हत्या की गई है। मुझे लगता है कि स्थानीय कुछ ताकतवर लोगों के संरक्षण में ही इस हत्या को अंजाम दिया गया है। घटना में मारे गए दोनों युवा दलित परिवारों से थे। 18 वर्षीय लड़का और 22 वर्षीय लड़की की हत्या के इस मामले में सामाजिक न्याय का सवाल भी उठ रहा है। सांसद अरुण भारती ने स्पष्ट किया कि यह मात्र हत्या का मामला नहीं है, बल्कि इसके पीछे अन्य कारण भी हो सकते हैं। लोजपा नेता ने बताया कि वे इस घटना के सारे साक्ष्य एकत्र करके प्रशासन को सौंपेंगे। उन्होंने कहा की हमारा ये लक्ष्य रहेगा कि दोषी किसी भी प्रकार से बच नहीं पाए। उन्होंने पुलिस जांच में किसी भी प्रकार की बाधा न डालने की अपील भी की। सांसद भारती ने कहा कि पुलिस का जो अनुसंधान चल रहा है, उसे चलने दिया जाए। उन्होंने विश्वास जताया कि पुलिस अपने अनुसंधान में सारी बातें सामने लाएगी और उसके हिसाब से ही दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## सीएम के संबोधन का सीधा प्रसारण आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)।** नारदीगंज प्रखंड के सभी पंचायतों में सीएम नीतीश कुमार का सीधा प्रसारण 11 जुलाई 2025 यानी शुक्रवार को होगा। वे इस प्रसारण के माध्यम से समाजिक सुरक्षा पेंशन की नई दर पेंशन राशि की जानकारी देंगे। बीडीओ सोनिया ढनढनिया ने कहा मुख्यमंत्री का सीधा प्रसारण के लिए नारदीगंज प्रखंड के 11 पंचायतों में स्थान चिन्हित कर दिया गया है। इसके लिए कर्मियों को भी प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा पंचायत सरकार भवन हंडिया, पंचायत भवन इचुआ करना,मनरेगा भवन ओड़ो, पंचायत भवन मसौढ़ा, बिस्कोमान भवन कोसला, सामुदायिक भवन नारदीगंज, पंचायत भवन ननौरा, पुस्तकालय भवन पेश, सामुदायिक भवन कहुआरा, सामुदायिक भवन परमा के अलावा पुस्तकालय भवन डोहरा में मुख्यमंत्री का सीधा प्रसारण होगा।

# गुरु पूर्णिमा के मौके पर सामूहिक यज्ञ का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पार नवादा नरेन्द्र शर्मा अधिवक्ता के निवास उपासना महिला मंडल की अध्यक्षा उर्मिला शर्मा के नेतृत्व में गुरु पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया गया। उक्त अवसर पर पंचकुडीय, गायत्री यज्ञ, गायत्री जाप, दीप यज्ञ, सामूहिक गायत्री मंत्र पाठ, हवन कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार की महिलाएं और पुरुषों की काफी संख्या रही। आज के कार्यक्रम में वरीय नागरिक संघ नवादा के बहुत सारे वरीय नागरिक उपस्थित होकर गुरु पूर्णिमा पर्व मनाए। कार्यक्रम में डॉ.सुबोध कुमार, प्यारे लाल, उमाशंकर रजक, अखिल राज, विवेक कुमार, रजनीश कुमार, ईशु वैष्णवी कुमारी, श्यामली कुमारी, साक्षी शर्मा, प्रज्ञा शर्मा, नव्या श्री, कृष्ण वैभव इत्यादि गायत्री परिवार के लोग उपस्थित हुए।

# नीतीश ने दिलाई बिहार को जंगलराज से मुक्ति : डॉ. सतीश कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** जदयू के नवादा जिला अभियान प्रभारी व गोविंदपुर विधानसभा से भावी विधायक प्रत्याशी डॉ. सतीश कुशवाहा का तूफानी दौरा इन दिनों लगातार कौआकोल प्रखण्ड में जारी है। गुरुवार को जदयू नेता डॉ. सतीश कुशवाहा ने प्रखण्ड के देवनगढ़ पंचायत के चोंगवा, पनसगवा, गुड़ीघाट समेत अन्य कई गांवों का दौरा कर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपलब्धियों पर लोगों से चर्चा करते हुए बिहार के विकास की गति को लगातार तेज करने के उद्देश्य से व स्वच्छ सुशासन बरकरार रखने के लिए ईमानदार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। उन्होंने मतदाताओं से सम्पर्क कर कहा कि नीतीश सरकार ने बिहार में विकास के नए नए कीर्तिमान स्थापित करने के साथ ही जंगलराज से मुक्ति भी दिलाने का काम किया है। यही कारण है कि आज बिहार की छवि पूरे विश्व में चमक रहा है। उन्होंने क्षेत्र में अब तक रहे विधायकों पर राजनीतिक रूप से हमला करते हुए क्षेत्र की अनदेखी करने का भी आरोप लगाया। वहीं इस दरम्यान जदयू नेता डॉ0 सतीश कुशवाहा ने मतदाताओं से बिहार में चल रहे मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य में भी बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए मतदाताओं से अपना अपना सत्यापन करवाने की अपील किया।

## मारपीट में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** थाना क्षेत्र के ननौरा गांव में बुधवार की शाम मारपीट की घटना हुई। इस बाबत रामस्वरूप रविदास का पुत्र प्रदीप कुमार ने थानाध्यक्ष को आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। कहा गया गांव में मेरा किराना दुकान है। वह दुकान मेरी पत्नी चला रही थी। इसी बीच गांव के मेरे पड़ोसी और दो अज्ञात व्यक्ति हथियार के साथ दुकान पहुंचे। मेरी पत्नी को अकेले में देखकर मारपीट की। दुकान का समान भी फेंक दिया है। इसके बाद उनलोगों ने मेरी पत्नी का जेवरात छीनकर व दुकान में रखे नकद राशि लेकर भाग गए। वह अपना बाइक को छोड़ कर भाग रहा था तभी उसका मोबाइल भी वही पर गिर गया है। थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी कहती है कि दूसरे पक्ष के लोग भी मारपीट करने का आरोप लगाया है। मामले की छानबीन की जा रही है। दोषियों पर अग्रेतर कार्रवाई होगी।

# तनपुरा में कैम्प लगाकर 61 लोगों का किया गया इलाज


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड की उकौड़ा ग्राम पंचायत के तनपुरा गांव में हेल्थ कैम्प लगाकर 61 लोगों का इलाज किया गया। सभी लोगों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें जरूरत की दवाएं दी गई। इस दौरान शुगर जांच भी की गई। इसीजी जांच भी की गई। इसके साथ ही अन्य जांच की भी व्यवस्था है। हेल्थ कैम्प की व्यवस्था से लोगों में काफी खुशी देखी गई। लोगों ने इस व्यवस्था की सराहना की। लोगों को मुफ्त में दवा भी दी गई। बताया गया कि उत्थान शिक्षा समिति को एसबीआई फाउण्डेशन, मुबंई के द्वारा सीएसआर अन्तर्गत बिहार राज्य के नवादा जिला के पकरीबरावां प्रखण्ड के कुल 20 ग्रामों में संजीवनी-क्लीनिक ऑन व्हील परियोजना के क्रियान्वयन हेतु चयन किया गया है। यह जिला एवं प्रखण्ड नीति आयोग के आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखण्ड हैं। परियोजना के अन्तर्गत ग्रामीण समुदाय के बीच जिला प्रशासन, सिविल सर्जन कार्यालय, प्रखण्ड कार्यालय, पीआरआई, स्वास्थ्य कर्मी, समुदाय के सहयोग एवं सहभागिता से ग्रामों का सर्वे, मोबाइल ओपीडी., स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, स्वास्थ्य जांच शिविर, निःशुल्क दवा वितरण, रेफरल सेवा, स्वच्छ भारत अभियान आदि हेतु कार्य किया जाना है। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक संदीप कुमार पांडेय, डॉ. गौरव कुमार, गौतम कुमार, लैब टेक्नीशियन शुभम कुमार, एएनएम संध्या कुमारी, एमएमयूओडी रोहित कुमार उपस्थित थे।

# अग्नि सुरक्षा को लेकर अग्निशमन कर्मियों ने किया मॉक ड्रिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रजौली।** अग्नि सुरक्षा को लेकर अनुमंडल अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने मॉक ड्रिल कर लोगों को जागरूक किया। अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने बताया कि अगलगी की घटना कोई भी मौसम में कभी भी हो सकती है। इसलिए अग्नि सुरक्षा को लेकर रजौली अनुमंडल क्षेत्र में 8 जगहों पर मॉक ड्रिल कर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही अग्नि सुरक्षा से संबंधित पंपलेट का भी वितरण किया गया। अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने बताया कि कहीं भी अगलगी की घटना होती है तो डायल 101 या 112 पर तुरंत सूचना दें। सूचना पर अग्निशमन विभाग की दमकल गाड़ी उक्त घटनास्थल पर तुरंत पहुंचकर आग को काबू पा सकेगी। मौके पर अग्निक चालक निशांत कुमार के साथ कई लोग उपस्थित थे।

# गुरू पूर्णिमा पर निर्धनों के बीच वस्त्र वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पकरीबरावां।** प्रखण्ड के मठ गुलनी स्थित स्वामी सर्वानंद शिष्य योग वेद प्रचार मंडल ट्रस्ट के द्वारा गुरुवार को गुरु पूर्णिमा आस्था के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन से किया गया। हवन कार्यक्रम में दर्जनों लोग शामिल हुए। इसके बाद प्रवचन के दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष देवेंद्र शास्त्री ने स्वामी सर्वानंद के बारे में कहा कि वे क्रांतिकारी विचारधारा वाले थे। मानवता की सेवा करना उनका परम उद्देश्य था। उनका ही अनुकरण कर एवं कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंदों के बीच वस्त्र एवं अन्य सामग्रियों का वितरण किया जाता है। बताया गया ट्रस्ट के संरक्षक सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद चौरसिया हैं। दयानंद मठ दीनानगर के बलविन्दर शास्त्री के निर्देशन में एवं आर्य समाज मठ गुलनी के प्रधान जयप्रकाश आर्य के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बीच मैट्रिक सहित विभिन्न वर्गों की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों के मनोबल को बढ़ाने के लिए उन्हें वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सैकड़ों जरूरतमंद बच्चों, महिलाओं एवं वृद्धों के बीच वस्त्र का वितरण किया गया। पकरीबरावां बाजार निवासी समाजसेवी राजेन्द्र प्रसाद के हाथों वस्त्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट की कोषाध्यक्ष सावित्री कुमारी, सचिव सुमिता कुमारी, डॉ. गनौरी चौधरी, दिनेश आर्य, डॉ. बभीषण, पिंटू कुमार, अशोक कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# राहुल रंजन बने पकरीबरावां के नए बीइओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पकरीबरावां।** प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी राहुल रंजन को पकरीबरावां के नए प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी का प्रभार दिया गया है। गुरुवार को उन्होंने बीआरसी में आकर अपना योगदान दिया। गौरतलब है कि पकरीबरावां के प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी सह प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी मिसिन्द्र पासवान का पदस्थापना अपने मूल जगह में हो जाने के कारण यह पद रिक्त हो गया था। बीआरसी पहुंचने पर शिक्षकों एवं बीआरसी के कर्मियों ने नए प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी का स्वागत किया। उन्हें बुके देकर स्वागत किया गया। इस बीच पूर्व प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी मिसिन्द्र पासवान ने अपना प्रभार नए प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी को सौंपा। इस अवसर पर बीआरसी के कर्मी राजकुमार सिंह, शिक्षक सुबोध कुमार, बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शंभु कुमार, विद्याभूषण दिनकर, प्रभात कुमार प्रभाकर सहित अन्य उपस्थित थे।

# बहादुरपुर में राज्यसभा सांसद ने कराई सार्वजनिक चापाकल की बोरिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रजौली।** प्रखंड के बहादुरपुर पंचायत के अदल बिगहा मोड़ स्थित बजरंगबली मंदिर के पास में गुरुवार को राज्यसभा सांसद डॉ भीम सिंह के द्वारा एक सार्वजनिक चापाकल का बोरिंग का शुभारंभ करवाया गया। बोरिंग करवाने पर बहादुरपुर के ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया। चंद्रवंशी चेतना मंच के प्रखंड अध्यक्ष सौरभ कुमार चंद्रवंशी के द्वारा पूजा-अर्चना कर ग्रामीणों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि गुरुवार से बोरिंग का कार्य का शुभारंभ हो गया है और अगले दो से तीन दिनों में उक्त जगह पर चापाकल लगा दिया जाएगा। बहादुरपुर के दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के दिनों में चापाकल नहीं होने से बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था। मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए पानी की व्यवस्था नहीं रहने के कारण काफी दिक्कतें होती थी। फोरलेन के पास चापाकल होने से आने-जाने वाले यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी। चापाकल लगने के बाद ग्रामीणों, राहगीरों एवं आने जाने वाले यात्रियों को पानी उपलब्ध हो सकेगा। मौके पर चंद्रवंशी चेतना मंच के जिलाध्यक्ष चंदन चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष अशोक सिंह, अजय किशोर सिंह, महामंत्री मनसा सिंह, चंदन कुमार, प्रवेश कुमार, पंकज कुमार, अमरजीत कुमार, अंकित सिन्हा, सनी वर्मा, अश्मित चंद्रवंशी के साथ दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### नैक प्रत्यायन को लेकर कुलपति प्रो एसपी शाही की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

# नैक मूल्यांकन को बताया विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा से जुड़ा सामूहिक दायित्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय में नैक (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) की प्रत्यायन प्रक्रिया को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो एसपी शाही की अध्यक्षता में यह बैठक अपराह्न 2:30 बजे मन्नूलाल सेंट्रल लाइब्रेरी स्थित सेमिनार हॉल में संपन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय मुख्यालय के सभी संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों तथा शिक्षकों की उपस्थिति रही। नैक प्रत्यायन को लेकर अब तक किए गए कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए कुलपति ने कहा कि यह प्रक्रिया केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, पारदर्शिता, अधोसंरचना, अनुसंधान और छात्रहित से जुड़ा संपूर्ण मूल्यांकन है। यह हमारी प्रतिष्ठा का मानदंड है। प्रो शाही ने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे नैक की तैयारियों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाएं। उन्होंने कहा कि यह कार्य किसी एक व्यक्ति या इकाई का नहीं, बल्कि पूरे विश्वविद्यालय समुदाय का साझा दायित्व है। हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। ताकि मगध विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर एक सशक्त पहचान और सम्मान मिल सके। बैठक के दौरान अब तक हुए कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ शेष कार्यों के क्रियान्वयन की स्पष्ट रूपरेखा भी तैयार की गई। नैक मापदंडों के अनुरूप विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक और भौतिक अधोसंरचना को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो ब्रजेश कुमार राय, आईक्यूएसी समन्वयक प्रो मुकेश कुमार, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो दीपक कुमार सहित कई शिक्षकों ने नैक से संबंधित विषयों पर अपने सुझाव दिए और तैयारियों को गति देने का संकल्प दोहराया। बैठक का उद्देश्य केवल आंतरिक मूल्यांकन नहीं था, बल्कि एक समग्र रणनीति तैयार करना था जिससे मगध विश्वविद्यालय राष्ट्रीय स्तर की उच्चतर शिक्षा संस्थाओं की श्रेणी में प्रतिष्ठा प्राप्त कर सके।

## मुंगेर विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारियों की बैठक एवं प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में गुरूवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारियों की विश्वविद्यालय स्तरीय बैठक एवं प्रशिक्षण सत्र का आयोजन सिंडिकेट सभागार में किया गया। बैठक का उद्देश्य एनएसएस की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करना एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो (डा) संजय कुमार ने की। बैठक में विशिष्ट रूप से क्षेत्रीय निदेशक विनय कुमार ने गूगल बैठक के माध्यम से जुड़कर मार्गदर्शन प्रदान किया। कुलसचिव डॉ घनश्याम राय तथा कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह भी मंच पर उपस्थित रहे। बैठक में विश्वविद्यालय के अधीनस्थ 30 महाविद्यालयों के एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक में कुल 9 बिंदुओं पर चर्चा की गई जिनमें स्वयंसेवकों की सूची, गोद लिए गांव/बस्ती, भारत पोर्टल पर पंजीकरण, वित्तीय स्थिति, अर्द्धवार्षिक प्रतिवेदन, महाविद्यालय स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक, सामाजिक माध्यम प्रबंधन, सुझाव एवं प्रशिक्षण प्रमुख रहे। कुलपति प्रो संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के सेमेस्टर -4 में 'एनएसएस' को पाठ्यक्रम के रूप में शामिल करने से विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता विकसित होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि एनएसएस की समस्त गतिविधियों को बैठक के बिंदुओं के अनुरूप महाविद्यालयों में प्रभावी रूप से लागू किया जाए।

## ट्रक लूट कांड के तीन आरोपित गिरफ्तार, गए जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** गुरुवार को कोंच पुलिस ने बीते दिनों ट्रक ड्राइवर के साथ हुए मारपीट एवं लूट कांड का उद्भेदन किया। घटना में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि बीते 13 जून 2025 को गुरारू अहियापुर मुख्य पथ के सियाडीह - अमरा गांव के बीच डाक स्थान के पास एक ट्रक चालक से कुछ लोगों ने मारपीट कर उसके पास से नगदी एवं मोबाइल सहित कुछ अन्य सामान लूट लिया था। जिसके बाद ड्राइवर के द्वारा अज्ञात युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। पुलिस कांड संख्या 318/25 दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी थी। घटना में शामिल पांच लोगों को चिन्हित किया गया जिसमें तीन आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों में विमल कुमार पिता नन्द यादव ग्राम मंगरौर, पंकज कुमार पिता राम जतन यादव तथा धर्मेश कुमार उर्फ गोलू पिता राम दयाल यादव दोनों के ग्राम खैरा का नाम शामिल है। वहीं, अन्य दो आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है।

## युवती लापता, युवक पर अपहरण का मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के कुरमावां पंचायत के एक गांव से एक 23 वर्षीय युवती लापता हो गई है जिसके अपहरण का मामला दर्ज गुरुवार को किया गया। पुलिस ने बताया कि युवती के परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर शादी की नीयत से अपहरण करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवती के परिजनों की शिकायत पर गांव के एक युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि युवक ने शादी की नीयत से युवती का अपहरण किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और युवती की तलाश कर रही है।

## बोधगया मठ में गुरु पूर्णिमा पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री डॉ. प्रेम कुमार

### गुरु-शिष्य परंपरा को बताया भारतीय संस्कृति की आत्मा, गुरुओं के प्रति व्यक्त की कृतज्ञता


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार को बोधगया स्थित ऐतिहासिक बोधगया मठ में एक भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बिहार सरकार के सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने विशेष रूप से भाग लिया। मठ परिसर में डॉ. प्रेम कुमार ने परंपरागत विधि से पूजा-अर्चना की तथा महंत सत्यानंद गिरी, महंत विवेकानंद गिरी और महंत त्रिवेणी गिरी से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल पर्व नहीं, यह आत्मा को जाग्रत करने वाला एक उजास है जो हमें श्रद्धा, विनम्रता और कृतज्ञता से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति गुरु-शिष्य परंपरा की वाहक रही है, जहाँ महर्षि वेदव्यास, भगवान महादेव, भगवान बुद्ध, श्रीराम और श्रीकृष्ण जैसे महापुरुषों ने ज्ञान की मशाल जलाकर मानवता का मार्ग प्रशस्त किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कबीर, मीराबाई और संत रविदास के संदर्भों को उद्धृत करते हुए गुरु के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में जिले भर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से पप्पू चंद्रवंशी, मुकेश शर्मा, विकास कुमार, मुन्नीलाल, करुणा सिंह, कृष्णा साहू, रौनक सेठ, वसंत परमार, मिथिलेश मांझी, संतोष सिंह, रणजीत सिंह, वाहिद अली, राजू सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, राजेश चौधरी, बबलू उत्तम, नरेश कौतु, अनिल पासवान, संजय सिंह, पुष्पा सिंह, नीलम मिश्रा, विकास चंद्रवंशी, सुधांशु मिश्रा, दिवाकर पाण्डेय, निरंजन कुमार, वेद प्रकाश, शिवा मांझी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति की आत्मा : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रेम कुमार ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर समाज, शिक्षा और संस्कृति में गुरु की भूमिका को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है। यह वह दिन है जब हम उन गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं जिन्होंने हमारे जीवन को अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश से आलोकित किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा 'गुरु पूर्णिमा वह एकमात्र पर्व है जो पूर्णिमा के दिन आता है- पूर्णता, समर्पण और प्रकाश का प्रतीक। अन्य तिथियां एकादशी, द्वादशी या चतुर्दशी पर आती हैं, लेकिन गुरु पूर्णिमा पूर्ण चंद्र की भांति हमारे जीवन में पूर्ण ज्ञान का संचार करती है। उन्होंने वेदों, उपनिषदों और पौराणिक परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि देवों के देव महादेव से लेकर भगवान बुद्ध और महर्षि वेदव्यास तक की गुरु परंपरा हमारी सांस्कृतिक विरासत की नींव रही है। डॉ. कुमार ने कहा आज ही के दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था जिन्होंने महाभारत जैसे महाग्रंथ की रचना कर मानवता को धर्म, ज्ञान और भक्ति का मार्ग दिखाया। अपने संबोधन में उन्होंने संत कबीर, मीराबाई और संत रविदास जैसे संतों की वाणी को उद्धृत करते हुए गुरु की महिमा को सर्वोच्च बताया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गुरु ही ब्रह्मा, गुरु ही विष्णु और गुरु ही महेश हैं। गुरु ही साक्षात परमब्रह्म होते हैं और उन्हीं के चरणों में विनम्र श्रद्धा ही सच्चा आचरण है। उन्होंने यह भी कहा कि ज्ञान पाना है तो विनम्रता और सेवा से ही गुरुओं से सीखना होगा। उद्दंड और अहंकारी कभी ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकते। डॉ. कुमार ने यह भी रेखांकित किया कि गुरु-शिष्य परंपरा केवल अध्यात्म तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन के हर क्षेत्र में हमें दिशा देती है – चाहे वह शिक्षा हो, विज्ञान हो, समाज हो या राष्ट्र निर्माण। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने शिक्षकों और मार्गदर्शकों का सम्मान करें, क्योंकि वही हमें सच्चे अर्थों में जीवन जीने की कला सिखाते हैं।

## सांसद ने टनकुप्पा में हरी झंडी दिखाकर किया दून एक्सप्रेस ठहराव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**टनकुप्पा (गयाजी)।** बहु प्रतीक्षित मांग हावड़ा देहरादून ट्रेन का टनकुपा में ठहराव की मांग आज पूरी हुई। केंद्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद जीतन राम मांझी ने 6 वर्ष से अधिक की मांग ट्रेन का ठहराव पर हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। विगत कई वर्षों से यात्रियों की मांग थी कि हावड़ा देहरादून ट्रेन टनकुपा में पुनः रुके इस ट्रेन के रुकने से कहीं न कहीं स्थानीय यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा। यह ट्रेन एक दूसरे को महानगर से जोड़ती है कामकाजी व्यक्ति पुलिस व महिला छात्र विद्यार्थी और मजदूरी करने वाले लोगों को इसका लाभ मिलेगा। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने साथ ही आश्वस्त किया कि टनकुप्पा अंडरपास भी स्वीकृत हो गया है वह भी जल्द ही धरातल पर उतरेगा। ताकि लोगों को इसका समुचित लाभ मिल सके। लगभग प्रखंड के प्रतिष्ठित मुख्यालय उत्तरी क्षेत्र में रहने की वजह से दक्षिण क्षेत्र में रहने वालों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता था। आरक्षित टिकट प्रणाली की स्थापना और राजगीर कोडरमा पैसेंजर ट्रेन का टनकुप्पा में ठहराव आदि की मांग लोगों ने रखा है। साथ ही लोगों ने जीतन राम मांझी को समस्या से मुक्ति के लिए धन्यवाद भी किया। संघर्ष समिति के अध्यक्ष नंदलाल मांझी ने कहा कि सभी के सहयोग व समर्थन सही या संभव हो पाया है स्थानीय जनप्रतिनिधि सामाजिक कार्यकर्ता और संघर्ष के साथी ने सामूहिक प्रयास से यह कर दिखाया और केंद्रीय मंत्री ने हमारी मांगों को सुना और उसको पूरा किया इसके लिए तहे दिल से धन्यवाद। इस मौके पर संयोजक विनोद सिंह सहसंयोजक विजय यादव कोषाध्यक्ष रणजीत सिंह उर्फ झलक सिंह सचिव दिलीप सिंह, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद इस्लाम, कपिल देव यादव, मीडिया प्रभारी राजकुमार साव, रामाश्रय सिंह, राम जन्म सिंह, सुनील सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रंजीत यादव, मुन्ना पडिट, नरेश वर्मा, मोहम्मद फिरोज, दिलीप सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

## राजेश्वर प्रसाद सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** क्षेत्र के पूर्व मुखिया व जेपी सेनानी राजेश्वर प्रसाद सिंह के निधन पर सूबे के मुख्यमंत्री ने शोक संवेदना प्रकट की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पूर्व मुखिया के पुत्र संजय कुमार को पत्र भेज शोक जताई है। श्री कुमार द्वारा निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए अपूरणीय क्षति बताया है। मालूम हो कि रकसिया ग्राम निवासी श्री सिंह का निधन विगत 30 जून को 90 वर्ष की उम्र में हो गया था। श्री सिंह लंबे समय तक क्षेत्र के मखपा ग्राम पंचायत(वर्तमान में आमाकुआं) के मुखिया पद पर काबिज रहे थे। निधन उपरान्त रकसिया स्थित पैतृक आवास पर कल यानी शनिवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है।


**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/555, दिनांक 02.07.2025 के अधीन ई-निविदा सं. एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/21/25-26/आरआरएसके जो वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आरएमएस बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा पूर्व में प्रकाशित किया गया था, के संबंध में निम्नलिखित शुद्धिपत्र जारी किया गया है: **शेड्यूल आइटम नं. 45 के लिए फेंसिंग अरेंजमेंट हेतु ड्राइंग नं. सीडब्ल्यूएम 00223 को निविदा कागजात के अंश के रूप में आईआरईपीएस में अपलोड कर दिया गया है।** उक्त निविदा सूचना के सभी अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

SDAH-116/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## शराब बरामद, बाइक जब्त, कारोबारी फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के काबर गढ़ के पास कचरा भवन के सामने ए एस आई दशरथ सिंह ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 55 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की है। इस दौरान एक बाइक भी जब्त की गई है जबकि शराब कारोबारी फरार हो गया। पुलिस ने गुरवार को मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि गश्ती के क्रम में धर्मपुर मोड़ के पास से काबर गढ़ की ओर जा रहे थे। तभी देखा गया कि एक बाइक पर एक व्यक्ति अपने पीछे बाइक पर बोरा में कुछ सामान लेकर काबर गढ़ की ओर से आ रहा था, जो पुलिस गाड़ी को देखकर अपना बाइक एवं उस पर लदे बोरा सहित काबर गढ़ के पास बने कचरा भवन के सामने ही गिरा कर स्वयं भागने लगा।

## शांति निकेतन एकेडमी में मनाया गया 'ग्रीन डे'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया।** शांति निकेतन एकेडमी के सभी शाखाओं ए.पी. कॉलोनी, अर्चना हाउस, कटारी हिल रोड, गोविंदपुरम, रौना (चाकन्द) में ग्रीन डे का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। शांति निकेतन एकेडमी में पहले से लर्निंग वाई प्लेइंग के साथ शिक्षा देने के लिए प्रसिद्ध रहा है। शिक्षिकाओं के द्वारा बच्चों को इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी जाती है। इसलिए एकेडमी समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन बच्चों के समुचित विकास के लिए करती है। इसका उद्देश्य बच्चों में रंगों की पहचान का बोध कराना होता है। एकेडमी की शिक्षिकाओं, नन्हे-मुन्ने बच्चे सभी हरे रंग के परिधान में उपस्थित है। पूरे विद्यालय को हरे रंग की वस्तु से सजाया गया जिसमें हरे रंग के गुब्बारों का भी इस्तेमाल किया गया। चारों तरफ हरे रंग की वस्तुओं को इसलिए सजाया गया कि बच्चे कहीं भी इस रंग को आसानी से पहचान सके। शिक्षिकाओं ने बच्चों को हरे रंग के महत्व को समझाया। कक्षा प्ले ग्रुप से अनिरुद्ध, आकांक्षा (फल-किबी, ब्रोकली) कक्षा नर्सरी से अर्णव राज, (शिमला मिर्च), अक्षत (तरबूज) के वेशभूषा में नजर आया। वहीं कक्षा जूनियर केजी से ऋषभ राज (अंगूर), अहमद अली (भिंडी) कक्षा सीनियर केजी से शानवी रंजन (तरबूज) सनाया (ब्रोकली) राजनसी (कैटरपिलर) के रंग रूप और वेशभूषा में नजर आए। प्ले ग्रुप के बच्चों ने हरे रंगों की सहायता से अंगूर बनाकर थंब प्रिंटिंग की मदद से रंग भरे। नर्सरी के बच्चों ने तोता बनाकर ईयर बड की मदद से रंग भरे। जूनियर केजी के बच्चों ने पेड़ बनाकर भिंडी की मदद से रंग भरे, सीनियर केजी के बच्चों ने कैटरपिलर बना कर हैंड प्रिंटिंग से रंग भरे। शिक्षिकाओं ने बच्चों को पौधारोपण के बारे में बताया कि हमें अपने घरों में भी पौधा अवश्य लगाना चाहिए जिससे हमारा पर्यावरण स्वस्थ और सुरक्षित रहेगा। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन श्री हरि प्रपन्न जी ने बच्चों को बताया कि हरे रंगों का महत्व हमारे जीवन में क्या है और उन्होंने बताया कि हरा रंग हरियाली का प्रतीक है।

## प्रभातफेरी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** राज्य निर्वाचन आयोग के मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से जदयू के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जदयू जिलाध्यक्ष महानगर राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल ने लोगों के साथ गुरुवार को तीसरे दिन भी नगर क्षेत्रों में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा आजाद पार्क से मतदाता जागरूकता का काफिला जीबी रोड, नई गोदाम से होते हुए तुतवारी रोड, दुःख हरनी मंदिर व नगर के विभिन्न इलाकों से होते हुए प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। प्रभातफेरी के माध्यम से राजू बरनवाल ने घर-घर जाकर लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन कराने व अपने मताधिकार के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किये।


**झारखण्ड सरकार**

**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा**

**राजस्व जलकरों की खुली डाक से अल्पकालीन बन्दोबस्ती की सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा जिला अन्तर्गत **भण्डरिया-अंचल** के निम्नांकित जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती विभागीय परिपत्र संख्या 114/दिनांक 18/01/1992 के आलोक में वर्ष 2025-26 से 2027-28 तक के लिए खुले डाक के माध्यम से किया जाना है। **जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती दिनांक 14.07.2025 को 11:30 बजे पूर्वाह्न से अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में किया जायेगा।** बन्दोबस्ती के दौरान तीन साल का राजस्व राशि एक मुश्त कार्यालय मे जमा करना होगा। यदि कोई भी व्यक्ति नीचे दिये गये जलकरों की बन्दोबस्ती लेना चहतें है, तो दिनांक 09.07.2025 तक अपनी अहर्त्ता पूर्ण करते हुए बन्दोबस्ती प्राप्त कर सकती है।

अगर उक्त तिथि को अपरिहार्य कारणवश डाक नहीं होने पर अगली तिथि 21.07.2025 या इसकी अंतिम तिथि 26.07.2025 को होगी।

**राजस्व जलकरों की सूची।**

| क्र0 | जलकर का नाम | खाता सं0 | प्लाट सं0 | रकबा (ए0 में) | जलक्षेत्र (ए0 में) | वार्षिक सुरक्षित जमा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | करचाली आहर-01 | - | - | 6.00 | 5.00 | 49600 |
| 2 | पाट आहर-03 | 20 | 23 | 1.25 | 1.00 | 1100 |
| 3 | खजुरी आहर | 63 | 481,488 | 2.10 | 1.98 | 2000 |
| 4 | जनेवा आहर-03 | 26 | 165 | 5.00 | 4.00 | 1100 |
| 5 | पिपरा टैंक | _ | 487,488 | 1.00 | 0.70 | 1300 |
| 6 | मदगड़ी टैंक | 93 | 1035 | 1.50 | 1.20 | 1000 |
| 7 | मदगड़ी आहर | 93 | 266 | 1.00 | 0.70 | 1100 |
| 8 | मदगड़ी तालाब | 23 | 644 | 0.50 | 0.45 | 650 |
| 9 | महुगाई टेंक | - | 24 | 1.00 | 0.70 | 520 |
| 10 | पाट आहर-01 | 1 | 187 | 2.00 | 1.70 | 1100 |
| 11 | छेतकी टेंक | 1 | 56 | 0.90 | 0.70 | 600 |
| 12 | बढ़नी भुतरीवार | - | - | 0.80 | 0.60 | 1100 |
| 13 | सिन्जो आहर | 11 | 44 | 0.36 | 0.36 | 1100 |
| 14 | फकिराडीह आहर | 1 | 44 | 1.00 | 0.90 | 1600 |

**डाक के आवश्यक शर्ते निम्नांकित है :-**

1. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत अग्रधन के रूप में डाक बोलने के पूर्व जमा करना होगा। डाक समाप्ति के बाद उच्चतम डाक वक्ता के अग्रधन राशि को बन्दोबस्ती राशि में समायोजित कर ली जाएगी। शेष अन्य डाक वक्ताओं के अग्रधन राशि को लौटा दी जाएगी।
2. उच्चतम डाक वक्ता को डाक समाप्ति के तुरन्त बाद डाक की पूर्ण राशि जमा करनी होगी अन्यथा अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा डाक में व्यवधान पैदा करने के आरोप में उनके विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
3. अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी डाक को रद् अथवा सम्पूर्ण डाक को स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
4. मत्स्य पालन एवं शिकारमाही का परवाना सक्षम पदाधिकारी से बन्दोबस्ती की स्वीकृति एवं एकरारनामा सम्पन्न होने के बाद निर्गत किया जाएगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा।

PR 356991 (Fish) 25-26 (D)


## सूचना प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में बिहार को मिलेगा नया आयाम : कुलपति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गयाजी)।** डिजिटल क्रांति के युग में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान का महत्व दिनानुदिन बढ़ता जा रहा है। 21वीं शताब्दी की आवश्यकताओं एवं प्राथमिकताओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान की शिक्षा की मांग बढ़ रही है। अपने व्यवसायिक प्रकृत के कारण पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान का पाठ्यक्रम चलाने की मांग हर क्षेत्र में बढ़ रही है और बिहार राज्य का मगध क्षेत्र इसका अपवाद नहीं है। उक्त वक्तव्य दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने दिया। कुलपति ने बताया कि पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के पाठ्यक्रम की मांग को देखते हुए विश्वविद्यालय वर्तमान 2025-26 अकादमिक वर्ष से 2-वर्षीय इंटीग्रेटेड बी.लिब. आई.एससी-एम. लिब. आई.एससी पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पाठ्यक्रम बिहार के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के क्षेत्र में एक आवश्यक कदम है और इसके उत्साहवर्द्धक परिणाम देखने को मिलेंगे। यह पाठ्यक्रम न केवल सूचना विज्ञान की साक्षरता को बढ़ाएगा बल्कि डिजिटल भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा। विशेष रूप से बिहार राज्य में एक गुणवत्तापरक पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के पाठ्यक्रम की मांग लम्बे समय से प्रतीक्षित थी और इस अभाव को पूरा करने के लिए सीयूएसबी ने अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए इस सत्र से नए पाठ्यक्रम को शुरू किया है। उल्लेखनीय है कि 21वीं शताब्दी की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप इस पाठ्यक्रम को निर्मित किया गया है। सीयूएसबी द्वारा संचालित इस व्यावसायिक पाठ्यक्रम को तकनिकी नवाचारों को समन्वित किया जाएगा जो बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश के छात्रों को डिजिटल दर्शिता, तकनिकी रूप से निपुण, नैतिक रूप से सशक्त और शोध के लिए तत्पर सूचना विज्ञान पेशेवरों के रूप में तैयार करेगा। पाठ्यक्रम के छात्रों को भारत के प्रतिष्ठित पुस्तकालयों का शैक्षणिक भ्रमण, डिजिटल लाइब्रेरी लैब, उच्च गति इंटरनेट, मुक्त-श्रोत उपकरण (ओपन-सोर्स टूल्स) और इंटर्नशिप जैसी सुविधा प्रदान की जाएगी।

## 33 दुकानों को समय अवधि विस्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर द्वारा संवास सदन के परिसंपत्तियों एवं संवास सदन अधीनस्थ विभिन्न भवनों का निरीक्षण किया। अशोक अतिथि निवास के निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में शौचालय की स्थिति को देखते हुए 50% शौचालय को कमोड वाला लगवाएं, ज्यादातर तीर्थ यात्री वृद्धा अवस्था के होते हैं उन्हें सहूलियत मिलेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि जहां भी सीपेज की समस्या है जहां कहीं दरवाजा खराब है, उसका स्टीमेट बनाते हुए तेजी से ठीक करवायें। अशोक अतिथि निवास में पेयजल की समस्या को देखते हुए एक नया बोरिंग करवाने का निर्देश दिए हैं साथ ही निर्देश दिए हैं कि तुलसी बागान के समीप पूर्व से लगे बोरिंग को मरम्मत करवाये। संवास सदन के आय व्यय के समीक्षा के दौरान संवास सदन का कुछ राशि गया डाक मुख्य शाखा में जमा है जिसकी निकासी गया डाक शाखा द्वारा देने में आनाकानी एवं टालमटोल कर रहे हैं।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**निविदा संख्या एवं तिथि:**
**ई.एल.-जी-एसपीजे-01-ईटी-25-26(खुली)**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा०/पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के द्वारा नीचे लिखे हुए कार्य के संपादन हेतु सक्षम, अनुभवी, वैध एवं वर्तमान विद्युत कन्ट्रेक्टर लाईसेन्स, तकनीकी योग्यता एवं वित्तीय क्षमता धारक संवेदक से निम्न कार्य के लिए भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर ई-निविदा के रूप में खुली ई-निविदा आमन्त्रित किया जाता है। **1. कार्य का नाम तथा स्थान:** समस्तीपुर मंडल के विभिन्न गुड्स टर्मिनलों पर हाईमास्ट के माध्यम से प्रकाश व्यवस्था का विस्तार हेतु। **2. कार्य की अनुमानित लागत:** ₹3,92,95,751.57/- **3. बयाने/निविदा सुरक्षा की राशि:** ₹3,46,500/-. निविदि प्रपत्र का मूल्य: 0/-(शून्य) **4. प्रस्ताव की वैधता (दिन):** 90 दिन। **5. निविदा बन्द होने एवं खुलने की तिथि एवं समय:** ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:-30.07.2025 को 12:00 बजे तक। ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय:-30.07.2025 को 12:30 बजे। **6. वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** वेबसाईट-www.ireps.gov.in मंडल रेल प्रबंधक(वि0)/कार्यालय/समस्तीपुर **नोट:-**उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाइट: पर अपलोड कर दिया जाएगा।

**कृते वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा0. पूर्व मध्य रेलवे, समस्तीपुर**

पीआर/0562/एसपीजे/टी/25-26

संपादकीय

# ब्रिक्स समिट का हासिल

अगर भारत के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की खुलकर निंदा और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के विस्तार की मांग को कामयाबी का पैमाना मानें तो ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में आयोजित 11 देशों के संगठन ब्रिक्स का 17वां दो दिनी शिखर सम्मेलन सफल रहा। इसका एक कारण और भी है कि सम्मेलन की समाप्ति के दूसरे ही दिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स देशों को चेतावनी के स्वर में कहा कि वो अमेरिकी मुद्रा डॉलर को कमजोर करने के बारे में सोचें भी नहीं। ब्रिक्स 2025 के समापन पर जारी साझा घोषणा पत्र में भारत और ब्राजील का खास तौर पर जिक्र किया गया। ब्रिक्स नेताओं ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की साथ ही भारत और ब्राजील को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा समिति में स्थाई सदस्य बनाए जाने की मांग की गई है। ब्रिक्स नेताओं ने इस साझा घोषणा पत्र में संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद को अधिक लोकतांत्रिक और प्रभावशाली बनाने के लिए ग्लोबल साउथ के दो देश भारत और ब्राजील को इसका सदस्य बनाने की पुरजोर मांग की है। ब्रिक्स देशों के नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र, जिसमें सुरक्षा परिषद भी शामिल है, के व्यापक सुधार के लिए अपना समर्थन दोहराया है, ताकि इसे और अधिक लोकतांत्रिक, प्रतिनिधित्वपूर्ण, प्रभावी और कुशल बनाया जा सके। ब्रिक्स समूह ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। ब्रिक्स घोषणा पत्र में कहा गया है, ''हम 'आतंकवाद को कतई बर्दाश्त ना करने' की नीति सुनिश्चित करने और आतंकवाद का मुकाबला करने में दोहरे मापदंड को खारिज करने का आग्रह करते हैं।'' सम्मेलन में ब्रिक्स नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ पॉलिटिक्स का सीधा नाम न लेते एकतरफा शुल्क और गैर-शुल्क उपायों के बढ़ने के बारे में भी गंभीर चिंता व्यक्त की। ब्रिक्स ने दुनिया के कई हिस्सों में जारी संघर्षों और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में ध्रुवीकरण और विखंडन की वर्तमान स्थिति पर भी चिंता जताई। इसमें कहा गया है, ''हम कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्र की स्थिति के बारे में अपनी गंभीर चिंता दोहराते हैं।' गौरतलब है कि ब्रिक्स में कुल 11 देश है जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन, साउथ अफ्रीका, मिस्त्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, सऊदी अरब, यूएई और ईरान शामिल हैं। साथ ही बेलारूस, बोलीविया, क्यूबा, कजाकिस्तान, मलेशिया, नाइजीरिया, थाईलैंड, युगांडा और उज्बेकिस्तान ब्रिक्स के पार्टनर देश है। इस साल वियतनाम को भी पार्टनर देश के तौर पर ब्रिक्स में शामिल किया गया है। यूं शिखर सम्मेलन था, लेकिन इसमें चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन और मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्दुल-फतह अल-सिसी समिट में नहीं आए। एक और अहम बात प्रधामनंत्री मोदी द्वारा सदस्य देशों की सहमति से 18वें ब्रिक्स समिट 2026 की मेजबानी स्वीकार करना है। ब्रिक्स देशों के नेताओं ने जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसी) के 33वें समिट की मेजबानी के लिए भारत की उम्मीदवारी का भी स्वागत किया। उधर चीन में जारी राजनीतिक उठापटक की अपुष्ट खबरों के बीच चीनी राष्ट्रपति शी पिंग का न आना काफी कुछ कहता है। पीएम मोदी की भेंट मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से हुई और पीएम मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करने के लिए प्रधानमंत्री इब्राहिम का आभार जताया। दोनों नेताओं ने भारत-आसियान समिट में साझेदारी पर भी विस्तार से चर्चा की। गौरतलब है कि दुनिया में ब्रिक्स एक प्रभावशाली समूह के रूप में उभरा है क्योंकि यह विश्व की 11 प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं को एकसाथ लाता है, जो वैश्विक जनसंख्या का लगभग 49.5 प्रतिशत, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 40 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का लगभग 26 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करता है।

# नए वैश्विक संतुलन की ओर भारत का कदम

**प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी यात्रा के दौरान 'कोएलिशन फॉर डिज़ास्टर रेज़िलिएंट इन्फ्रास्ट्रक्चर (सीडीआरआई)' जैसे भारतीय वैश्विक पहलों का उल्लेख कर यह दिखाया कि भारत केवल सहायता मांगने वाला राष्ट्र नहीं है, बल्कि समाधान प्रस्तुत करने वाला, एक सक्रिय निर्माणकर्ता भी है। भारत द्वारा प्रस्तुत 'सस्ती तकनीक', 'सुलभ दवाएँ,डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना' (डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर) जैसे मॉडल अब विकासशील देशों के लिए अनुकरणीय उदाहरण बनते जा रहे हैं। यह वह क्षेत्र है जहाँ भारत और वैश्विक उत्तर के बीच एक वैकल्पिक नैरेटिव रचा जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर, ईरान-इजराइल युद्ध संबंधित विवाद अभी ठंडे भी नहीं हुए थे कि आरएसएस के सर कार्यवाहक होसबाले के सन् 1975 में संविधान में संशोधन कर समाजवाद एवं धर्मनिरपेक्ष शब्दों को जोड़ने को लेकर चर्चा करने के सुझाव से नया तूफान आ गया।**

**नृपेन्द्र अभिषेक नृप**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया बहुराष्ट्रीय यात्राओं ने भारत की विदेश नीति की उस सूक्ष्मता और दूरदर्शिता को एक नई परिभाषा दी है, जो अब केवल कूटनीतिक संबद्धताओं तक सीमित न रहकर वैश्विक दक्षिण यानी ग्लोबल साउथ के साथ एक सहृदय और सशक्त भागीदारी की आकांक्षा बन गई है। घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो तथा अर्जेंटीना जैसे देशों की यात्रा, और तत्पश्चात ब्राज़ील के ब्रिक्स सम्मेलन में भागीदारी, एक सुविचारित रणनीति का द्योतक है, जो भारत को न केवल दक्षिण-दक्षिण सहयोग का केंद्र बनाना चाहती है, बल्कि एक ऐसे विकल्प के रूप में भी प्रस्तुत करती है, जो वैश्विक उत्तर की एकाधिपत्यवादी नीतियों से अलग, समावेशी और सहभागी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की ओर संकेत करता है।

घाना में प्रधानमंत्री की यात्रा का मूल उद्देश्य भारत-घाना संबंधों को 'समग्र साझेदारी' में परिवर्तित करना था। यह न केवल कूटनीतिक भाषा में एक उन्नयन था, बल्कि व्यावहारिक रूप से पश्चिम अफ्रीका को एक 'वैक्सीन हब' में विकसित करने की योजना का समर्थन था। भारत की फार्मा शक्ति, जिसकी पहचान कोविड-19 के समय 'विश्व की फार्मेसी' के रूप में हुई थी, अब अफ्रीकी महाद्वीप के लिए स्वास्थ्य-सहयोग की आकांक्षा बन गई है। भारत के 'लोकल सॉल्यूशंस फॉर ग्लोबल चैलेंजेस' का यह प्रत्यक्ष रूप है, जहाँ एक विकासशील देश, तकनीक, दवा और डिजिटलीकरण के ज़रिए एक दूसरे विकासशील देश को शक्ति दे रहा है, न कि कर्ज़ के बोझ तले दबा रहा है।

त्रिनिदाद और टोबैगो की यात्रा सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण थी। प्रधानमंत्री मोदी का वहां भारतीय प्रवासी समुदाय को संबोधित करना केवल एक राजनीतिक औपचारिकता नहीं थी, बल्कि उस ऐतिहासिक पीड़ा को स्मरण करना भी था जब 1845 में ब्रिटिश उपनिवेशवाद के तहत भारतीय श्रमिकों को गन्ने के खेतों में मजदूरी के लिए लाया गया था। भारत की इस 'गिरमिटिया स्मृति' को मान्यता देना और वहां के लोगों के साथ साझा करना, भारत की विदेश नीति में 'संवेदनशीलता' और 'सांस्कृतिक जुड़ाव' की उपस्थिति को रेखांकित करता है। इसके साथ ही 'इंडियन फार्माकोपिया' पर हस्ताक्षरित समझौता, गुणवत्ता पूर्ण और सुलभ दवाओं की पहुंच को विस्तार देने की भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण था।



अर्जेंटीना की यात्रा की चर्चा करें तो भारत और अर्जेंटीना ने महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों, विशेषकर शेल गैस और तेल के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की पहल की। इस संदर्भ में यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि भारत ने अपनी फार्मा शक्ति को अर्जेंटीना में भी प्रस्तुत किया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि 'फार्मा डिप्लोमेसी' भारत की विदेश नीति की केंद्रीय धुरी बन चुकी है। साथ ही, यह दौरा इस बात का भी संकेत था कि भारत वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में भी एक दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदार बनना चाहता है। इन तीन देशों की यात्रा, और उसके पश्चात ब्राज़ील की ब्रिक्स सम्मेलन में भागीदारी, भारत की उस महत्वाकांक्षा का विस्तार है, जो 'उभरते हुए विश्व' के बीच समन्वय स्थापित करने की है। यह मात्र राजनीतिक कूटनीति नहीं, बल्कि एक नैतिक दायित्व की तरह है, जहाँ भारत स्वयं को विकासशील देशों का प्रवक्ता मानता है। यह नैतिक भूमिका कोई आज की नहीं, बल्कि 1955 के बांडुंग सम्मेलन और गुटनिरपेक्ष आंदोलन की विरासत से उपजी है। ब्रिक्स, आईबीएसस (इंडिया ब्राजील, साउथ अफ्रीका) जैसे मंचों की स्थापना में भारत और ब्राज़ील की अग्रणी भूमिका, इसी ऐतिहासिक चेतना की परिणति है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी यात्रा के दौरान 'कोएलिशन फॉर डिज़ास्टर रेज़िलिएंट इन्फ्रास्ट्रक्चर (सीडीआरआई)' जैसे भारतीय वैश्विक पहलों का उल्लेख कर यह दिखाया कि भारत केवल सहायता मांगने वाला राष्ट्र नहीं है, बल्कि समाधान प्रस्तुत करने वाला, एक सक्रिय निर्माणकर्ता भी है। भारत द्वारा प्रस्तुत 'सस्ती तकनीक', 'सुलभ दवाएँ,डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना' (डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर) जैसे मॉडल अब विकासशील देशों के लिए अनुकरणीय उदाहरण बनते जा रहे हैं। यह वह क्षेत्र है जहाँ भारत और वैश्विक उत्तर के बीच एक वैकल्पिक नैरेटिव रचा जा रहा है। यह भी स्मरणीय है कि भारत ने इन यात्राओं में किसी भी देश के साथ ऐसा कोई गठबंधन नहीं किया जो 'पश्चिम विरोधी' कहा जा सके। न ही यह प्रयास किसी 'क्लेश आधारित विश्व व्यवस्था' की ओर इशारा करता है। बल्कि भारत का उद्देश्य एक 'विकल्प आधारित वैश्विक संरचना' की ओर संकेत करना है, जो विकसित और विकासशील देशों के बीच संवाद, समझदारी और साझेदारी को नया आयाम दे सके। इस सन्दर्भ में प्रधानमंत्री का यह कथन अत्यंत सारगर्भित बन पड़ता है कि 'आज की वैश्विक राजनीति को एक ऐसे रूप में ढालना होगा जो अधिक समावेशी, न्यायोचित और प्रतिनिधित्वकारी हो।'

इन यात्राओं के माध्यम से भारत ने अपनी विदेश नीति को केवल कूटनीतिक संवाद तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसमें एक सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और भावनात्मक गहराई भी जोड़ दी है। प्रधानमंत्री ने त्रिनिदाद में भारतीय मूल के राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कांगालू और प्रधानमंत्री कमला पर्साद बिसेसर का विशेष उल्लेख कर यह दर्शाया कि भारतीय प्रवासी केवल सांस्कृतिक दूत नहीं, बल्कि उन देशों की राजनीतिक आत्मा का भी हिस्सा बन चुके हैं। 'भारतीय प्रवासी हमारी शान हैं'- यह शब्द भारत के विश्व-परिवेश में आत्मविश्वास का उद्घोष हैं।

भारत की इस वैश्विक यात्रा में एक विशेष सांकेतिक शक्ति भी निहित है। ये सभी राष्ट्र-घाना, त्रिनिदाद, अर्जेंटीना, ब्राज़ील–कभी न कभी उपनिवेशवाद की चक्की में पिस चुके हैं। इनकी सामाजिक स्मृति में 'औपनिवेशिक शोषण' एक साझा अनुभव रहा है, और शायद इसीलिए उन्होंने गुटनिरपेक्ष आंदोलन जैसे मंचों का समर्थन किया। भारत, इन देशों के लिए केवल एक रणनीतिक साझेदार नहीं, बल्कि एक समान पीड़ा से गुजर चुका साथी भी है, जो आज एक सशक्त, आत्मनिर्भर, और सहयोगोन्मुख राष्ट्र बनकर खड़ा है।

इन यात्राओं का एक और महत्वपूर्ण पहलू है- 'दक्षिण-दक्षिण सहयोग' (साउथ-साउथ को ऑपरेशन) को पुनः जाग्रत करना। वर्षों तक वैश्विक विकास की नीतियाँ उत्तर-आधारित रही हैं, जहाँ 'ओईसीडी राष्ट्रों' की दृष्टि ही सार्वभौमिक मानी जाती रही। किंतु अब भारत जैसे देश यह स्पष्ट कर रहे हैं कि 'स्थानीय समाधानों' का वैश्विक महत्व है। भारत की 'डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना', 'कोविन प्लेटफॉर्म', 'यूपीआई' जैसे मॉडल उन विकासशील देशों के लिए भी उपयोगी हो सकते हैं, जिनके पास संसाधनों की सीमाएँ हैं, लेकिन आकांक्षाएँ असीम हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा केवल एक व्यक्ति की राजनयिक पहल नहीं, बल्कि भारत की उस सामूहिक चेतना का प्रतिबिंब है जो वैश्विक मंच पर एक सकारात्मक, रचनात्मक और मानवीय भूमिका निभाना चाहती है। यह एक ऐसा भारत है जो अब केवल 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का उद्घोष नहीं करता, बल्कि उसे अपने तकनीकी, औद्योगिक, और मानवीय पहलुओं के माध्यम से मूर्त रूप में प्रस्तुत भी करता है। यह भारत केवल वैश्विक शक्ति बनने की आकांक्षा नहीं रखता, वह एक ऐसा सहभागी बनना चाहता है जो विश्व को और अधिक न्यायपूर्ण, संवेदनशील और सहभागी बना सके।

इस यात्रा का सार यदि एक वाक्य में कहा जाए, तो यही होगा, भारत अब केवल वैश्विक मंच पर एक आवाज़ नहीं, बल्कि एक समाधान बनना चाहता है। और यह समाधान विकसित और विकासशील के बीच की खाई को पाटने वाला, एक साझा लक्ष्य की ओर ले जाने वाला, और 'ग्लोबल साउथ' को आत्मविश्वास से भरने वाला है। यही है इस नई विदेश नीति की आत्मा और यही है 'साझा लक्ष्य'।

अध्यात्म

## खुद की मदद करें, भगवान भी तभी मदद करेंगे

एक बार की बात है कि किसी दूर गाँव में एक किसान रहता था। उन दिनों बारिश का समय था चारों तरफ गड्ढों में पानी भरा हुआ था। कच्ची सड़क बारिश की वजह से फिसलन भरी हो गयी थी। सुबह सुबह किसान को बैलगाड़ी लेकर कुछ धन कमाने बाजार जाना होता था लेकिन आज बारिश की वजह से बहुत दिक्कत हो रही थी। फिर भी किसान धीरे धीरे सावधानी पूर्वक बैलगाड़ी लेकर बाजार की ओर जा रहा था।अचानक रास्ते में एक गड्ढा आया और बैलगाड़ी का पहिया गड्ढे में फंस गया। कीचड़ भरे गड्ढे से निकलना काफी मुश्किल था। बैल ने भी अपनी पूरी ताकत लगायी लेकिन सफलता नहीं मिली। अब तो किसान बुरी तरह परेशान हो उठा। उसने चारों तरफ नजर घुमाई लेकिन ख़राब मौसम में दूर दूर तक कोई नजर नहीं आया। किसान सोचने लगा कि किससे मदद माँगे कोई इंसान दिखाई ही नहीं दे रहा। किसान दुखी होकर एक तरफ बैठ गया और मन ही मन अपने भाग्य को कोसने लगा। हे भगवान! ये तूने मेरे साथ क्या किया? कोई आदमी भी दिखाई नहीं दे रहा इतना खराब नसीब मुझे क्यों दिया? किसान खुद के भाग्य को कोसे जा रहा था। तभी वहाँ से एक सन्यासी गुजरे उन्होंने किसान को देखा तो किसान सन्यासी के पास जाकर अपनी परेशानी बताने लगा। मैं सुबह से यहाँ बैठा हूँ, मेरी गाड़ी फँस गयी है और मेरा नसीब भी इतना ख़राब है कि कोई मेरी मदद करने भी नहीं आया। भगवान ने मेरे साथ बहुत अन्याय किया है। सन्यासी उसकी सारी बात सुनकर बोले- तुम इतनी देर से यहाँ बैठे अपने भाग्य को कोस रहे हो और भगवान को बुरा भला बोल रहे हो, क्या तुमने खुद अपनी गाड़ी निकालने का प्रयास किया? किसान- नहीं, सन्यासी- तो फिर किस हक़ से तुम भगवान को दोष दे रहे हो, भगवान उन्हीं लोगों की मदद करते हैं जो स्वयं की मदद करते हैं। अब किसान के बात समझ में आ गयी उसने तुरंत पहिया निकालने का प्रयास किया और वो सफल भी हुआ। ज्यादातर लोग उस किसान की ही तरह हैं जो खुद कुछ नहीं करना चाहते और हमेशा अपने भाग्य और दूसरे लोगों को कोसते रहते हैं। हमें लगता है कि भगवान ने हमारे साथ बहुत गलत किया है। हममें से कोई डॉक्टर बनना चाहता है, कोई इंजिनियर, कोई कलेक्टर, कोई लेकिन जब हम अपने काम में सफल नहीं होते तो यही विचार हमारे दिमाग में आता है कि हमारा भाग्य ख़राब है और भगवान ने कुछ नहीं दिया। लेकिन शायद आप भूल रहे हैं कि भगवान ने आपको, हम सबको एक बहुत अमूल्य चीज़ दी है- ये शरीर। आपके अंदर हर सामर्थ्य है तो फिर आप भाग्य भरोसे क्यों हैं? भगवान भी उन्हीं लोगों की मदद करते हैं जो खुद की मदद करते हैं। किसी महान पुरुष का एक दोहा है- विद्या धन उद्धम बिना, कहूँ जो पावे कौन, बिना डुलाये ना मिले, ज्यूँ पंखा की पौन। मतलब बिना कार्य किये आप कुछ नहीं पा सकते। जैसे आपके सामने पंखा रखा हो लेकिन वो जब तक आपको हवा नहीं देगा जब तक उसे अपने हाथ से झलेंगे नहीं। आप खुद की मदद करिये तभी भगवान भी आपकी मदद करेंगे तो आओ आज मिलकर एक साथ शपथ लेते हैं कि कभी अपने भाग्य को नहीं कोसेंगे और स्वयं ही अपने कर्णधार बनेंगे।

# रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाः आर्थिक विकास की उत्प्रेरक



**सुश्री ज्योति विज, महानिदेशक, फिक्की**

अब जबकि दुनिया स्वचालन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है, भारत सरकार ने हाल ही में रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना को स्वीकृति दी है। यह एक बेहद ही सामयिक और सोचा-समझा कदम है। लगभग एक लाख करोड़ रुपये के परिव्यय वाली यह योजना भारत के उभरते रोजगार परिदृश्य, विशेषकर मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र, में एक साहसिक नीतिगत हस्तक्षेप है। अगले दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को समर्थन देने के उद्देश्य से तैयार की गई यह ईएलआई योजना महज एक आर्थिक उपाय भर नहीं है - यह भारत की श्रमशक्ति के भविष्य में एक ऐसा रणनीतिक निवेश है, जो सीधे तौर पर सरकार के विकसित भारतञ्च2047 के विजन का समर्थन करता है। ईएलआई देश में रोजगार सृजन का एक प्रमुख उत्प्रेरक बनने जा रहा है।

कई अन्य ऐसे देशों के उलट, जहां आबादी शीघ्र ही घटने लगेगी या घट चुकी है, भारत में अभी भी कार्यशील आयु वर्ग की एक ऐसी बड़ी आबादी है, जिसे रोजगार के अधिक अवसरों की जरूरत है। ईएलआई योजना का उद्देश्य नौकरी चाहने वालों और नौकरी देने वालों के बीच ही नहीं बल्कि इससे भी अधिक महत्वपूर्ण रूप से अनौपचारिक कार्य एवं औपचारिक रोजगार के बीच की खाई को पाटना है।

रोजगार संबंधी तात्कालिक नतीजों से परे जाकर, इस बात पर गौर करना महत्वपूर्ण है कि ईएलआई योजना विभिन्न सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में भारत की प्रगति को मजबूत करती है। खासतौर पर, औपचारिक व दीर्घकालिक रोजगार को प्रोत्साहित करके एसडीजी 8 (सभ्य कार्य तथा आर्थिक विकास) और कम वेतन पाने वालों एवं पहली बार नौकरी चाहने वालों को लक्षित वित्तीय सहायता प्रदान करके एसडीजी 1 (गरीबी उन्मूलन) तथा एसडीजी 10 (असमानताओं में कमी) के संदर्भ में।

आधार-समर्थ प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्रणाली (डीबीटी सिस्टम) के जरिए ईपीएफओ पंजीकरण एवं संवितरण के साथ इस योजना का जुड़ाव न केवल रोजगार सृजन बल्कि सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार भी सुनिश्चित करता है, जोकि एक न्यायसंगत और समावेशी अर्थव्यवस्था के निर्माण की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। भारत द्वारा किए गए ऐसे प्रयासों को मान्यता देते हुए, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने हाल ही में भारत की इस उपलब्धि को स्वीकार किया और आधिकारिक तौर पर अपने डैशबोर्ड पर इस तथ्य को प्रकाशित किया कि भारत की 64.3 प्रतिशत आबादी (2015 में 19 प्रतिशत की तुलना में), यानी 94 करोड़ से अधिक लोग अब कम से कम एक सामाजिक सुरक्षा लाभ के दायरे में हैं।

मैन्यूफैक्चरिंग पर जोर खासतौर पर स्वागत योग्य है। जैसे-जैसे वैश्विक मूल्य श्रृंखलाएं नए सिरे से बदल रही हैं, भारत भी कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, उपभोक्ता वस्तुओं और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में तेजी से उभर रहा है। इन क्षेत्रों में दीर्घकालिक रोजगार सृजन का समर्थन करके, ईएलआई योजना पीएलआई योजनाओं, 'मेक इन इंडिया' तथा 'स्किल इंडिया' जैसी मौजूदा पहलों का पूरक बनने के साथ-साथ शहरी व अर्द्ध-शहरी, दोनों समूहों में औद्योगिक विकास को गति देगी।

अक्सर लागत संबंधी चिंताओं के कारण औपचारिक भर्ती को बढ़ाने में बाधाओं का सामना करने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को यह योजना महत्वपूर्ण राहत प्रदान करती है। नियोक्ता-पक्ष के प्रोत्साहन नई भर्ती की सीमांत लागत को कम करते हैं। इससे विस्तार, औपचारिकीकरण और श्रमशक्ति के उन्नयन की प्रक्रिया को बढ़ावा मिलता है।

वैश्विक स्तर पर, वेतन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाएं रोजगार को बढ़ावा देने में कारगर साबित हुई हैं। जर्मनी जैसे देश अप्रेंटिसशिप और दीर्घकालिक भर्ती के लिए नियोक्ता सब्सिडी प्रदान करते हैं। दक्षिण कोरिया युवा एवं वृद्ध श्रमिकों के नियोक्ताओं को लक्षित वेतन सहायता प्रदान करता है। सिंगापुर कौशल के उन्नयन (अपस्किलिंग) और रोजगार को कायम रखने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में कार्य अवसर कर क्रेडिट (डब्ल्यूओटीसी) की व्यवस्था है, जो वंचित समूहों के व्यक्तियों की भर्ती करने वाले नियोक्ताओं को पुरस्कृत करता है। भारत की ईएलआई योजना हमारे विशाल अनौपचारिक श्रम बाजार, जनसांख्यिकीय लाभांश और डिजिटल बुनियादी ढांचे के विस्तार जैसी स्थानीय जरूरतों के अनुरूप वैश्विक स्तर की सर्वश्रेष्ठ कार्यप्रणालियों का समावेश करती है।

ईएलआई योजना भारत की रोजगार नीति की परिपक्वता - अल्पकालिक राहत से हटकर दीर्घकालिक श्रम बाजार के विकास की दिशा में बदलाव - को दर्शाती है। ढलती उम्र वाली आबादी के साथ-साथ डिजिटल और हरित बदलावों जैसे व्यापक वैश्विक रुझानों की पृष्ठभूमि में, ऐसी कारगर नीतियां अधिक संख्या में लोगों को गुणवत्तापूर्ण नौकरियां सुलभ कराने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। फिक्की में, हम अपने सदस्यों से इस योजना का सदुपयोग करने हेतु आगे आने का आग्रह करते हैं। नियोक्ताओं- खासकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से जुड़े- को इसे वित्तीय लाभ से कहीं आगे बढ़कर देखना चाहिए। यह योजना परिचालन को बढ़ाने, युवा प्रतिभाओं का दोहन करने, वेतन भुगतान प्रणाली (पेरोल) का औपचारिकीकरण करने और स्थायी आर्थिक मूल्य सृजित करने का एक उपकरण है। उद्योग जगत के एक शीर्ष चैंबर के रूप में, फिक्की इस उद्देश्य का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## आज का कार्टून

गिरफ्तार जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा सालों से चला रहा था धर्मांतरण का सिंडीकेट, हर जाति की लड़कियों का फिक्स था रेट




## राशिफल

**मेष**
दाम्पत्य सम्बन्ध काफी रोमान्टिक रहेंगे। उच्चधिकारी आपके प्रमोशन को लेकर चर्चा कर सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी।

**वृषभ**
आज आप कुछ चुनौतीपूर्ण कार्यों को अन्जाम दे सकते हैं। आप लोगों की समस्याओं को सुलझाने में रूचि लेंगे। पूरी तरह से अपने कारोबार में फोकस बनाये रखें।

**मिथुन**
नव दम्पति किसी पर्यटन का विचार बना सकते हैं। आपकी उपलब्धियों की समूह में चर्चा होगी। प्रेमी जन को उपहार दे सकते हैं।

**कर्क**
आज पेट में दर्द की समस्या हो सकती है। माता के स्वास्थ्य की कुछ चिन्ता हो सकती है। छोटी-छोटी बातों पर तनाव न लें। व्यापारी परेशान हो सकते हैं।

**सिंह**
आज आप काफी अच्छा महसूस कर सकते हैं। तीर्थ यात्राओं में जाने का विचार बनायेंगे। आपकी सम्वादशैली से लोग आकर्षित रहने वाले हैं।

**कन्या**
नया कारोबार आरम्भ कर रहे हैं तो आपको थोड़ी समस्या हो सकती है। अनावश्यक कार्यों में अधिक समय व्यर्थ न करें। लेन-देन में चूक होने की आशंका है।

**तुला**
आपकी दिनचर्या अत्यन्त अनुशासित रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ा पद प्राप्त हो सकता है। उच्च अधिकारी आपसे काफी सन्तुष्ट रहेंगे।

**वृश्चिक**
घर के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। उग्र व्यवहार के कारण सभी के निशाने पर आ सकते हैं। व्यापार में आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी।

**धनु**
गठिया-वात के रोगियों का दर्द बढ़ सकता है। जीवनसाथी से नोंक-झोंक हो सकती है। कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। नये सम्बन्धों के जन्म लेने की सम्भावना बन रही है।

**मकर**
कारोबार को लेकर आप काफी गम्भीर प्रयास करेंगे। परिवार में आपसी तालमेल काफी अच्छा रहेगा। मित्र आपके लिये विशेष सहायक सिद्ध होंगे। रोगियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में आप अधिकारियों से परेशान होंगे। आपकी प्रतिभा लोगों के सामने नये रूप में उभरकर सामने आ सकती है। दाम्पत्य सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी।

**मीन**
आज दिन आपके लिये शुभ नहीं है। जीवनसाथी की सेहत को लेकर चिन्ता महसूस हो सकती है। नये कार्यों में कुछ रुकावटें आने की आशंका है।

# योग सिर्फ व्यायाम नहीं विज्ञान भी है : गिरिराज सिंह

## गुरू पूर्णिमा के मौके पर योग संस्थान के भवन का उद्घाटन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** समाज और प्रशासन एक हो जाए तो किसी भी शहर या स्थान को विकसित होने से नहीं रोका जा सकता है। योग संस्थान के विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं रहेगी। ये बातें केंद्रीय वस्त्र मंत्री सह स्थानीय सांसद गिरिराज सिंह ने गुरुवार को सर्वोदय नगर स्थित योग संस्थान में कही। गुरु पूर्णिमा के मौके पर उन्होंने योग संस्थान के पुनर्निर्मित भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि योग विज्ञान है। योग साधना है। यह केवल व्यायाम भर नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को विश्व में स्थापित करने का काम किया। नगर विधायक कुंदन कुमार आगामी विधानसभा चुनाव जीतने के बाद इस योग संस्थान के विकास के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर देंगे। कार्यक्रम को संबेधित करते हुए सांसद गिरिराज सिंह ने कहा कि योग में नकारात्मक की जगह नहीं होती है। दरभंगा स्नातक क्षेत्र के विधान पार्षद सर्वेश कुमार हमेशा सकारात्मक ऊर्जा से भरे रहते हैं। सर्वेश कुमार कभी नकारात्मक बातें नहीं करते हैं। योग संस्थान में जो भी काम हुआ उसमें सर्वेश कुमार का महत्वपूर्ण योगदान है। दरभंगा स्नातक क्षेत्र के विधान पार्षद सर्वेश कुमार ने कहा कि परिसर में आवासीय भवन बनाया जाएगा। आवासीय भवन बन जाने से उन लोगों को सहुलियत होगी जो दूर दराज से आकर यहां योग सीखेंगे। जीवन को संचालित करने के लिए सेवा, प्रेम और दान की भावना का होना बहुत जरूरी है। स्थानीय विधायक कुंदन कुमार ने इस मौके पर योग की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि मुंगेर योग आश्रम में युवाओं पर काफी रिसर्च किया गया है। इस योग संस्थान को जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी मैं करूंगा। डीएम तुषार सिंगल ने कहा कि योग हमारे दैनिक जीवन में शामिल है। यह जीने की एक पद्धति है। योग अब केवल शरीर को स्वस्थ रखने की प्रक्रिया नहीं है। युवाओं के लिए यह एक करियर अप्शन भी है। कार्यक्रम को योग प्रशिक्षक स्वामी भास्कर चौधरी ने भी संबोधित किया।इससे पहले सभी अतिथियों का बुके और अंग वस्त्र से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन योग संस्थान के सचिव नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. एके राय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन दुर्गा प्रसाद राय ने किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष सुनील कुमार मुन्ना, डिप्टी मेयर अनिता राय, योग शिक्षक स्वामी भास्कर चौधरी, आर्किटेक्ट अनुपमा जी, को-अपरेटिव बैंक के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार सिंह उर्फ धनकू, योग संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. डीपी चौधरी, चकवार कल्याण परिषद के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश कुमार आदि मौजूद थे।

# माउंट लिट्रा स्कूल में कार्यशाला का आयोजन



## खाद्य सामग्री के बेहतर उत्पादन व भंडारण पर की गई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** शहर के माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में दक्षिण बिहार क्षेत्र का स्त्रोत व्यक्ति सह परामर्श दाता का दिशा निर्देशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष डा. सुरेश प्रसाद राय, क्षेत्रीय समन्वयक हर्षवर्धन कुमार, विद्यालय की प्राचार्य डा. शीतल देवा एवं शैक्षिक समन्वयक प्रोफेसर संजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। स्वागत करते हुए डा. शीतल देवा ने कहा सभी विद्वत जन अपने-अपने उप विषय पर अपना अपना मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विद्वत जनों के द्वारा रिसोर्स पर्सन को मार्गदर्शन दिया जाएगा। वह अन्धकार में प्रकाश दिखाने का कार्य होगा। प्रोजेक्ट निर्माण की विधि को विस्तार से बताए तत्पश्चात सतीश रंजन एवं अंत में डा. एनपी राय ने अपना उप विषय खाद सामग्री का बेहतर उत्पादन एवं भंडारण पर अपना विचार प्रस्तुत करते हुए कहा मेरे विषय के अंतर्गत सभी उद्देश्य आ जाते हैं। नई ऊंचाइयों पर पहुंच सके ।अंत में भागलपुर के जिला समन्वयक डक्टर पी के शरण ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की।

## एक नजर

### आरपीएफ ने बरामद की शराब की खेप

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरुवार को लख्मीनिया स्टेशन पर गाड़ी संख्या 63305 अप कटिहार सोनपुर सवारी गाड़ी से आम की टोकरी में शराब छुपा कर लाए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन हेतु आरपीएफ बेगूसराय व जीआरपी बेगूसराय की संयुक्त टीम के द्वारा लखमिनिया स्टेशन पहुंचकर निगरानी किया जाने लगा। गाड़ी संख्या 63305 अप के समय 10.16 बजे लखमिनिया स्टेशन आगमन पर देखा गया कि एक आदमी ट्रेन से आम की टोकरी उतार कर प्लेटफार्म पर रख रहा है। संदेह होने पर उसे पकड़ा गया। पूछने पर उसने अपना नाम मुन्ना केवट 31 वर्ष पिता रामजी केवट, घर चांदपुर, थाना नीमाचांदपुरा जिला बेगूसराय बताया। उसके आम की टोकरियों को चेक किया गया तो 4 आम की टोकरी में आम के अंदर छुपा कर रखा हुआ 111 बरामद किया गया। सभी का कुल धारिता 58.500 लीटर है । तत्पश्चात मौके की कार्यवाही के बाद कांड पंजीकरण की कार्यवाही किया जा रहा है।

### गुरु पूर्णिमा पर एक पेड़ गुरु के नाम

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर एक पेड़ गुरु के नाम बिहिया प्रखंड के निरनपुर गांव के किसान दिनेश पांडेय के खेत में चंदन के पांच पौधे गुरुओं के नाम लगाए गए। जिसमेऔ पहला हनुमान जी, दूसरा चैतन्य महाप्रभु, तीसरा रामकृष्ण परमहंस, चौथा स्वामी विवेकानंद और पांचवा भगवा ध्वज के नाम पर लगाया गया। पर्यावरण विद रमेश कुमार सुदामा के सानिध्य में पौधारोपण हुआ। रमेश कुमार सुदामा ने कहा कि संसार में 33 % जंगल अनिवार्य है। परन्तु मानव की जनसंख्या में अतिशय वृद्धि के कारण स्वार्थी मानवों ने जंगलों की अंधाधुंध कटाई किया है। परिणामस्वरूप प्राकृतिक ऑक्सीजन की किल्लत के साथ साथ आपदाओं से जन जीवन परेशान है। यदि अभी सावधान नहीं हुए तो पानी की बोतल के तरह ऑक्सीजन के गैस सिलेंडर पीठ पर लेकर चलना होगा। अतः दुनियाभर के मानव अपने घरों के आसपास कम से कम 10 पेड़ अवश्य लगायें। हरा-भरा पेड़ मानव के जीवन का आधार है। जब जंगल समाप्त हो जायेगा तब मानव भी धरती से स्वतः डायनासोर के तरह समाप्त हो जायेगा। मौके पर दिनेश पांडेय , जितेंद्र यादव, परमहंस राम, इंद्रजीत राम, पिंटू यादव सहित अनेक लोग शामिल हुए।

### गुरुचरण पूजन में सैकड़ो भक्त हुए शामिल

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में गुरुवार को विश्व प्रसिद्ध मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर में महाभोग का आयोजन किया गया। इस महाभोग में देश के कई राज्यों से हजारों की संख्या में भक्तगण पहुंच कर परमपूज नानु बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किया। महाभोग से पूर्व मां खड्गेश्वरी महाकाली के साधक नानू बाबा ने अपने शिष्यों ने गुरु पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी शिष्यों ने नानू बाबा का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नानु बाबा के शिष्यों ने बताया की मां खड्गेश्वरी महाकाली से गुरु नानु बाबा की जीवन लंबी जीवन आयु की कामना किये। भक्तों ने बताया कि आज का दिन खास है।इसलिए गुरु का आशीर्वाद लेना अनिवार्य है। इसलिए हम लोग नानु बाबा से आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचे हैं। गुरु पूर्णिमा के दिन काली मंदिर में महाभोग का आयोजन किया जाता है।जबकि मंदिर को भी आकर्षक रूप से सजाया गया। मंदिर का आकर्षक रूप भक्तों को काफी आकर्षित कर रहा था। जिसे देख सेल्फी का भी होर लगा रहा। मौके पर किमी आनंद उर्फ़ भैरव पांडे, डॉ प्रहलाद वर्मा, डॉ विद्या रानी वर्मा, राम जिनिस पासवान, अरुण मिश्रा, सूरज कुमार, आकाश मालाकार,किशोर कुमार, किशन भगत, धीरज पांडे, रोशन दुबे, शंकर मालाकार, नीरज मंडल, अरुण आनंद, सम्राट धर्मेंद्र, विकास सिंह, आदर्श राज, मायानंद पासवान, धर्मेंद्र पासवान, राजू पासवान, गुड्डू सिंह, दीपक सिन्हा, दिलीप सोनकार, अखिलेश दास, गोलु सहाय, हेमंत कुमार हीरा आदि मौजूद थे।

# छत की रेलिंग गिरने से शिक्षक सहित चार जखमी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** मिडिल स्कूल रजाकपुर का छत की रेलिंग टूट कर गिर जाने से एक शिक्षक सहित चार व्यक्ति जख्मी हो गए। घटना गुरुवार को मध्याह्न अवकाश के समय घटी। जख्मियों में प्रभारी शिक्षक राजीव कुमार, रसोइया राजकुमार पासवान, छात्रा सीमा कुमारी, ग्रामीण मो इसामुल हैं। जख्मियों का इलाज निजी क्लीनिक में किया गया। रसोइया राजकुमार की गंभीर स्थिति के मद्देनजर बेगूसराय के निजी क्लीनिक में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां वह गहन चिकित्सा कक्ष में इलाजरत है। घटना के संबंध में ग्रामीण मो इसामुल ने बताया कि मध्याह्न अवकाश के समय बाहरी चार बच्चे को स्कूल के छत पर देखा। इसकी शिक्षक से शिकायत करने के लिए स्कूल आया। स्कूल में प्रवेश करते ही गेट पर बना गोल कमरे के छत के रेलिंग का ईट टूट कर उसके सिर, गर्दन आदि पर गिरने लगा। शिक्षक राजीव कुमार बच्चों को पोषाहार की व्यवस्था हेतु वहाँ खड़े थे, रसोइया राजकुमार भोजन लेकर जा रहा था, छात्रा सीमा भी वही किसी काम से खड़ी थी। उन लोगों के शरीर पर भी रेलिंग के ईट गिरने से चोटिल हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ उमड़ गई। सभी भवन की गुणवत्ता पर सवाल उठाने लगे। घटना की सूचना मिलते ही बीईओ अनिल कुमार चौधरी स्कूल पहुंच कर मामले की तहकीकात की और घटना पर दुख व्यक्त किया। इलाजरत रसोइया राजकुमार को हरसंभव मदद का भरोसा दिया। मौके पर उप प्रमुख नंदकिशोर पासवान, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार, पूर्व पैक्स अध्यक्ष शंकर राय, मो आदम, मो मोहित, स्कूल के शिक्षक, शिक्षिका, ग्रामीण आदि मौजूद थे।

# गुरु के सान्निध्य में शिष्य को ज्ञान, भक्ति और योग की प्राप्त होती है : निदेशक

## गुरु पूर्णिमा का संत पॉल स्कूल में भव्य आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तेघड़ा।** संत पॉल पब्लिक स्कूल, तेघड़ा में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भारतीय संस्कृति में गुरु की महिमा को समर्पित एक सांस्कृतिक व आध्यात्मिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में गुरु के प्रति सम्मान, आभार और आत्मिक संबंध की भावना को प्रबल करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रातरूकालीन प्रार्थना सभा में सरस्वती वंदना से हुई। जिसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने गुरु वंदना कर शिक्षकों को नमन किया। इसके उपरांत विद्यार्थियों द्वारा श्लोक पाठ, कविता पाठ, भजन, नृत्य और नाट्य जैसी विविध रंगारंग प्रस्तुतियाँ दी गईं। गुरु महिमा नामक लघु नाटक ने दर्शकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। इस नाटक में सृष्टि कुमारी (गुरु), आर्षि कुमारी (गुरुमाता), रितिका कुमारी (वरदराज शिष्य) सहित उज्जैफ आलम, अविनाश, अंशुमनी, अनुराग, अभिलक्ष्य सिद्धार्थ आदि छात्रों ने उत.ष्ट अभिनय प्रस्तुत किया। नाटक का संदेश था कि निरंतर अभ्यास और गुरु के मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। जैसे रस्सी की रगड़ से पत्थर पर भी निशान बन जाता है। कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब आया जब विद्यार्थियों ने अपने-अपने गुरुओं को पुष्प अर्पित कर चरण वंदना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय की प्राचार्या तनु सौरभ ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में गुरु को जीवन का पथप्रदर्शक, प्रेरक और चरित्र निर्माता बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को गुरु के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा यह सृष्टि एक अखंड मंडलाकार व्यवस्था है। जिसकी ऊर्जा का स्रोत परम तत्व है। उस तत्व से आत्मिक संबंध को जानने और समझने का प्रयास गुरु के चरणों में बैठकर ही संभव है। जैसे सूर्य की तपती भूमि को वर्षा शीतलता देती है, वैसे ही गुरु के सान्निध्य में शिष्य को ज्ञान, भक्ति और योग की ऊर्जा प्राप्त होती है।इस आयोजन को सफल बनाने में राम कुमार मिश्रा (समन्वयक), प्रफुल्ल कुमार, भारती कुमारी, प्रीति प्रिया, कंचन कुमारी, प्रेम माधुरी, शिव शंकर मिश्रा, राकेश कुमार सहित समस्त शिक्षकों और कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

# जीविका के माध्यम से उत्पादों की ब्रांडिंग और बिक्री के लिए मिलेगा प्लेटफार्म : गिरिराज

## दीदी का सिलाई घर प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** केंद्रीय वस्त्र मंत्री, भारत सरकार गिरीराज सिंह द्वारा चेरिया बरियारपुर एवं बरौनी प्रखंड में 'दीदी का सिलाई घर प्रशिक्षण-सह- उत्पादन केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जीविका के तहत महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस केंद्र के माध्यम से जीविका दीदियों को सिलाई-कढ़ाई के आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण के साथ-साथ उत्पादन कार्य का भी अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें स्वरोजगार के साधन उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण के उपरांत महिलाएं स्कूल ड्रेस, बैग, मास्क, लेडीज एवं जेंट्स वियर आदि का उत्पादन कर अपनी आमदनी बढ़ा सकेंगी। मंत्री ने कहा कि महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाया जाएगा। जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी तथा वह आर्थिक सशक्त होगी। स्थायी रोजगार के अवसर प्रशिक्षण के साथ-साथ उत्पादन कार्य भी शुरू होगा जिससे दीदियों को निरंतर काम और आय का स्रोत मिलेगा। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि सदर प्रखंड में पूर्व में इस तरह का एक केंद्र का संचालन जीविका द्वारा सफलता पूर्वक किया जा रहा है। इस केंद्र से लगभग 100 दीदियां प्रशिक्षित होकर आज सिलाई को अपने आजीविका का साधन बना चुकी हैं। इस अवसर पर खेल मंत्री बिहार सरकार विधायक सुरेंद्र मेहता, जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, विधायक बेगूसराय कुंदन कुमार, उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार, सहायक समाहर्ता सह सहायक दंडाधिकारी अजय यादव, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी बेगूसराय एवं मंझौल सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# भिखारी ठाकुर का मना स्मृति दिवस

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लोककलाकार भिखारी ठाकुर की 54वां स्मृति दिवस भोजपुर जिले के पुराना हरिपुर में गुरुवार को मनाई गई। अध्यक्षता सांस्कृतिक लोकस्वर के प्रधान सम्पादक पूर्व शिक्षक राजाराम सिंह प्रियदर्शी व मंच संचालन सुनील कुमार सोनी ने किया। इस अवसर पर प्रो विजय कुमार कुशवाहा, प्रो0 सियामती राय, प्रो ब्रजेश कुमार राय, अराजपत्रित कर्मचारी संघ के भोजपुर जिला सचिव उमेश कुमार सुमन, राजद ग्रामीण प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सीपी चक्रवर्ती, सरस बिहार के कोषाध्यक्ष एवं समता ग्रुप बिहार के सदस्या मंजू कुमारी, महानन्द सिंह, नारियों की मुक्ति के लिए चलाई लेखनी का संग्रह 'मुक्ति' के लेखक सुरेन्द्र शर्मा विशाल, कृष्णा ठाकुर ब्यास, जय प्रकाश ठाकुर, मंजू कुमारी, सरस बिहार के अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप शर्मा समेत अन्य मौजूद थे।

# हाई रिस्क कोरोनरी एंजियोप्लास्टिक सर्जरी हुई आसान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** शहर के बाघा स्थित जीवंतिका सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल ने हार्ट के मरीज का हाई रिस्क कोरोनरी एंजियोप्लास्टिक ऑपरेशन कर जिले का मान बढ़ाया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए हृदय रोग विषेशज्ञ डा. सुमित वर्मा ने बताया की पूर्वी बिहार में पहली बार आईभीयूएस एवं रोटा तकनीक से कोरोनरी एंजियोप्लास्टिक किया गया। इस जटिल अपरेशन को मेरी अगुवाई में कार्डियक टीम के द्वारा आईवस एवं रोटा मशीन की तकनीक से किया गया। इस बाबत डा. वर्मा ने कहा कि जिले के तेघरा बजलपुरा गांव निवासी 55 वर्षीय सुबोध राय इस रोग से ग्रसित मेरे अस्पताल में आये। जिन्हें सीने में दर्द, पसीना आना, चलने पे सांस फूलना, घबराहट के साथ-साथ अजीब सी बेचैनी थी। रोगी की स्थिति काफी नाजुक थी। इसके बावजूद परिजनों के आग्रह पर हमारी टीम के द्वारा इलाज प्रारंभ किया गया। शुरुआती जांच के बाद यह निर्णय लिया गया कि हाई रिक्स कोरोनरी एंजियोप्लास्टिक आईवस एवं रोटा टेक्निक के द्वारा ही रोगी का इलाज संभव है। इसके बाद इस अपरेशन के लिए रोटा मशीन को हैदराबाद से एवं आईवस मशीन पटना से लाया गया। अंतर्राष्ट्रीय मेडिकल इक्विपमेंट बनाने वाली बोस्टन कंपनी के लोगों ने बहुत कम समय में इस मशीन को बेगूसराय में उपलब्ध कराकर इस अपरेशन को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। इस प्रकार बेगूसराय ने हाई रिक्स कोरोनरी एंजियोप्लास्टिक आईवस एवं रोटा टेक्निक कर देश में अपनी पहचान मेट्रो सिटी के बराबर कर ली। डा. वर्मा ने बताया की हार्ट अटैक आज के दिनों में देश के गांव-गांव एवं युवा उम्र तक अपनी पहुंच बना चुका है। सुबोध सहाय जिस रोग के शिकार थे। उसकी चर्चा करते हुए डा. वर्मा ने बताया कि इस रोग के शिकार मरीज को सीने में दर्द, पसीना आना, चलने पे सांस फूलना, घबराहट के साथ-साथ अजीब सी बेचैनी होना, इसके प्रमुख लक्षण है।

# जदयू का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** जनता दल यूनाइटेड अररिया अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी शामिल हुए। जहां कार्यकर्ताओं ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। जिले के पुराना डाक बंगला में गुरुवार जनता दल यूनाइटेड अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के द्वारा एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बिरेंद्र कुमार राय एवं सफल संचालन अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम मंडल ने किया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद सह जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी शामिल होकर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने शासनकाल में अति पिछड़े समाज के सर्वांगीण विकास के लिए अनेकों अनेक लाभकारी योजनाएं चलाएं। इससे इस समाज को काफी लाभ मिला। पंचायती राज एवं नगर निकाय में आरक्षण देकर इस समाज को सशक्त करने का काम किया। महिलाओं के लिए बिहार में डोमिसाल नीति लागू कर हमारे नेता ने बिहार की महिलाओं को एक बहुत बड़ा तोहफा दिया इसके लिए मुख्यमंत्री धन्यवाद के पात्र हैं। मुस्लिम समुदाय के कुल्हैया जाति को अति पिछड़ी जाति में शामिल कर इसे शैक्षणिक आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सबल करने का काम किया। मुख्यमंत्री जी के शासनकाल में चौतरफा विकास हुआ। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री लक्ष्मेश्वर राय ने कहा कि मुख्यमंत्री जी समाज के हर वर्गो की हमेशा चिंता करते हैं। जदयू नेत्री शगुफ्ता अजीम ने कहा कि मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के सम्बोधन से कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार हुआ। सम्मेलन में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री मंजर आलम, पूर्व विधायक पदम पराग वेणु, जदयू नेत्री पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शगुफ्ता अजीम,जिप अध्यक्ष आफताब अजीम उर्फ पप्पू अजीम, जिला अध्यक्ष आशीष पटेल, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम मंडल,व उमेश चन्द्र रॉय ,अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव महेंद्र सिंह चौहान व उपेंद्र मंडल,जिला उपाध्यक्ष रेशम लाल पासवान, जिला प्रवक्ता सुनील चंद्रवंशी, संचिता मंडल, सुशीला साह,सुनील राय, पवन मिश्रा, रमेश सिंह, रमेश कुमार राय, डॉ एम आलम, नौशाद आलम, किशोर कुमार राय, सीता देवी, रजी अहमद, शाद अहमद बबलू, सत्यनारायण यादव, बाणेश्वर वर्मा, लक्ष्मण राय, नंदकुमार राय, ब्रजेश राय, निरंजन सिंह दांगी आदि थे।

# 54वीं पुण्यतिथि पर भिखारी ठाकुर को भारत रत्न देने की उठी मांग

## भोजपुरी की लड़ाई में भोजपुरिया समाज के पृथक होने पर मंथन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** स्थानीय पटेल बस पड़ाव परिसर स्थित भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच पर गुरुवार को भिखारी ठाकुर की 54 वीं पुण्यतिथि एक परिचर्चा के रूप में मनाई गई। विषय था 'वर्तमान में भोजपुरी आऊर भिखारी ठाकुर'। अध्यक्षता जेपी सेनानी डॉ जया जैन, संचालन पत्रकार नरेंद्र सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन आनंद मोहन ने किया। सर्वप्रथम भिखारी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात बाबू ललन जी और उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान के द्वारा आयोजित परिचर्चा में बोलते हुए जेपी सेनानी सुशील तिवारी, लोक गायिका प्रियंका राय, भोजपुरिया जन मोर्चा के बिनोद सिंह, वरिष्ठ रंगकर्मी कृष्णा यादव' कृष्णेंदु' साहित्यकार डॉ किरण कुमारी, डॉ वीरेंद्र कुमार शर्मा, अधिवक्ता देवी दयाल राम, डॉ कुमार शीलभद्र, गायक धनी पांडेय, योग गुरु स्वामी विक्रमादित्य, डॉ उमेश सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार जनार्दन मिश्रा, पत्रकार विजय कुमार सिंह, कमलेश पांडेय, माले के जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम आदि ने भिखारी ठाकुर को भारतरत्न देने तथा पटना स्थित भोजपुरिया एकेडमी को पुनर्जीवित करने की मांग करते हुए कहा की भोजपुरिया समाज को विभिन्न राजनीतिक दल सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं और समाज उनके छलावे में उलझाता रहता है। सवर्ण क्रांति सेना की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम सिंह, डॉ दिनेश प्रसाद सिन्हा, विजय बहादुर सिंह, पप्पू सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, अमरदीप कुमार जय, रणधीर कुमार राणा, व्यास कमलेश पासवान आदि ने स्पष्ट कहा कि समाज संगठित नहीं है जिसके कारण राजनीतिक दल हमें अपना अपना वोट बैंक समझता है। भोजपुरिया समाज में क्या क्या कमियां है इस पर भी समाज को विश्लेषण करना चाहिए। भिखारी ठाकुर ने भोजपुरी को जन जन तक पहुंचाया। आठवीं अनुसूची में शामिल अन्य भाषा के नेताओं और भाषा भाषी लोगों से हमें सिख लेनी चाहिए। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ जया जैन ने स्पष्ट कहा कि अश्लील गायिकी और अब तक भोजपुरी आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं हो सका के जिम्मेवार राजनेताओं से ज्यादा भोजपुरिया समाज है क्योंकि भोजपुरिया समाज सशक्त लड़ाई नहीं लड़ पा रहा है।

# खेत में सो रहे बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के शकूराबाद थाना क्षेत्र के मलहचक गांव में एक बुजुर्ग किसान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत फैल गई है। मृतक की पहचान मलहचक गांव निवासी 60 वर्षीय शिवनंदन बिना के रूप में हुई है।जानकारी के मुताबिक, शिवनंदन बिना बीते कई दिनों से अपने खेत में धान पटवन के लिए समरसेबल मोटर पंप के पास ही सो रहे थे। बुधवार रात भी वे खाना खाने के बाद बधार में खेत पर चले गए थे। गुरुवार की सुबह उनके बड़े भाई शौच के लिए खेत की ओर गए, तो उन्होंने शिवनंदन का शव देखा। मृतक के शरीर पर तीन जगह गोली लगने के निशान मिले हैं। गोली उनके पीठ, छाती और गले में मारी गई है। परिजनों का कहना है कि मृतक का किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। ग्रामीणों का मानना है कि खेतों में सक्रिय मोटर चोरी करने वाले गिरोह की यह करतूत हो सकती है। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि संभवतः शिवनंदन ने किसी चोर को पहचान लिया होगा, जिस कारण उनकी हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही शकूराबाद थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जहानाबाद भेज दिया है। घटना के बाद मृतक के बेटे अनिल कुमार समेत पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है और अभी तक कोई आधिकारिक बयान पुलिस का इस घटना पर नहीं आया है।गांव में हत्या के इस वारदात के बाद दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने आरोपितों के जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

## अवर निबंधक को दी गई विदाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**केसरिया (पूर्वी चम्पारण)।** अवर निरीक्षक पदाधिकारी दिव्यांशु दिव्याल के विदाई गुरुवार को समारोह पूर्वक मनाई गई साथ ही नव पदास्थापित जितेंद्र कुमार का स्वागत किया गया। समारोह की अध्यक्षता कातिब संध के अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा व संचालन बृजेश श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि विदाई या जुदाई शब्द बड़ा ही मार्मिक होता है लेकिन परंपरा हर किसी को निभानी पड़ती है। सरकारी सेवा में आने वालों की स्थानान्तरण अनिवार्य है। वक्ताओं ने चर्चा करते हुए कहा कि इनके मधुर स्वभाव, सरलता और कर्मठता की चर्चा करते हुए कहा कि इनका कार्य शैली सराहनीय था। सभी ने उपहार भेंट कर स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना की।

## रक्सौल बॉर्डर का एसएसबी महानिरीक्षक ने किया निरीक्षण सीमा सुरक्षा और संरचना विकास पर दिया विशेष जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित रक्सौल एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी) और मैत्री पुल का निरीक्षण सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के सीमांत मुख्यालय, पटना के महानिरीक्षक निशीत कुमार उज्जवल (भा.पु.से) ने किया। उनका यह दौरा सुरक्षा, आधारभूत ढांचे और बहु-एजेंसी समन्वय के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। 3 जुलाई 2025 को पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनका रक्सौल बॉर्डर का पहला निरीक्षण दौरा था। 2001 बैच के आईपीएस अधिकारी एवं मणिपुर कैडर के श्री उज्जवल ने इस दौरान भारतीय कॉन्सुलेट, एसएसबी, कस्टम, और आईसीपी से जुड़े विभिन्न अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने सीमा पार आवागमन को सुरक्षित, सुगम और पारदर्शी बनाने के लिए बहु-एजेंसी समन्वय को और मजबूत करने की आवश्यकता बताई।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने आईसीपी पर यात्रियों की आवाजाही, मालवाहन प्रक्रिया, सुरक्षा जांच, निगरानी तंत्र और यात्री सुविधाओं की स्थिति का गहन अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने एसएसबी की विकास परियोजनाओं, प्रवेश नियंत्रण और लॉजिस्टिक सपोर्ट जैसे बिंदुओं की भी समीक्षा की। महानिरीक्षक उज्जवल ने जवानों से संवाद करते हुए कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर सशक्त निगरानी, आधुनिक आधारभूत संरचना और एजेंसियों के बीच सहयोग से ही सुरक्षा एवं स्थायित्व का माहौल बन सकता है। एसएसबी के जवानों की प्रतिबद्धता प्रशंसनीय है। उन्होंने बॉर्डर की संवेदनशीलता को देखते हुए सतर्कता और दक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए।

**बॉर्डर पर बढ़ी है सतर्कता**

हाल के दिनों में रक्सौल बॉर्डर पर चीन, बांग्लादेश सहित कई देशों के विदेशी नागरिकों की गिरफ्तारी और मैत्री पुल पर एसएसबी पोस्ट की स्थापना को लेकर नेपाल एपीएफ व स्थानीय कस्टम की आपत्ति जैसी घटनाओं ने इस क्षेत्र को अति-संवेदनशील बना दिया है।

इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में बहु-एजेंसी समन्वय, सुरक्षा निगरानी की मजबूती, और बुनियादी सुविधाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना था। यह संकेत है कि भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा और विकास, दोनों को लेकर केंद्र और सुरक्षा एजेंसियां गंभीर और पूरी तरह सक्रिय हैं।

## वाणावर श्रावणी मेला को लेकर डीएम एवं एसपी ने किया पहाड़ी इलाके का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड क्षेत्र के वाणावर में लगने वाले श्रावणी मेला को लेकर जिले के डीएम अलंकृता पांडे एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने मेला स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान पदाधिकारीयो ने पातालगंगा एवं हथियाबोर इलाके से मंदिर जाने वाले रास्ते का जायजा लिया एवं उपस्थित पदाधिकारी को कई निर्देश दिए। वहीं डीएम ने बताया कि मेले के दौरान मेला क्षेत्र में बिजली, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा, महिलाओं के लिए कपड़ा चेंजिंग रूम, यात्री सेड, मेडिकल समेत कई इंतजाम किए गए हैं। मंदिर जाने वाले रास्ते में लाइट लगाए जा रहे है वही श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए सूचना केंद्र, खोया पाया सेंटर, मेडिकल कैम्प, दवाएं, एम्बुलेंस समेत कई व्यवस्था की गई है। मेला का उद्घाटन शुक्रवार को होगा जो एक महीने तक चलेगा। मौके पर जिला एवं प्रखंड के कई अधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। बताते चले कि वाणावर पहाड़ में श्रावणी मेला के दौरान बिहार के कई जिलों से श्रद्धालु पहुंचकर जलाभिषेक किया करते हैं वही पहाड़ी इलाका में मौर्य सम्राट अशोक द्वारा बनवाए गए मानव निर्मित सतघरवा गुफाओं का अवलोकन करते हैं।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य तेज, अब तक 12.76 लाख गणना प्रपत्र अपलोड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान पूरे जोर-शोर से जारी है। इसी क्रम में रक्सौल के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) द्वारा बुधवार को प्रपत्र अपलोडिंग की प्रक्रिया का निरीक्षण किया गया। अब तक जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों से 12,76,770 गणना प्रपत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए जा चुके हैं। इसमें बीएलओ के माध्यम से 12,26,116 और नागरिकों द्वारा स्वयं 48,972 प्रपत्र अपलोड किए गए हैं। केवल 10 जुलाई को ही 1,82,407 प्रपत्रों का अपलोड किया गया। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने जानकारी दी कि पूर्वी चंपारण जिले में कुल 36,89,848 मतदाता पंजीकृत हैं। अभियान के तहत 7 जनवरी 2025 को प्रकाशित निर्वाचक सूची में दर्ज सभी मतदाताओं का सत्यापन किया जा रहा है। इसके लिए प्रीप्रिंटेड गणना प्रपत्र भरवाए जा रहे हैं, जिसे बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर वितरित, संकलित और अपलोड किया जा रहा है।

डीएम श्री जोरवाल ने बताया कि यह कोई नया कार्य नहीं है, बल्कि यह प्रक्रिया हर वर्ष चलती है। फर्क केवल इतना है कि इस बार हर मतदाता का व्यक्तिगत सत्यापन किया जा रहा है, ताकि निर्वाचक सूची की शुद्धता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि हाउस-टू-हाउस सर्वेक्षण कार्य 25 जून से शुरू हुआ है, जो 26 जुलाई 2025 तक चलेगा। इस दौरान सभी योग्य मतदाताओं से फॉर्म भरवाकर अपलोडिंग कराई जाएगी।

ड्राफ्ट मतदाता सूचीः 1 अगस्त 2025 को प्रकाशित होगी।

दावा-आपत्ति की अवधिः 1 अगस्त से 1 सितंबर तक निर्धारित है।

अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशनः 30 सितंबर 2025 को किया जाएगा। डीएम ने अपील की कि नागरिक दस्तावेजों को लेकर चिंतित न हों, केवल भरे हुए और हस्ताक्षरित फॉर्म बीएलओ को वापस दें, ताकि समय पर अपलोडिंग हो सके। दस्तावेजों की पूर्ति के लिए दावा-आपत्ति की अवधि में एक माह का समय मिलेगा। निरीक्षण में एसडीओ रक्सौल के साथ डीसीएलआर व अन्य वरीय पदाधिकारी भी शामिल थे। अधिकारीगण लगातार फील्ड में भ्रमण कर अभियान की प्रगति की निगरानी कर रहे हैं।

## पूर्वी चंपारण में 6,354 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा कराई गई उपलब्ध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** राज्य में इस वर्ष अब तक सामान्य से कम वर्षा दर्ज की गई है, जिससे कई जिलों में खेती योग्य भूमि की समय पर सिंचाई एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। ऐसे में, जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा किसानों की जरूरतों को सर्वोपरि रखते हुए सिंचाई योजनाओं के माध्यम से जल आपूर्ति की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही हैद्य इसी कड़ी में हाल ही में पूर्वी चंपारण जिले के विभिन्न प्रखंडों में कुल 6,354 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसमें तिरहुत नहर अंचल बेतिया के माध्यम से 435 हेक्टेयर एवं तिरहुत नहर अंचल रक्सौल के माध्यम से 5,919 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा बहाल हुई।इस पहल से पूर्वी चंपारण के सुगौली, पहाड़पुर सहित कई प्रखंडों के हजारों किसान लाभान्वित हो रहे हैं। खरीफ की रोपनी के महत्वपूर्ण समय पर सिंचाई सुविधा की उपलब्धता से न सिर्फ कृषि गतिविधियों को गति मिली है, बल्कि किसानों में भी राहत और विश्वास का वातावरण बना है।

## श्रद्धा और भक्ति के माहौल में संपन्न हुआ गुरु पूर्णिमा का त्यौहार

नवबिहार टाइम्स



नयन जल से चरण पखारूं गुरूवर के..... कुछ इसी तरह के गीत के भाव और मन में गुरु के प्रति अगाध प्रेम और आस्था मन में लिए श्रद्धालु अपने गुरुओं का वंदन कर रहे थे। इस बार गुरुवार को पड़ने वाले गुरु पूर्णिमा के शुभ पावन अवसर पर लक्ष्मी नारायण मंदिर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखने को मिली। गुरु के दर्शन और वंदन के साथ गुरु पूर्णिमा का त्यौहार धूमधाम से संपन्न हो गया। आषाढ़ महीने के पूर्णिमा के दिन आयोजित होने वाला गुरु पूर्णिमा श्रद्धालुओं और गुरु भक्तों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं है, शायद इसलिए बड़ी संख्या में भक्त अपने गुरुवर की पूजा अर्चना करने प्रातः से 4 बजे से ही लक्ष्मी नारायण मंदिर में पहुंचकर पूजा के लिए पंक्तिबद्ध हो गये। गीता भवन में ब्रह्मलीन स्वामी रंग रामानुजाचार्य महाराज के चित्र पर भक्तों ने अपनी श्रद्धा अर्पित किया। भक्त अपने सजल नेत्रों से परम श्रद्धेय अपने गुरुवर को अपलक निहारने में कंजूसी नहीं कर रहे थे। इस दौरान श्रद्धालु अपने भक्ति श्रद्धा एवं विश्वास के अनुसार गुरू के निष्ठा के रूप में अन्न, वस्त्र, द्रव्य आदि का चढ़ावा भी करते देखे गये। इस अवसर पर मंचासीन मठाधीश हरेरामाचार्य जी महाराज की भी पूजा अर्चना हो रही थी तथा लोग उनसे आशीर्वाद ले रहे थे। हालांकि पहले की तुलना में (बैकुंठवासी श्री रामानुजाचार्य जी महाराज के समय) भक्तों की उतनी भीड़ देखने को नहीं मिली और न ही पूर्व की भांति रौनक देखी गई। इस अवसर पर आचार्य हरेरामाचार्य जी महाराज द्वारा भक्तों को गुरु पूर्णिमा के महत्व के बारे में बताया गया- इस दौरान उन्होंने आगत श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जगत में किसी को कुछ भी आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त हुआ है या हो रहा है वह वेदव्यास जी की ही देन है। उनके जन्म तिथि को ही गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि वेद व्यास निर्मित महाभारत और पुराणों पंचम वेद के रूप में स्वीकार किया जाता है। व्यास जी ने इन शास्त्रों के द्वारा विश्व में ज्ञान ज्योति को जलाकर अज्ञानता को मिटाया। उन्होंने बताया कि भगवान और आचार्य में बहुत कुछ समानता भी होती है। जैसे अज्ञान को दूर करने वाले भगवान हैं उसी तरह सद्गुरु अपने सदुपदेशों द्वारा शिष्यों के अज्ञान को नष्ट करते हैं। उन्होंने गुरु और भगवान की तुलना करते हुए बताया कि भगवान पापों को नष्ट करने वाले हैं वैसे ही गुरु शिष्य के पाप को नष्ट कर देते हैं। भगवान अपने आश्रित जीवो के ऊपर कृपा करके अपने समान पद देते हैं, इसी प्रकार आचार्य ही अपने शिष्यों को ज्ञान वैराग्य भगवत भक्ति और भगवत कृपा की प्राप्ति में अपने समान बना देते हैं। पूजा एवं आरती के बाद भक्तों के लिए विशेष प्रसाद की व्यवस्था मंदिर परिवार के द्वारा किया गया था काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

## माइक्रो इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट पर दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**जहानाबाद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), गया जी में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 9 एवं 10 जुलाई को किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य माइक्रो इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट के अंतर्गत शिक्षकों को संख्या ज्ञान, गणना कौशल, व्यावहारिक गणना विधियों एवं गतिविधि आधारित शिक्षण तकनीकों से परिचित कराना था।प्राचार्य डॉ. अजय कुमार शुक्ला ने स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यवस्तु में बदलाव, लक्षित गतिविधियों की योजना, और स्थानीय परिवेश की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि कार्यशाला में निर्मित विषयवस्तु सभी शिक्षकों के लिए ग्राह्य एवं उपयोगी होनी चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि डायट गया इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि जिले के सभी शिक्षकों तक एमआईपी के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पहुंच सके। संस्थान के वरीय व्याख्याता डॉ. गणेश प्रसाद साव ने शिक्षकों के साथ समन्वय में कार्य करते हुए सरल भाषा में शिक्षण प्रक्रियाओं के प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया। दीक्षा की गयाजी जिला समन्वयक सुनीता कुमारी ने कार्यशाला की विषयवस्तु का परिचय प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त निधि नैनम, वंदना कुमारी एवं अन्य संकाय सदस्यों ने विषयवस्तु निर्माण में सहयोग प्रदान किया। कार्यशाला का संचालन बरुण कुमार ने किया। इस अवसर पर कुल 15 शिक्षक एवं तकनीकी टीम के सदस्य उपस्थित रहे। प्रतिभागियों में ह्यूमाना से डॉ. अमित, लालमन एवं वर्षा कुमारी, मंत्रा से शुभा, तथा करुणोदय से अजित, विवेक विशेष रूप से सम्मिलित हुए। यह कार्यशाला शिक्षक क्षमता निर्माण एवं शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास सिद्ध हुई।

## बाबा सिद्धनाथ मंदिर में 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जिले के ऐतिहासिक प्राकृतिक छटाओं से परिपूर्ण वाणावर पहाड़ स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ गई। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गयी वही मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। श्रद्धालु पहाड़ी इलाका के हथियाबोर, पातालगंगा, एवं बावन सीढ़िया इलाके में बने जल स्रोत से स्नान कर पहाड़ की चोटी पर स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर पहुंचे। जहां श्रद्धालुओं ने बाबा सिद्धनाथ पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया। इस दौरान बोल बम, हर- हर महादेव की जय घोष से पहाड़ी इलाका गूंजता रहा। वही श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। स्थानीय थाने के अलावे पुलिस लाइन और दूसरे अन्य थानों के पुलिस और दंडाधिकारी लगाए गए थे। इस बाबत मंदिर के प्रबंधक भानु प्रताप उर्फ गुड्डू सिंह ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर लगभग 20 हज़ार से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया है।

## कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ: मंकेश्वर सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**केसरिया (पूर्वी चम्पारण)।** श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष व भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मंकेश्वर सिंह ने बताया कि यज्ञ का आयोजन 11 जुलाई से प्रारंभ होगी। सतरघाट स्थित गंडक नदी से कलश शोभा जल यात्रा निकाली जाएगी। यह आयोजन चकिया-केसरिया मार्ग पर राजपुर स्थित केसर कोल्ड स्टोरेज परिसर में किया जाएगा। मंकेश्वर सिंह ने बताया कि 12 जुलाई को वेदी पूजा, अन्नाधिवास, पुष्पधिवास और नगर भ्रमण कार्यक्रम होंगे। 13 जुलाई को प्राण प्रतिष्ठा और हवन पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

## गुरु पूर्णिमा पर 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के घोसी प्रखंड के उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अलीगंज के प्रांगण में आयोजित गुरु पूर्णिमा सह 'एक पेड़ मां के नाम' के शुभ अवसर पर प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ, जहानाबाद एवं विद्यालय के यूथ एवं इको क्लब के द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक निरंजन कुमार सहित कई शिक्षक एवं छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे। मौके पर उपस्थित प्रधानाध्यापक निरंजन कुमार ने कहा कि गुरु पूर्णिमा जैसे पावन अवसर पर पौधारोपण करना एक सकारात्मक पहल है, जिससे न केवल पर्यावरण का संरक्षण होता है, बल्कि विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी जागृत करता है। इस कार्यक्रम में रंगेश कुमार, कौशल कुमार, संजय कुमार, विद्यालय के शिक्षक अभय कुमार, संजय कुमार, अनुज कुमार, प्रवीण कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। इनके साथ-साथ विद्यालय के सभी छात्र और छात्राएं भी सक्रिय रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए। पौधारोपण के माध्यम से सभी को यह संदेश दिया गया कि प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में अपना योगदान देना चाहिए।

## आर्षविद्या वेद विद्यालय में गुरु की महिमा पर विस्तृत चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मोतिहारी।** आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि, जिसे गुरुपूर्णिमा या व्यास पूर्णिमा के रूप में जाना जाता है, पर गुरुवार को स्थानीय महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ गुरुपूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य सुशील कुमार पांडेय ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस संसार में गुरु की उपमा देने योग्य कोई दृष्टांत नहीं है। उन्हें पारस से भी श्रेष्ठ कहा गया है, क्योंकि पारस जहां केवल लोहा सोना बनाता है, वहीं सद्गुरु अपने शिष्य को स्वयं के समान बना देते हैं। वे ज्ञान, साधना और सिद्धियों के समस्त भंडार को शिष्य में समाहित कर देते हैं। कार्यक्रम में व्यास पूजन, वेद पूजन और रुद्राभिषेक जैसे पारंपरिक वैदिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इसके अतिरिक्त छात्र-बटुकों ने अपने गुरुजनों का पूजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अन्य वक्ताओं में सुधीर दत्त पाराशर, विकास पांडेय, रूपेश ओझा, राजन पांडेय, कुंदन पाठक, अभिषेक दूबे आदि ने भी गुरु की भूमिका और भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में उनके महत्व को विस्तार से बताया।

## फंदे से लटका मिला आर्केस्ट्रा संचालक का शव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)।** थाना क्षेत्र के भटिनिया गांव में गुरुवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव फंदे से लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान गुरमिया पश्चिम टोला निवासी मोहन प्रसाद कुशवाहा के 25 वर्षीय पुत्र परमजीत कुमार के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक एक आर्केस्ट्रा संचालक था और भटिनिया गांव के एक घर में रहकर काम करता था। स्थानीय लोगों के अनुसार, परमजीत ने कुछ वर्ष पूर्व बंगाल की एक लड़की से दूसरी शादी की थी। मार्च महीने में उसे एक बच्ची भी हुई थी, लेकिन कुछ माह पूर्व उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई। बाद में परमजीत ने बच्ची को भी पत्नी के पास पहुंचा दिया था। परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि वह पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान था। उस पर आर्थिक कर्ज भी था, जिससे वह तनाव में रहता था। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या मान रही है, हालांकि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की गहन जांच की जा रही है।

## गृहरक्षक दक्षता जांच परीक्षा में 503 अभ्यर्थी सफल घोषित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिला में गृहरक्षकों के नामांकन हेतु 10 जुलाई, 2025 को शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 1000 उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र निर्गत किए गए थे, जिनमें से 686 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा की प्रक्रिया में 800 मीटर दौड़ आयोजित की गई जिसमें कुल 686 में से 661 उम्मीदवार दौड़ में सफल घोषित किए गए। सफल 661 उम्मीदवारों की ऊंचाई मापी गई, जिनमें से 133 उम्मीदवार निर्धारित मापदंड पर खरे नहीं उतरने के कारण असफल घोषित हुए। ऊंची कूद, लंबी कूद एवं गोला फेंक में कुल 528 उम्मीदवारों ने इन खेलों में भाग लिया। चिकित्सकीय परीक्षण में इन 528 में से 25 अभ्यर्थी चिकित्सकीय जांच में अनफिट या असफल पाए गए, जबकि 503 अभ्यर्थी चिकित्सकीय रूप से फिट घोषित किए गए। अतः आज की तिथि में कुल 503 अभ्यर्थी दैनिक रूप से सफल घोषित किए गए हैं। अतिरिक्त रूप से, अपीलीय कोषांग में आज कुल 21 अपील प्राप्त हुई, जिनका यथाशीघ्र निष्पादन किया गया। चिकित्सकीय रूप से असफल पाए गए 25 अभ्यर्थियों में से 4 अभ्यर्थियों द्वारा पुनः चिकित्सकीय जाँच हेतु अपील प्रस्तुत की गई है। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा शारीरिक दक्षता जांच की पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराया गया। समस्त प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा व्यवस्था एवं स्वास्थ्य सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन किया गया।

# विशेष मध्यस्थता अभियान का लाभ उठाने के लिए करें प्रेरित : जिला जज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मध्यस्थता के तहत विवादों के त्वरित निबटारे के लिया विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। जिला जज राजकुमार द्वारा मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय और न्यायमूर्ति सह कार्यकारी अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष एमसीपीसी के मार्गदर्शन में विशेष मध्यस्थता अभियान 'मध्यस्थता राष्ट्र के लिए' जो पुरे भारत में चलाया जा रहा है। न्यायालय द्वारा किये जा रहे कार्रवाई के बारे में भी जानकारी प्राप्त किया तथा इस हेतु दिये गये दिशा-निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सभी न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देश किया। जिला जज द्वारा कहा गया कि जो तालुका न्यायालय और जिला न्यायालय में लंबित मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से निपटाने के लिए 90 दिनों का गहन विशेष अभियान है जिसके तहत वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक



विवाद, सेवा, आपराधिक समझौता योग्य, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, विभाजन, बेदखली एवं भूमि अधिग्रहण को अपने-अपने न्यायालय में चिह्नित करते हुए पक्षकारों को सूचित करें और उनसे संबंधित वाद को प्रषिक्षित मध्यस्थ से सुलह-और समझौता कराने हेतु आवश्यक रूप से मध्यस्थता केन्द्र भेजे। जिला जज द्वारा सभी न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देशित किय गया कि इस राष्ट्र व्यापी अभियान का अधिक से अधिक लोग फायदा उठायें इसके लिए प्रतिदिन अपने स्तर से प्रयास करते हुए वादों को चिह्नित कर मध्यस्थता केन्द्र भेजें।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव

**नबिटा संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल नीरज कुमार कौशिक ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का यह पर्व हमें अपने गुरुओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने




अपने गुरुओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया। प्रिंसिपल ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु का स्थान हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है, और हमें उनके प्रति सदैव सम्मान और आभार व्यक्त करना चाहिए। विद्यालय के शिक्षकों ने भी इस अवसर पर अपने अनुभव साझा किए और छात्रों को गुरु के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र और राष्ट्रगान के साथ हुआ, तथा सभी ने एक-दूसरे को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी।

## रक्तसेवा के लिए बक्सर में सम्मानित हुए औरंगाबाद के बमेंद्र कुमार सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बक्सर।** रक्तदान जागरूकता और रक्तसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए औरंगाबाद (बिहार) के क्षत्रिय नगर निवासी एवं पथ प्रदर्शक संस्था के संस्थापक-सह-सचिव बमेंद्र कुमार सिंह को राष्ट्रीय रक्तदाता सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

यह समारोह बक्सर की सामाजिक संस्था ब्लड बक्सर के द्वारा गुरुवार को वैष्णवी होटल में आयोजित किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए रक्तदाताओं को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बमेंद्र कुमार सिंह को यह सम्मान मिशन रक्तदान हिंदुस्तान अभियान के तहत रक्तदान के प्रति जन-जागरूकता फैलाने, रक्तदान शिविरों के आयोजन एवं ज़रूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के लिए दिया गया। सम्मान प्राप्ति के बाद बमेंद्र ने कहा कि रक्तदान एक निःस्वार्थ सेवा है, जो मानवता की सबसे बड़ी मिसाल है। यह सम्मान पथ प्रदर्शक संस्था से जुड़े सभी रक्तदाताओं को समर्पित है, जिनके सहयोग से निरंतर रक्तदान शिविरों का आयोजन संभव हो पाया है। बमेंद्र ने बताया कि वर्ष 2021 से मिशन रक्तदान हिंदुस्तान के तहत सात राज्यों के 16 शहरों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। संस्था पथ प्रदर्शक द्वारा वर्ष 2015 से अब तक 200 से अधिक शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया है। उनके इस समर्पण और सेवा भाव ने उन्हें न केवल औरंगाबाद, बल्कि पूरे देश में रक्तदान आंदोलन का एक प्रेरणास्त्रोत बना दिया है।

## उत्तर कोयल नहर के अधूरे निर्माण को लेकर 177वें दिन निकला जन आक्रोश मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** उत्तर कोयल नहर परियोजना के अधूरे कार्य को पूर्ण कराने की मांग को लेकर किसान-मजदूर मोर्चा मगध के बैनर तले जारी अनिश्चितकालीन धरना के 177वें दिन बुधवार को जन आक्रोश मार्च निकाला गया। मार्च की शुरुआत प्रखंड मुख्यालय से हुई, जो महाराजगंज मोड़, कलाली मोड़, बस स्टैंड, डाकबंगला होते हुए इश्तियाक अहमद खां की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मुख्य बाजार और टिकट काउंटर होते हुए पुनः प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर जनसभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए काराकाट के सांसद राजाराम सिंह ने कहा कि उत्तर कोयल नहर का मुद्दा लोकसभा में जोरदार ढंग से उठाया




जाएगा। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मृत आत्माओं के तर्पण के लिए फल्गु नदी में पानी की व्यवस्था की जाती है, लेकिन जीवित किसानों की सिंचाई के लिए सरकार कोई उपाय नहीं कर रही। सांसद ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को लेकर भी सवाल खड़े किए और कहा कि यह सरकार किसानों की बात नहीं सुनती, लेकिन अब हम सब एकजुट होकर संघर्ष को तेज करेंगे।

सभा की अध्यक्षता लड्डू खान एवं तुलसी यादव ने की, जबकि संचालन सिद्धी यादव और शिवनंदन यादव ने किया। इस अवसर पर मौजूद वक्ताओं ने कहा कि जब तक उत्तर कोयल नहर परियोजना का कार्य पूर्ण नहीं होता, तब तक धरना प्रदर्शन अनवरत जारी रहेगा। यदि सरकार शांतिपूर्ण आंदोलन से भी किसानों की मांगें नहीं मानती, तो आगे चलकर रेल और सड़क जाम जैसे कड़े कदम उठाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि इस अधूरी परियोजना के चलते हर वर्ष हजारों किसान सिंचाई से वंचित रह जाते हैं।

मार्च एवं सभा में पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, गौतम कुमार, गया दास, जन सुराज नेत्री शगुफ्ता यासमीन, अजीम खां, डॉ. जितेंद्र यादव, वीरेंद्र यादव, डॉ. अखिलेश कुमार, चंद्रशेखर प्रसाद यादव, अनवर अहमद, लालधारी यादव, सुधीर कुमार चंद्रवंशी, रामाशीष दास, भीम बिहारी विश्वकर्मा, रंजीत दास, भोला नाथ वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## महुली घाट पर 15 लाख की लागत से बनेगा अत्याधुनिक मुक्तिधाम, 11 जुलाई को होगा शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** जिले के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत महुली घाट पीपापुल के पास अब अंतिम संस्कार की सुविधा अत्याधुनिक रूप लेगी। यहां 15 लाख रुपये की लागत से मुक्तिधाम का निर्माण कराया जाएगा, जिसका शिलान्यास 11 जुलाई 2025 को दिन के 11 बजे किया जाएगा। इस पावन कार्य के लिए मौजमपुर निवासी पवन सिंह ने भूमि दान की है। मुक्तिधाम निर्माण की पूरी जिम्मेदारी जय मां काली मंदिर ट्रस्ट बखोरापुर ने ली है, जो ट्रस्ट के आर्थिक संसाधनों से पूरा किया जाएगा। प्रस्तावित मुक्तिधाम में 200 लोगों के बैठने एवं ठहरने की सुविधा के साथ-साथ पक्के शेड का निर्माण होगा, जिससे हर मौसम में अंतिम संस्कार की प्रक्रिया सहज और सम्मानजनक ढंग से पूरी की जा सके। ट्रस्ट के अध्यक्ष व मौर्या होटल, पटना के निदेशक बी.डी. सिंह की सामाजिक सेवा और जनकल्याण की भावना से यह पहला प्रयास है। ट्रस्ट की योजना महुली घाट के अलावा केशोपुर और बबुरा घाट पर भी इसी प्रकार के दो और मुक्तिधामों के निर्माण की है। सभी निर्माण कार्य गंगा नदी के तट पर किए जाएंगे, जिससे आसपास के लाखों लोगों को अंतिम संस्कार के लिए समुचित और व्यवस्थित स्थान उपलब्ध हो सके।

## मजदूरों की मांगों को लेकर हसपुरा में एसएफएसी गोदाम के सामने प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** एसएफएसी गोदाम में कार्यरत मजदूरों ने बुधवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर हसपुरा स्थित गोदाम परिसर के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। मजदूरों का नेतृत्व कौलेश्वर पासवान ने किया। प्रदर्शन में गणेश राजवंशी, मुंशी साव, योगेंद्र राजवंशी, रामस्वरूप राजवंशी, गजेंद्र साव सहित बड़ी संख्या में श्रमिक शामिल हुए। प्रदर्शन कर रहे मजदूरों ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने प्रति बोरा मजदूरी 5.75 लिखित रूप में निर्धारित करने, मजदूरी का नियमित भुगतान सुनिश्चित करने, गोदाम परिसर में शौचालय व पेयजल की समुचित व्यवस्था करने जैसी मांगें उठाई। मजदूरों ने आरोप लगाया कि सरकार और विभाग मजदूरों के हित में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। हर बार हड़ताल के बाद केवल आश्वासन दिया जाता है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं होता। उन्होंने कहा कि हम गरीब तबके से आते हैं और इसी मजदूरी पर हमारा पूरा परिवार आश्रित रहता है। समय पर भुगतान नहीं मिलने से बच्चों की पढ़ाई से लेकर घर चलाना तक मुश्किल हो जाता है।


**बिहार सरकार**

**बिहार राज्य भवन निर्माण निगम, लि0 पटना**
(बिहार सरकार का उपक्रम)

**ई0–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना सं0–25/2025–26**

1 विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, अस्पताल रोड, शास्त्रीनगर, पटना–800023
2 निविदा आमंत्रण की तिथि : दिनांकः 08.07.2025
3 निविदा कागजात प्राप्त (डाउनलोड) करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांकः 23.07.2025 से 18.08.2025 को 15:00 बजे तक।
4 निविदा जमा (अपलोड) करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांकः 19.08.2025 के 15:00 बजे तक।
5 निविदा बिक्री का स्थान : केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
6 प्री–बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान : दिनांक–01.08.2025 को 16:00 बजे संबंधित उप महाप्रबंधक के कार्यालय कक्ष में।
7 प्री–बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान : दिनांकः 02.08.2025 को 16:00 बजे, मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, अस्पताल रोड, शास्त्रीनगर, पटना–23
8 निविदा खोलने की तिथि एवं समय (टेकनीकल बीड) : दिनांक:20.08.2025 को 15.00 बजे।
9 निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वित्तीय बीड) : तकनीकी मूल्यांकन के बाद।
10 निविदा वैद्यता की तिथि : 120 दिन
11 कार्य का विवरण :

| क्र0 | जिला का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (अनुसूचित एवं गैर अनुसूचित) (₹) में | अग्रधन की राशि(₹में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (₹में) | Bid Processing Fee | कार्य समाप्ति की अवधि (माह में) | उप महाप्रबंधक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | औरंगाबाद | बिहार राज्य वक्फ विकास योजनान्तर्गत वक्फ इस्टेट संख्या–626 जिला–औरंगाबाद की भूमि पर G+3 बहुउद्येशीय भवन का निर्माण कार्य। | ₹ 9,18,33,383.00 | ₹ 18,36,700.00 | ₹10000.00 | As per website | 12 (बारह) | गया |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 08126 ( B & C ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

मुख्य महाप्रबंधक,
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना।


## 13 जुलाई को काजीचक पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे पूर्व सांसद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारून प्रखंड के काजीचक ग्राम पंचायत में 13 जूलाई दिन रविवार को औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे। बारून प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पूर्व सांसद काजीचक पंचायत में सुबह 10 बजे पोखराहा, 10:30 बजे टेरी, 11 बजे नावाडीह, 11:30 बजे काजीचक, 12 बजे बहुती, 12:30 बजे सोनबरसा, 1 बजे सतुआही, 1:30 बजे कर्मा कुसमी, 2 बजे पटखौल तकीनगर,
2:30 बजे चिरैला, 3 बजे जगदीशपुर, 3:30 बजे बगनाहा, 4 बजे आजाद



बीघा, करीमगंज, यदु बीघा, 4:30 बजे जगतपुर, बिलट बीघा एवं 5 बजे बगतरपा गांव में ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त सभी कार्यक्रम में जदयू के सभी वरीय कार्यकर्ता और नेता शामिल होंगे।

## ट्रक व कार की टक्कर में बाल-बाल बचा चालक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह(औरंगाबाद)।** गुरुवार की सुबह गोह थाना क्षेत्र के गया-दाउदनगर मुख्य पथ पर लोहड़ी मोड़ के समीप ट्रक व कार की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें कार की परखच्चे उड़ गया। गनीमत रही कि एयर बैग खुलने से कार चालक बाल-बाल बच गया। अन्यथा बड़ा अनहोनी हो सकता था। बताया जाता है कि चालक को हल्की चोटें आई है, और वह खतरे से बाहर है। सूचना पर गोह पुलिस पहुंचकर ट्रक व कार को थाना लाया गया है। थानाध्यक्ष मो. इरशाद ने बताया कि अब तक आवेदन नहीं मिली है, आवेदन के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मॉडल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून प्रखंड के दुधार पंचायत में निर्मित एकमात्र मॉडल स्कूल राजकीय कृत देवबंशी उच्च माध्यमिक विद्यालय सुंदरगंज के छात्र-छात्राओं ने 16 मेडल एवं एक ट्रॉफी प्राप्त कर प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। परीक्षा नियंत्रक निरंजय कुमार ने बताया कि विभागीय आदेश एवं जिला प्रशासन औरंगाबाद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिता में मॉडल स्कूल के चयनित छात्राओं ने आयु समूह 14 के अंतर्गत बालिका वर्ग में 600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में रेणु कुमारी को प्रथम, लंबी कूद प्रतियोगिता में श्रेया कुमारी को प्रथम, 60 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में मधु कुमारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया।

आयु समूह 16 के अंतर्गत बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सोनाली कुमारी को प्रथम, 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में आरोही कुमारी को तृतीय, लंबी कूद प्रतियोगिता में चाहत कुमारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। आयु समूह 16 के अंतर्गत बालक वर्ग प्रतियोगिता के 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रिंस कुमार को द्वितीय, लंबी कूद प्रतियोगिता में साजन कुमार को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। अंडर 16 बालक वर्ग प्रतियोगिता के अंतर्गत फुटबॉल प्रतियोगिता में मॉडल स्कूल के छात्रों ने प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्रॉफी प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त आयु समूह अंडर 14 बालिका वर्ग में कबड्डी तथा अंडर 16 बालक वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता में इस विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सेमी फाइनल में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

क्रीड़ा प्रभारी एवं खेल प्रभारी अरुण कुमार



राय ने बताया कि फुटबॉल प्रतियोगिता में सचिन कुमार, साजन कुमार, सत्यम कुमार, मनदीप कुमार, टिंकू कुमार, ऋषिकेश कुमार, शैलेश कुमार और अंकित कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिमा कुमारी, कंचन कुमारी, उमा कुमारी, गायत्री कुमारी, प्रियंका कुमारी, अर्पिता कुमारी, रानी कुमारी, मंजू कुमारी, प्रीति कुमारी, सहाना परवीन, आभाष कुमार सिंह, प्रीतम कुमार सिंह, ओम प्रकाश कुमार, निखिल कुमार, सानू कुमार गुप्ता, बलराज कुमार, मिठू कुमार, कौशल कुमार, कुणाल कुमार, धीरज कुमार, राजकुमार ने अपना जलवा बिखेरा।

परीक्षा नियंत्रक निरंजय कुमार ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिदिन अरुण कुमार राय क्रीडा प्रभारी के नेतृत्व में प्रशिक्षण दिया जाता है। विद्यालय के शिक्षक अरुण कुमार, शिवम कुमार, कमल किशोर, हरिप्रपण शर्मा, संजय कुमार, सुनील कुमार सिंह, रश्मि मिश्रा, अमृता प्रीतम, रेणु कुमारी आदि ने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामना देते हुए भविष्य में प्रस्तावित प्रतियोगिता में शामिल होने हेतु सफलता की कामना की। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा चयनित प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर निरंजय कुमार ने बताया कि गुणवतापूर्ण शिक्षा के अंतर्गत बच्चों के शारीरिक मानसिक विकास हेतु लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम किए जाते हैं।


**Govt. of Bihar**

**Urban Development & Housing Department**
**Office of Executive Officer Nagar Panchayat Navinagar (Aurangabad)**
**Very Short Re-Tender No. 04/2025-26**
**Previous PR No. PR-003335 (B & C) 2025-26**
**(E-Tendering On Website – www.eproc2.bihar.gov.in)**

1. Name of Address of The Advertiser :- Executive Officer , Nagar Panchayat Navinagar (Aurangabad)
2. Date of Issue of Notice Inviting Tenders :- 08.07.2025
3. Start Date and Time For Uploading of The Tenders :- 15.07.2025 From 03:00 PM
4. Time Place and Date of Pre-Bid Meeting :- 16.07.2025 From 11:00 AM To 12 PM, Office NP Navinagar
5. Last Date and Time For Uploading of Tenders By The Contractor :- 19.07.2025 Up to 03:00 PM
6. Date and Time of Opening of Technical Bid :- 22.07.2025 After 03:00 PM
7. Date and Time of Opening of Financial Bid :- After Technical Bid Executed
8. Date and Time of Submission of All Documents (in Original) By The Contractors Participating In The Tender. :- 21.07.2025 Time – 03:00 PM Till.
(1) Executive Officer Office Nagar Panchayat Navinagar.
(2) Executive Engineer Office ,City Development Division Aurangabad

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Project Cost | Performance Security (5%) | Bid Security/ EMD (2%) | Cost of Bid Documents | Bid Processing Fee | Periods of Bids Validity |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Design, Build, construct, install, and commissioning of Material Recovery Facility (MRF) of 05 TPD for dry waste along with operation and maintenance of the plant for 5 years. | 12839444.00 | 642000.00 | 256800.00 | 10000.00 | As Per Eproc2 | 6 Month |
| 02 | Design, Build, construct, install, commissioning of compost plant (Windrow) of 05 TPD for wet waste along with operation and maintenance of plant for 5 years including the tipping fee | 5006669.00 | 250500.00 | 100200.00 | 10000.00 | As Per Eproc2 | 6 Month |

**The bid forms and other details can be seen & downloaded from the website portal** https://www.eproc2.bihar.gov.in.

- Document fee is mandatory to be paid through online mode i.e internet payment gateway (Credit /Debit Card) , Net banking, NEFT /RTGS in favor of **The Executive Officer, Nagar Panchayat Navinagar**
- The RFP May be Postponed, modified or Cancelled at any time due to administrative reasons and No Claim shall be entertained on this account.

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

**The Executive Officer**
**Nagar Panchayat Navinagar**

**PR. No. 008147 (B&C) 25-26**

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।



बिहार सरकार

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद

**बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय, दरभंगा एवं किशनगंज में रिक्त पद के विरूद्ध प्रधानाध्यापक, उच्च माध्यमिक शिक्षक (10+2) (प्रशिक्षित), माध्यमिक शिक्षक (प्रशिक्षित) की प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन हेतु आवेदन आमंत्रण की सूचना।**

**आवश्यक सूचना**

बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय, दरभंगा एवं किशनगंज में रिक्त पद के विरूद्ध प्रधानाध्यापक, उच्च माध्यमिक शिक्षक (10+2) (प्रशिक्षित), माध्यमिक शिक्षक (प्रशिक्षित) की सेवा शिक्षा विभाग, बिहार, पटना से प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति हेतु कुल 64 पदों के लिए राज्य सरकार के अधीन आरक्षण नीतियों के तहत Online आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ऑनलाईन विभागीय वेबसाईट **www.minoritywelfare.bih.nic.in** पर उपलब्ध पोर्टल से किया जा सकेगा। **ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ की तिथि–07-07-2025 अंतिम तिथि–22-07-2025 है।**

प्रतिनियुक्ति सम्बन्धी अतिरिक्त जानकारी हेतु जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय औरंगाबाद से सम्पर्क किया जा सकता है।
उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR- 008138 ( Minority Welfare ) 2025-26

**जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी**
**औरंगाबाद।**

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



**बिहार सरकार**

**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**
**कार्यालय :–वन प्रमण्डल पदाधिकारी,**
**औरंगाबाद वन प्रमण्डल,औरंगाबाद**

**सूचना**

श्री राजीव रजंन सिन्हा, पिता देव नारायण सिन्हा, ग्राम–ओबरा, पोस्ट– ओबरा, थाना–ओबरा, जिला– औरंगाबाद को सूचित किया जाता है कि अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)–सह–नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण), बिहार, पटना द्वारा राज्य के अनुज्ञप्ति प्राप्त आरा मिलों का राज्य स्तरीय वरीयता सूची निर्धारित करते हुए क्रमांक 2525 में औरंगाबाद वन प्रमण्डल के अन्तर्गत स्थापित हेतु चयनित किया गया है।

औरंगाबाद वन प्रमण्डल, औरंगाबाद द्वारा इस कार्यालय का पत्रांक 599/विक्रय दिनांक 12.03.2025 द्वारा आपके धर के पते पर पत्र भेजा गया था परन्तु आप कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए।

अतः सूचित किया जाता है कि अन्तिम सूचना समाचार के माध्यम से औरंगाबाद वन प्रमण्डल, औरंगाबाद कर्मा रोड, वन वन भवन, कार्यालय में कार्यालय समयावधि में दिनांक 12.07.2025 तक अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होकर अपने सभी अभिलेख प्रस्तुत करें, अन्यथा उपस्थित नहीं होने पर वाध्य होकर आपके विरूद्ध आरा मिल अनुज्ञप्ति पर अन्तिम निर्णय ले लिया जाएगा।

**PR. No. 008261 (Forest) 25-26**

(रूचि सिंह,भा0व0से0)
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
औरंगाबाद वन प्रमण्डल

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# पुलिस पदाधिकारियों को फील्ड में एक्टिव रहने और गश्ती बढ़ाने पर जोर

## अपराधियों से सख्ती से निपटने का दिया गया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** क्राइम कंट्रोल व पुलिस के कार्य को बेहतर बनाने के लिए सेंट्रल रेंज के आईजी जितेंद्र राणा गुरुवार को मसौढ़ी पहुंचे जहाँ सबसे पहले गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, उसके बाद डीएसपी कार्यालय में सभी थानो के थानेदार और डीएसपी के साथ बढते अपराध पर समीक्षा बैठक की। अपराध नियंत्रण एवं पुलिसिंग को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से इस गोष्ठी में सभी वरीय पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी उपस्थित रहे। गोष्ठी के दौरान आईजी ने ने विगत माह में दर्ज विभिन्न आपराधिक मामलों की गहन समीक्षा की। उन्होंने लंबित मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए स्पीडी ट्रायल के तहत शीघ्र निपटारा कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा, महत्वपूर्ण मामलों में जीरो एफआईआर दर्ज कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। अपराध नियंत्रण के दृष्टिकोण से आईजी ने सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्र के टॉप-10 अपराधियों की सूची को अद्यतन करने और उनकी शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाने की बात भी कही गई। इसके अलावा थानों में कार्यशैली में पारदर्शिता लाने, आम जनता से बेहतर समन्वय स्थापित करने और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास कायम रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। गोष्ठी में सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय से बेहतर टीमवर्क के साथ कार्य करने की अपील की गई। वहीं एसडीपीओ और थानेदारों को अपराध रोकने और अपराधियों को गिरफ्तार करने को टास्क दिया। इसके अलावा आईजी ने छोटे अपराध को भी गंभीरता से लेने को कहा। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को खुद सड़क पर उतरे, लगातार वाहन चेकिंग, गश्ती और पुलिसकर्मियों की ड्यूटी की मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने छोटे अपराध को भी गंभीरता से लेने को कहा, ताकि वह बड़े अपराध में तब्दील न हो सके। आईजी ने कहा कि जिन पुलिसकर्मियों की जहां ड्यूटी लगी है, वहां ईमानदारी से काम करें। लापरवाही सामने आएगी तो कार्रवाई होगी। मौके पर सिटी पूर्वी एसपी परिचय कुमार के अलावा डीएसपी-1, नभ वैभव डीएसपी-2, कन्हैया कुमार के अलावा मसौढ़ी, धनरूआ, पुनपुन, पिपरा, केवड़ा, लहसुना कादिरगंज, भगवानगंज के थानों के थानाध्यक्ष सर्किल इंस्पेक्टर शामिल रहे।

## सुरक्षा बढ़ाने के लिए भारतीय रेलवे और डीएफसीसीआईएल ने किया समझौता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सेवा दक्षता में सुधार करने और रोलिंग स्टॉक के रखरखाव को स्वचालित करने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के अंतर्गत भारतीय रेलवे ने रोलिंग स्टॉक के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए मशीन विजन आधारित निरीक्षण प्रणाली (एमवीआईएस) की स्थापना के लिए समर्पित माल ढुलाई कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एमवीआईएस एक आधुनिक, एआई/एमएल-आधारित प्रौद्योगिकी समाधान है जो चलती ट्रेनों के अंडर-गियर के उच्च-रिज़ॉल्यूशन छवियों को कैप्चर करता है और स्वचालित रूप से किसी भी हैंगिंग, ढीले या लापता घटकों का पता लगाता है। विसंगतियों का पता लगाने पर, सिस्टम त्वरित प्रतिक्रिया और कार्रवाई के लिए वास्तविक समय के अलर्ट चेतावनी देता है। समझौता ज्ञापन पर औपचारिक रूप से रेलवे बोर्ड के निदेशक (परियोजना एवं विकास) सुमित कुमार और डीएफसीसीआईएल के जीजीएम (मैकेनिकल) जवाहर लाल ने रेल भवन नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर सदस्य (ट्रैक्शन एवं रोलिंग स्टॉक) बी.एम. अग्रवाल, डीएफसीसीआईएल के प्रबंध निदेशक प्रवीण कुमार और रेलवे बोर्ड तथा डीएफसीसीआईएल के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। एमओयू की शर्तों के अंतर्गत डीएफसीसीआईएल चार एमवीआई इकाइयों की खरीद, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशन के लिए जिम्मेदार होगा। यह प्रणाली भारतीय रेलवे में पहली है। प्रौद्योगिकी से ट्रेन संचालन की सुरक्षा को बढ़ाने, मैनुअल निरीक्षण प्रयासों को कम करने और संभावित दुर्घटनाओं/सेवा व्यवधानों से बचने में मदद करने की उम्मीद है। यह पहल रेलवे इकोसिस्टम के लिए आधुनिक, बुद्धिमान प्रणालियों को पेश करने के आईआर के व्यापक उद्देश्य के साथ भी संरेखित करती है। इस एमओयू पर हस्ताक्षर भविष्य के लिए तैयार रेल बुनियादी ढांचे के निर्माण में रेल सुरक्षा में डिजिटल परिवर्तन के लिए नई राह खोलेगी।

**20 सूत्री अध्यक्ष ने की शिकायत :** मसौढ़ी धनरूआ प्रखंड के नदपुरा मझनपुरा के सामने दरधा नदी से इन दिनों भारत माला परियोजना के तहत सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा मिट्टी कटाव किया जा रहा हैं। ऐसे में धनरूआ प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष वेद प्रकाश ने धनरूआ थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। दरअसल वेद प्रकाश ने बताया कि बगैर सरकारी आदेश के दरधा नदी से भारत माला परियोजना सड़क निर्माण हेतु मिट्टी कटाव किया जा रहा है।

## आईजी जितेंद्र राणा ने लोगों से किया संवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** पटना सेंट्रल रेंज आईजी जितेन्द्र राणा गुरुवार को मसौढ़ी पहुचें, जहां पुलिस पदाधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक करने बाद आमजन से संवाद किया, जहां आईजी जितेंद्र राणा ने आम जनता से संवाद करते हुए कहा कि 'पब्लिक पुलिस' की अवधारणा को मजबूत करने की आवश्यकता है। इसका मतलब है कि पुलिस को जनता के साथ मित्रवत और सहयोगी व्यवहार करना चाहिए, ताकि जनता बिना किसी डर के अपनी समस्याएं उन तक पहुंचा सके। आईजी ने यह भी कहा कि पुलिस को 'पब्लिक पुलिस' के रूप में काम करना चाहिए, जिसका अर्थ है कि उन्हें जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए और उनकी सेवा करनी चाहिए। मौके पर सेवानिवृत शिक्षक कृष्ण सिंह ने आईजी जितेन्द्र राणा को उनके सम्मान मे उनके बेहतर पुलिसिंग को लेकर सम्मानित करते हुए पुलिस पब्लिक के बीच की दूरी को कम करने और आपसी सामंजस्य कर समाज से अपराध को जड से खत्म करने की चर्चा की गई। मौके पर राहुल चंद्रा, डॉ सुनील गवास्कर, मुन्ना पासवान, लालमोहन सिंह, अश्विनी उर्फ गोल्डी, रंजीत पटेल आदि शामिल रहे।

## श्रावणी मेला आज से शुरू, उप मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के सुल्तानगंज में एक महीने तक चलने वाले विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला कल से आरंभ हो रही है। भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने गुरुवार को यहां बताया कि राज्य के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी श्रावणी मेला का उद्घाटन करेंगे। जबकि मुख्य अतिथि के रुप में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा सहित कई काबिना मंत्री, सांसद, विधायक और सभी स्थानीय जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहेंगे।

उन्होंने बताया कि पूरे सावन माह तक आयोजित इस मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है और इस दौरान आने वाले लाखों कांवरियों को इस बार बेहतर सुविधाएं मुहैय्या कराने हेतु सारे इंतजाम कर लिए गए हैं। खासकर, विभिन्न गंगा घाटों और कांवरिया मार्ग को श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाया गया है। इसके अलावे सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में बिजली पानी, सफाई, चिकित्सा आदि की मुकम्मल व्यवस्था की गई है। डॉ चौधरी ने बताया कि इस मेले में बड़ी संख्या में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी विद्यालयों,धर्मशालाओं में ठहरने की व्यवस्था की गई है। जबकि कांवरिया मार्ग पर विभिन्न जगहों पर अस्थाई विश्राम घर (हैंगर टेंट) का निर्माण कराया गया है। वहां पर बिजली, पानी, सफाई और स्वास्थ सेवा की सुविधा उपलब्ध रहेगी और इसके देखरेख के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिनियुक्त किये गये हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि सुल्तानगंज मेला क्षेत्र से झारखंड के देवघर जिले की सीमा तक (करीब एक सौ कि.मी.) निर्मित कच्चे कांवरिया मार्ग पर पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं के सुविधा हेतु साफ सफ़ेद बालू बिछाया गया है और हर दो घंटे के अंतराल में उस पर पानी का छिड़काव करने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा मेला क्षेत्र और कांवरिया मार्ग पर अलग-अलग जगहों पर नियंत्रण कक्ष सह सूचना केन्द्र बनाया किया गया है। वहां पर चिकित्सा टीम तैनात रहेंगे। भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक हृदय कांत ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुल्तानगंज मेला क्षेत्र और कांवरिया मार्ग पर पर्याप्त संख्या में पुलिस अधिकारियो और जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है। वही श्रद्धालुओं की भीड़ में असमाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सादे लिबास में भी पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि सुल्तानगंज मेला क्षेत्र और सभी संवेदनशील जगहों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे से पैनी नजर रखी जाएगी। इसके अलावे बिहार सैन्य बल की तीन कंपनी और घुड़सवार पुलिस की तैनाती कांवरिया मार्ग पर की गई है। मालूम हो कि कल 11 जुलाई से सुल्तानगंज में आरंभ होने वाले श्रावणी मेला में गेरुवा वस्त्रधारी श्रद्धालुओं का आना शुरु हो चुका है।बोल बम एवं हर हर महादेव के जयघोष से सम्पूर्ण मेला क्षेत्र गुंजायमान होने लगा है। बड़ी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालु यहां अपने कांवर में उत्तरवाहिनी गंगा का पवित्र जल भरने के बाद कांवरिया मार्ग पर करीब एक सौ आठ किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए बाबा की नगरी देवघर पहुंचकर भगवान शिव के ज्योतिलिंग का जलाभिषेक करते हैं। इस दरम्यान श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ता है और सुल्तानगंज से लेकर समूचा कांवरिया मार्ग बोल बम,बोल बम के जयकारे से गूंज उठता है।

## साईं बाबा के दर्शन व पूजन के लिए भक्तों की उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** गुरू पुर्णिमा के मौके पर गुरूवार को नगर के छावनी कार्यालय परिसर में आयोजित दो दिवसीय समारोह धमूधाम व भक्तिमय वातावरण में संपन्न हो गया. बाबा के दर्शन व पूजन को लेकर तांता लगा रहा. श्रद्धालुओं ने बाबा का दर्शन कर विश्व कल्याण की कामना की.सद्गुरू साईनाथ महाराज के जयकारों के साथ गुरूवार की सुबह काकड आरती हुई. . काकड़ आरती के साथ शुरू हुआ कार्यक्रम देर रात शेज आरती के साथ संपन्न हुई. सुबह साई बाबा का मंगल स्नान, श्रृंगार, हवन, पूजन के बाद छप्पन भोग अर्पण किया गया. इसके साथ लोगों की भीड़ दर्शन व पूजन के लिए कतारबद्ध होकर घंटो अपनी बारी का इंतजार करते नजर आये. काफी संख्या में श्रद्धालुओ ने साईं नाम जाप व साईं सच्चरित्र पाठ में भाग लिया. भंडारा में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया. .मौके पर पूर्व सांसद रामकृपाल यादव , पूर्व विधायक आशा सिन्हा,भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रवि भूषण उर्फ बेला यादव, सनोज यादव, लोजपा नेता चंदन यादव, छावनी परिषद के सीईओ संजीव कुमार, परिषद के नामित सदस्य आशा देवी, समाजसेवी धीरज यादव समेत गणमान्य लोग ने भी पूजा-अर्चना की. साईं अंगना के सचिव अभियंता छोटे लाल, अरविंद बिहारी, दीपक केसरी, आशीष कुमार आदि सहयोग में जुटे रहे. भव्य भंडारा व भजन संध्या कार्यक्रम के साथ उत्सव का समापन होगा।

### गुरू पूर्णिमा पर मंदिर में हवन कर विश्व शांति की प्रार्थना

**दानापुर।** गुरू पूर्णिमा पर नगर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की . वही गुरू पूर्णिमा पर नगर के पेठिया बाजार स्थित प्राचीन मां दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में विश्व शांति के लिए सामूहिक हवन किया गया. मां दक्षिणेश्वरी काली से जन स्वास्थ्य की कामना की गयी. पुजारी बृज मोहन मिश्रा के आचार्यत्व में विशेष रूप से हवन किया गया. पुजारी बृज मोहन मिश्रा ने कहा कि हवन में डाली गयी पवित्र आहूतियों से विश्व शांति व जन कल्याण होगा. हवन पूजन की महत्ता को बताते हुए पुजारी ने कहा कि हवन करने से आध्यात्मिक शांति के साथ वातावरण में शुद्धता होती है. हवन पूजन कष्टों में अशांत मन को बल और सुख देते हैं. ऐसे सुखों और खुशियों का आनंद दोगुना तब हो जाता है, जब सुख और आनंद व्यक्ति और परिवार तक सीमित न रहे, बल्कि उसमें समाज या प्रकृति भी शामिल हो जाए.अनुष्ठान में शशांक मिश्रा उर्फ गोलू बाबा, राज कुमार उर्फ छोटू, मनोज कुमार, अरूण कुमार टुनटुन, दीपक कुमार, अमित कुमार गुप्ता समेत आदि मौजूद थे।

## स्कूटी सहित 17 बोतल देसी शराब जब्त

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ऑपरेशन देसी शराब के तहत एक्साईज पुलिस ने गुरुवार को पुनपुन बांध के पास से पानी पीने वाले 2 लीटर वाले बोतल में शराब सहित स्कूटी के साथ शराब सप्लायर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सप्लायर का नाम वीरेंद्र मांझी उम्र 32 वर्ष पिता स्वर्गीय छोटन मांझी चितकोहरा पटना का रहने वाला है। जो पुनपुन के बैरम चकिया से शराब लेकर पटना सप्लाई करने जा रहा था। एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि शराब बेचने वाले तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। अब पानी पीने वाले 2 लीटर के बोतल में देसी महुआ निर्मित शराब को भरकर लेकर जा रहे थे ताकि पुलिस के आंखों में धूल झोंक सके कि शराब नहीं पानी है। गुप्त सूचना के आधार पर मिली जानकारी को सत्यापन करते हुए पुनपुन बांध के पास से पकड़ा गया है। जिसमें 17 बोतल जप्त किए गए हैं।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए भिखारी ठाकुर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**खगौल।** लोक कलाकार भिखारी ठाकुर की 54 वीं पुण्यतिथि पर नाट्य संस्था सूत्रधार, खगौल द्वारा राधा कृष्ण हॉल, खगौल में 'भिखारी ठाकुर के नाटकों में स्त्री विमर्श' विषय पर आधारित एक परिचर्चा एवं लोकगायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भिखारी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हाल ही दिवंगत हुए संस्था के लिए सदैव समर्पित रंगकर्मी एवं पत्रकार राम नारायण पाठक एवं कला प्रेमी राजकिशोर गुप्ता (बब्लू) के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए की गई। आरंभ में भिखारी ठाकुर रचित गीतों गायक लवकुश के स्वर में हुआ । तबले पर उनका साथ अभिजीत, नाल पर राजीव रंजन त्रिपाठी एवं हारमोनियम पर भोला सिंह उनका साथ दिया। इसके उपरांत भिखारी ठाकुर की रचनाओं मे स्त्री विमर्श विषय पर परिचर्चा आरंभ हुई। कार्यक्रम आरम्भ करते हुए संस्था के महासचिव नवाब आलम ने कहा कि भिखारी ठाकुर द्वारा उनके नाटकों में वर्णित कालखंड में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों एवं स्त्री जाति के शोषण तथा उनकी दुर्दशा की चर्चा करते हुए स्त्रियों को उनके अस्तित्व और अधिकार के प्रति जागरूक करने में उनका योगदान अविस्मरणीय है और सदा रहेगा। भिखारी ठाकुर का कार्य सिर्फ स्त्री विमर्श तक सीमित नही किया जा सकता उन्होंने समाज के हर वर्ग, हर व्यक्ति से जुड़ें पहलूओं को बहुत बारीकी से सामने रखा है। नवाब आलम ने कहा कि भिखारी ठाकुर ने औपचारिक विद्यालय का दरवाजा नहीं देखा गांव में शिक्षा का कोई साधन नहीं था परंतु कालांतर में भोजपुरी रंगमंच का सम्राट बन गए।अपने जीवन के अनुभवों को ही अपना विश्वविद्यालय बना लिया।वरिष्ठ फिल्म एवं रंगमंच अभिनेता पंकज मिश्रा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण और महिलाओं की मुक्ति की बात की शुरूआत अगर हम करेंगे तो उसकी शुरूआत हमें भिखारी ठाकुर की रचनाओं से करना होगा। वरिष्ठ संस्कृतिकर्मी विनोद शंकर मिश्र ने कहा कि बिदेशिया के माध्यम से उन्होंने स्त्री के दर्द, उसके वियोग और दुख को समाज के सामने रखा। अरुण सिंह ने कहा कि वो स्त्री के मन के मर्म को जिस तरह से समझ कर अपने नाटकों के माध्यम से सामने रखते थे. वो उनकी विशिष्टता थी। अरुण सिंह पिंटू ने बेटी बेचवा के गीत का उदाहरण देते हुआ कहा कि जितनी सरल भाषा मे उन्होंने लिखा है उतना सरल और प्रभावी तरीके से किसी ने नहीं लिखा। दीनानाथ प्रसाद यादव ने कहा भिखारी ठाकुर को शेक्सपियर से भी बड़ी चीज़ थे, भोजपुरी के जीवंत पुरोधा थे। संबोधित करने वालों में जय प्रकाश मिश्र, प्रीतम कुमार, अशोक कुणाल आदि शामिल थे भिखारी ठाकुर जी जुड़ी यादों को साझा किया। इस मौके पर चंदू प्रिंस मोहन पासवान,अनीता देवी, अमरजीत शर्मा, अमन कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पेज 1 का शेष

### एलिवेटेड पथ का...

पेज 1 का शेष

इन के ऊपर एलिवेटेड पथ बनाया जायेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस पथ का कार्यारंभ जल्द शुरू करायें। इसके बन जाने से पटना से राजगीर जाने वाले लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी, समय की भी बचत होगी। साथ ही मुख्यमंत्री ने हसनपुर में निर्माणाधीन डाइवर्सन का स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सांसद कौशलेन्द्र कुमार, विधायक कौशल किशोर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार एवं कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ. गोपाल सिंह, आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक, नालंदा के जिलाधिकारी कुन्दन कुमार, पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम, नालंदा के पुलिस अधीक्षक भारत सोनी सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बाढ़ में देवेंद्र यादव का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बाढ़।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव, बिहार प्रभारी एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव का बाढ़ की धरती पर जोरदार स्वागत सत्येंद्र बहादुर पूर्व प्रत्याशी के द्वारा किया गया । देवेंद्र यादव ने बाढ़ विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से मिलकर स्थानीय राजनीतिक स्थिति को लेकर समीक्षा की।मौके पर प्रखंडअध्यक्ष सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

## 'युवा आयोग' के गठन की घोषणा का किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भागलपुर।** लोक जनशक्ति पार्टी (रा.) के प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट व महिला प्रकोष्ठ की भागलपुर जिलाध्यक्ष अंशु प्रियंका मिश्रा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बिहार में 'युवा आयोग' के गठन की घोषणा का स्वागत करते हुए इसे एक दूरदर्शी निर्णय बताया है।

उन्होंने गुरुवार को यहां एक बयान जारी कर कहा कि देश के सबसे बड़े युवा राज्यों में से एक बिहार भी है और ऐसे में इस प्रदेश की आर्थिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास में यहां के युवा वर्ग की सक्रिय सहभागिता होना बहुत जरुरी है। हमारे नेता चिराग पासवान बिहार के युवाओं की हितों की बात करते हैं और चाहते हैं कि यहां के युवा हर क्षेत्रों में अव्वल आएं। श्रीमती मिश्रा ने कहा कि युवा आयोग के गठन से युवाओं की समस्याओं के समाधान के साथ साथ नौकरी, रोजगार, आदि की सुविधाएं मिलेंगी। युवाओं का हुजूम बिहार में ही शैक्षणिक कार्य करते हुए बड़े और छोटे नौकरी करेंगे। कुल मिलाकर यह आयोग बिहार के लिए मील का पत्थर साबित होगा और इससे युवाओं में खुशहाली आयेगी।

## कलश शोभा यात्रा निकाली

**दानापुर (नबिटा संवाददाता)।** मैनपुरा स्थित लक्ष्मी नारायण शिव पंच परिवार के प्रथम वर्षगांठ पर तीन दिवसीय श्री अखंड हरिकीर्तन अष्टयाम समारोह व पूजन को लेकर गुरूवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। मंदिर परिसर से नये वस्त्र धारण कर 651 महिलाओं ने मत्थे पर कलश लेकर घोड़े व गाजे-बाजे के साथ निकली. शोभा यात्रा हाथीखाना मोड, एमईएस पुल, सैनिक चौक, बस पडाव, बीबीगंज, गोलापर आदि होते हुए गंगा का जल भरा गया।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन को लेकर प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर विशेष कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत नव निर्धारित दरों पर पेंशन अंतरण से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को यानी आज 11 मसौढ़ी के प्रखंड मुख्यालय से लेकर राजस्व ग्राम स्तर तक किया जाएगा। यह कार्यक्रम पहली बार नई दर से पेंशन राशि के सीधे अंतरण को चिह्नित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। मसौढ़ी प्रखंड के 17 पंचायत,धनरूआ के 20 पंचायत और पुनपुन के 14 पंचायतों के राजस्व ग्रामों में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अतिरिक्त प्रखंड मुख्यालय में भी कार्यक्रम संपन्न होंगे। मसौढ़ी प्रखंड में कुल 1 लाख 40 हजार पेंशनधारीयों के खाते में पैसे जाएंगे बहरहाल इस विशेष आयोजन में सभी छह सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं – वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, निःशक्तजन पेंशन, वृद्धा महिला पेंशन और ट्रांसजेंडर पेंशन – के लाभार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।प्रत्येक आयोजन स्थल पर लाभार्थियों को आमंत्रित कर उन्हें नव संशोधित दरों के अनुसार राशि अंतरण की जानकारी दी जाएगी और वास्तविक राशि उनके खातों में भेजे जाने की पुष्टि की जाएगी। प्रशासन द्वारा सभी ग्राम पंचायतों को कार्यक्रम की तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## बिहार युवा आयोग गठित होने से राज्य के युवा बनेंगे आत्मनिर्भर : चंदन यादव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** बिहार युवा आयोग गठित किये जाने पर लोजपा (रा) के ज़िलाध्यक्ष चंदन यादव ने सीएम नीतीश कुमार का आभार जताया. श्री यादव ने कहा कि आयोग से युवाओं को न सिर्फ रोजगार बल्कि आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा. उन्होंने इसे चिराग पासवान के सपनों को साकार करने वाला कदम बताया और कहा कि युवा आयोग का गठन बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट विज़न की दिशा में एक मजबूत कदम है. . उन्होंने कहा कि इस योजना से राज्य के युवाओं को प्रतिनिधित्व मिलेगा. आयोग राज्य के युवाओं को रोजगार, प्रशिक्षण, शिक्षा और कौशल के क्षेत्र में विकास होगा. एनडीए सरकार युवाओं के भविष्य को मजबूत करने में जुटी है। मौके पर लोजपा के ओम प्रकाश समेत आदि मौजूद थे।

### सडक दुर्घटना में हुई ऑटो चालक की मौत

**दानापुर।** शाहपुर थाना क्षेत्र में बीते रात दाउदपुर पेट्रोल पंप के पास बेलगाम ट्रक ने ऑटो में धक्का मारा दिया. जिससे ऑटो चालक की मौत हो गई थी. देर रात तक मृतक का पहचान नही हुआ था. गुरूवार को सुबह मृतक का पहचान बोरिंग रोड निवासी राम सागर राय के 35 वर्षीय पुत्र राम लाल राय के रूप में हुई है. ऑटो चालक था. थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि शव को अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करा कर मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. 78-एमएलडीटी-25-26, दिनांक 30.06.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, **डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल)** द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.:78-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/II/ मालदा के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/पी.वे/भागलपुर-I के अधीन सहायक कार्यों के साथ आईआरटीएमएम 2019 के पैरा 809 (5) और अनेक्सर 8.11 के अनुसार न्यूनतम अनिवार्य सुविधाओं के लिए घोघा स्टेशन पर ट्रैक मशीन साइडिंग के प्रावधान तथा भागलपुर स्टेशन यार्ड एवं बाराहाट स्टेशन पर ट्रैक मशीन साइडिंग की मौजूदा लंबाई के विस्तार के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 2,13,48,287.25, **निविदा की अंतिम तिथि :** दिनांक 22.07.2025 को 15.30 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट:** www.ireps.gov.in/ डीआरएम कार्यालय/एमएलडीटी।

MLD-112/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### सर्वे टीम ने किया बिनवलिया पंचायत का निरीक्षण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के लिए एक टीम गुरुवार प्रखंड के बिनवलिया पंचायत में पहुंची। सर्वे टीम ने पंचायत के मंझरिया गांव में स्वच्छता संबंधित कार्यों का जांच किया। टीम में शामिल पेयजल मंत्रालय भारत सरकार के अनुसंधान अन्वेषक (रिसर्च इन्वेस्टिगेटर) विनोद कुमार एवं सचिन कुमार ने पंचायत के डब्लूपीयू का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने विद्यालय भवन, आंगनबाड़ी केंद्र तथा एक दर्जन से अधिक शौचालय का लाभ लेने वाले लाभुकों के घर शौचालय का भी जांच किया। निरीक्षण के दौरान लोहिया स्वच्छ के बीसी राम विनय प्रसाद, स्वच्छता पर्यवेक्षक नासीर अहमद, मुकेश ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### अपर समाहर्ता ने बीएलओ के साथ की बैठक

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अपर समाहर्ता रविन्द्र कुमार ने विधानसभा के साथ बीएलओ के साथ बैठक की। इस मौके पर उन्होंने बीएलओ को लोगों को कई टिप्स दिये। वहीं इस मौके पर लौरिया बीडीओ संजीव कुमार ने सभी बीएलओ लोगों को बेहतर कार्य के लिए धन्यवाद दिया एवं कार्य में और तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि लौरिया प्रखंड क्षेत्र मे दो विधानसभा क्षेत्र हैं। इसमे नरकटियागंज विधानसभा क्षेत्र मे कुल 44226 मतदाता हैं। इसमे से 16336 मतदाताओ का पुनरीक्षण का फॉर्म ऑनलाइन हो चुका है। वहीं लौरिया विधानसभा क्षेत्र मे लौरिया प्रखंड मे कुल 113760 मतदाता हैं। इनमे से 36548 मतदाताओ का फॉर्म ऑनलाइन हो चुका है। लौरिया विधानसभा क्षेत्र मे 32.13 प्रतिशत काम हो चुका है। मौके पर प्रशिक्षु बीडीओ अभिषेक यादव बीडीओ मनीष कर अशोक पाण्डेय रणजीत वर्मा जयप्रकाश प्रसाद भरत बैठा राजन कुमार अशोक साह सहित मतदाता पुनरीक्षण से सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बांस तोड़ने के विवाद में केस

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बेलवा टोला में बांस तोड़ने के विवाद में दो लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष राणा प्रसाद ने बताया कि पिन्टू कुमार ने आवेदन देकर धनमती देवी व सुनील कुमार पर आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### ग्यारह हजार वोल्ट के तार से किशोर घायल

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुरुषोत्तमपुर थाना क्षेत्र के महुआवा गांव में ग्यारह हजार वोल्ट के तार के चपेट में आने से किशोर घायल हो गया। घायल मो सलाउद्दीन का पुत्र मो आरिफ 7 वर्ष बताया जाता है। इधर आनन फानन में परिजन इलाज के लिए मैनाटांड अस्पताल लाए। जहां इलाज जारी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त किशोर घर के छत पर खेल रहा था। घर के करीब से गुजर रहे ग्यारह हजार वोल्ट के तार के चपेट में आ गया।

### शॉट शर्किट से लगी आग हाईटेंशन तार टूटकर गिरा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के पेंशन चौक से नया धर्मशाला जाने वाली रोड पर बुधवार की देर शाम अचानक बिजली का हाई टेंशन तार टूट कर गिर गया। तार गिरने से आग की लपटे देख आसपास में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि सड़क पर उस समय भीड़ कम थी नही तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक पोल में शॉर्ट सर्किट लगने के कारण तार में आग लग गई और तार टूटकर गिर गया।स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तुरंत बिजली विभाग को दी। सूचना मिलते ही बिजली विभाग ने तुरंत बिजली आपूर्ति बंद कर दी। इस दौरान करीब दो घंटे तक धर्मशाला रोड पर बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप रही। विद्युत एसडीओ चंदन कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही लाइन काट दी गई। विभाग के कर्मी को भेजकर टूटे तार को ठीक कराया गया। दो घंटे बाद बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई।

### अनुमंडल कृषि पदाधिकारी ने पदभार ग्रहण किया

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल कृषि कार्यालय में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी के रूप में संतोष कुमार ने गुरुवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। इस दौरान एसएओ ने सभी अधिकारी एवं कर्मियो की एक बैठक बुलाकर सभी का परिचय प्राप्त किया। इस दौरान एसएओ ने कहा कि किसानों को कृषि से संबंधित योजनाओ का ससमय लाभ दिलाना पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कृषि कर्मियो से बीज, खाद, आदि पर जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिया। एसएओ ने बताया कि अभी खरीफ फसल का सीजन चल रहा है। इस मौसम में कृषि से संबंधित योजनाओ व किसानों के लिए उर्वरक की उपलब्धता के साथ निर्धारित दर पर उसे किसानों को उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता होगी। बता दे कि अनुमंडल कृषि पदाधिकारी अवनीश कुमार के स्थानांतरण होने के बाद संतोष कुमार को नरकटियागंज का अनुमंडल कृषि पदाधिकारी बनाया गया है।

### दो दिवसीय खो- खो मैच का आयोजन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसएसबी 44 वी वाहिनी द्वारा गुरुवार को वाहिनी मुख्यालय में दो दिवसीय इंटर बटालियन पुरुष/महिला खो -खो मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसएसबी के कमांडेंट बलवंत सिंह नेगी ने किया। प्रतियोगिता में बेतिया क्षेत्र के अधीन आने वाले सभी वाहिनी के जवानों ने भाग लिया। इसमें 44 वी वाहिनी नरकटियागंज के पुरुष टीम एवं महिला टीम, 21 वाहिनी बगहा पुरुष टीम, 47 वाहिनी रक्सौल के पुरुष टीम एवं महिला टीम तथा 65 वाहिनी बगहा के पुरुष टीम के खिलाड़ियों ने भाग लिया। कमांडेंट ने बताया कि एसएसबी द्वारा हमेशा इस तरह का आयोजन किया जाता है। इस तरह के आयोजन से हमे स्वास्थ्य लाभ मिलता है। मौके पर एसएसबी के द्वितीय कमान अधिकारी गोविन्द कुमार ठाकुर, नीरज कुमार थापा, ज्ञानेंद्र कुमार, उप कमांडेंट अजय कुमार सिन्हा, विनय कुमार समेत सभी खिलाड़ी व अन्य उपस्थित रहे।

### सुबह सात बजे से सात राउंड में होगी उपचुनाव की मतगणना

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पंचायत उप चुनाव के दौरान भेड़िहरवा पंचायत में सरपंच पद के लिए परिणाम आज घोषित किया जाएगा। मतदान समाप्ति के पश्चात राजस्व अधिकारी के कक्ष में बनाये गए बज्रगृह में सभी ईवीएम को सुरक्षित रखा गया है। मतगणना शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर के लिपिकीय कक्ष में किया जाएगा। सुबह सात बजे में मतगणना आरंभ होगी। इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। लिपिकीय कक्ष में दो टेबल पर ओसीआर पद्धति से काउंटिंग कराया जाएगा। गिनती सात से आठ राउंड में होगी। वहीं गुरूवार को मतगणना को लेकर लाइव वेबकास्टिंग एवं रिकॉर्डिंग का मॉक रन किया गया। इस दौरान आईटी सहायक पवन कुमार एवं उपेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे। पंचायत उप चुनाव के आरओ सह बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को दो टेबल पर सुबह सात बजे से ओसीआर पद्धति से मतगणना होगी। काउंटिंग सात से आठ राउंड में कराई जाएगी। काउंटिंग के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रखंड में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।

### दो बेटियों के साथ महिला गायब, परिजन परेशान

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना के विशुनपुरवा गांव से एक महिला अपने दो बेटियों के साथ घर से लापता है। महिला के लापता होने से उसका पति समेत परिवार के लोग काफी परेशान है। मामले में महिला के पति रमेश शर्मा ने शिकारपुर थाना पहुचकर पुलिस को आवेदन देकर पत्नी और बेटी की खोजबीन करने की गुहार लगाई है। रमेश ने पुलिस को बताया है कि वह घर से भसुरारी चौक पर आया था वापस घर लौटा तो उसकी पत्नी अनिता देवी अपने दोनों बेटी के साथ गायब है। उसकी दोनों बेटियां स्वेता कुमारी 18 वर्ष तथा निभा कुमारी 16 वर्ष का भी कही पता नही चल पाया है। गाव से लेकर सभी रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की गई लेकिन कही पता नही चल पाया है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि मामले प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर करवाई की जा रही है।

### आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने की लगी होड़

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर जिन मतदाताओं का नाम वर्ष 2003 के मतदाता सूची में नाम दर्ज नही है वे आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अंचल कार्यालयों की दौड़ लगाने लगे है। गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण में वर्ष 2003 के बाद जिन निर्वाचकों का नाम निर्वाचक सूची में शामिल किया गया है, उनसे आवश्यक कागजात की भी मांग की गई जा रही है। ऐसे में इस तरह के निर्वाचक अपने-अपने कागजात जुटाने में भी जुटे हुए हैं। उनके द्वारा आवासीय प्रमाण पत्र इसमें शामिल करने की ज्यादा संभावना बताई जा रही है। उपलब्ध आंकड़ो के अनुसार 9 जून तक आवासीय प्रमाण पत्र लेने के लिए जिले में कुल 92200 आवेदन डाले गए हैं। इन आवासीय प्रमाण पत्रों को उनके द्वारा गणना प्रपत्र के साथ जमा किया जा सकता है। इसमें सर्वाधिक आवेदन चनपटिया अंचल में 13710 डाले गए हैं। 11619 आवेदनों के साथ बगहा अंचल दूसरे स्थान पर है। सबसे कम आवेदन पिपरासी अंचल में 500 डाले गए हैं। जबकि पूरे जून माह में 55607 लोगों ने आवासीय प्रमाण पत्र के आवेदन दाखिल किए हैं।

# दुष्कर्म के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार



**बेतिया/मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मझौलिया थाना क्षेत्र के एक गांव में सात जुलाई की सुबह गन्ने के खेत में किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि सात जुलाई की सुबह पीड़िता अपने घर से उत्तर गन्ने के खेत में घास काटने गई थी। उसे अकेला देखकर एक आरोपित राजा बाबू जबरन उसे गन्ना के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। अन्य दो लोग खेत के बाहर रखवाली करने लगे। फिर किशोरी को तरह-तरह की धमकी देकर सभी चले गए। इसके बाद वह घर आकर इसकी जानकारी दी। किसी अज्ञात व्यक्ति ने घटना का वीडियो बना लिया। जिससे ग्रामीणों को इस घटना के बारे में जानकारी हुई। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा इस मामले में साक्ष्य को मिटाने एवं मामला को रफा दफा करने के उद्देश्य से पंचायत किया जा रहा था। इसकी भनक लगते ही पुलिस ने छापेमारी कर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में मझौलिया थाना क्षेत्र के गोरा सेमरा वार्ड 14 निवासी राजा बाबू आलम, इकबाल अंसारी व एक विधि विरुद्ध बालक शामिल है। पूछताछ के बाद तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जिस मोबाइल से घटना से घटनाक्रम का वीडियो बनाया गया था, पुलिस ने वह मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। ग्रामीण पंचों द्वारा हस्ताक्षरित पंचनामा का कागजात भी पुलिस ने जब्त की है। एसडीपीओ ने बताया कि छापेमारी में मझौलिया थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, दारोगा अंकित कुमार, अनल कुमारी, बिहारी प्रसाद निराला, प्रशिक्षु दारोगा भानु प्रकाश व थाना के रिजर्व गार्ड शामिल रहे।

### दुष्कर्म के एक दोषी को दस वर्ष की सजा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दुष्कर्म के मामले की सुनवाई पूरी करते हुए रेप एंड पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार गुप्ता ने कांड के नामजद अभियुक्त नूर हसन गद्दी को दोषी पाते हुए उसे दस वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसके ऊपर दस हजार रुपया अर्थ दंड भी लगाया है ।सजायाफ्ता नूर हसन गद्दी बैरिया थाने के मलाही टोला गांव का रहने वाला है। पोक्सो एक्ट के अनन्य विशेष लोक अभियोजक जयशंकर तिवारी ने बताया कि घटना 25जून2020 की है। एक लड़की दिन के ढाई बजे शौच करने गन्ना लगा खेत में गई थी ।इसी दौरान अभियुक्त नूर हसन गद्दी ने जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया। नाबालिग बच्ची मंदबुद्धि की थी और वह विकलांग भी थी। इस संबंध में पीड़ित बच्ची की माता ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उसके बाद नूर हसन गद्दी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। उसी समय से ही वह जेल में है। माननीय उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार इस मुकदमे की सुनवाई स्पीडी ट्रायल के माध्यम से पूरी की गई। इसी मामले में विशेष न्यायाधीश ने नूर हसन गद्दी को दोषी पाते हुए यह सजा सुनाई है।

### बीएलओ एप का सर्वर डाउन रहने से अपलोड करने में परेशानी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड परिसर स्थित एक गोदाम में संचालित मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्य को लेकर लगाए गए कैंप में मतदाताओं से प्राप्त गणना प्रपत्रों को बीएलओ ऐप पर अपलोड करने में कर्मियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। पिछले दो दिनों से बीएलओ ऐप का सर्वर ठीक तरह से कार्य नहीं कर पा रहा है। जिसके चलते इस कार्य में लगे कर्मियों को प्रपत्र अपलोड करने के लिए काफी देर तक प्रयास करना पड़ रहा है। हालाकि प्रखंड प्रशासन के अनुसार अभी तक करीब एक लाख दस हजार गणना प्रपत्रों को बीएलओ ऐप पर अपलोड किया जा चुका है। इधर विशेष कैंप में डेटा अपलोड करने के कार्य में लगे कर्मियों ने बताया कि पिछले दो दिनों से ऐप का सर्वर काफी धीरे काम कर रहा है। इस वजह से डेटा अपलोड करने में परेशानी उठानी पड़ रही है। जबकि रात के समय यहीं ऐप सही तरीके के कार्य करने लग जा रहा है।

# लायंस क्लब ऑफ छपरा का तीसरा इंस्टॉलेशन कार्यक्रम आयोजित

**डॉ. संदीप कुमार अध्यक्ष, राकेश कुमार मिश्रा दोबारा सचिव निर्वाचित ●सौरभ कुमार 'ट्विंकल' कोषाध्यक्ष बने**







**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लायंस क्लब ऑफ छपरा का तीसरा इंस्टॉलेशन समारोह भरत मिलाप चौक के समीप सुपरमार्केट के ऊपर स्थित सभागार में भव्य रूप से आयोजित किया गया।

इस अवसर पर शहर के तमाम बुद्धिजीवी, पत्रकार, चिकित्सक व समाजसेवी शामिल रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. गुणवंत कुमार मलिक ने क्लब के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि लायंस क्लब ऑफ छपरा ने बीते दो वर्षों में जितना सेवा कार्य किया है, उतना कार्य किसी अन्य क्लब द्वारा नहीं किया गया। उन्होंने नए पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए समाज सेवा के प्रति उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। इस मौके पर डॉ. एस.के. पांडेय ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और उनकी जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पूर्व अध्यक्ष डॉ. विकास कुमार सिंह को क्लब का प्रशासक नियुक्त किया गया। वहीं चार्टर्ड अध्यक्ष सुशील कुमार वर्मा, धनंजय पासवान, सौरभ कुमार पांडेय सहित अन्य वरिष्ठ सदस्यों को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में शामिल किया गया। इस अवसर पर डॉ. बबन कुमार सिंह को मेडिकल कैंप चेयरपर्सन, डॉ. मकेश्वर चौधरी को टेल ट्विस्टर व अश्विनी कुमार परमार को पीआरओ नियुक्त किया गया। साथ ही अन्य सदस्यों को विभिन्न समितियों का चेयरपर्सन बनाया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार ने अपने कार्यकाल में आयोजित किए जाने वाले आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। पूर्व अध्यक्ष डॉ. विकास कुमार सिंह ने अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन सदन के समक्ष रखा। सचिव राकेश कुमार मिश्रा ने वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा व धन्यवाद ज्ञापन भी किया। मंच संचालन लायन डॉ. मनोज कुमार वर्मा ने किया। कार्यक्रम में अन्य क्लबों के सदस्य, रोटरी क्लब के सदस्य, शहर के समाजसेवी, पत्रकार व आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने लायंस क्लब ऑफ छपरा के सामाजिक कार्यों की सराहना की। इस मौके पर विक्की आनंद, जोन चेयरपर्सन डॉ. कामेश्वर राय, डॉ. निशु कुमार, डॉ. अमित रंजन, डॉ. उज्ज्वल कुमार वर्मा, डॉ. मंजय शर्मा, वरुण प्रकाश, कृष्ण जी, अनिल कुमार शर्मा, डॉ. सुनील कुमार शर्मा सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। इसी अवसर पर अभिषेक कुमार व राजू कुमार ने लायंस क्लब ऑफ छपरा की सदस्यता ग्रहण की। दोनों को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. गुणवंत मलिक व डॉ. एस.के. पांडेय ने पिन पहनाकर सदस्य बनाया। कार्यक्रम के अंत में सचिव राकेश कुमार मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# गुरू शिष्य के बीच प्रेम, सम्मान एवं समर्पण का बंधन है गुरू पूर्णिमा



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय देवराहा बाबा आश्रम में गुरु पूर्णिमा का पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर, आश्रम में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और गुरुदेव देवरहा बाबा की पूजा-अर्चना की।मौके पर सर्वप्रथम देवराहा बाबा का दूध दही घी मधू एवं जल से अभिषेक किया गया। उसके पश्चात हरिशंकर भाई ने गुरूजी के उपदेश की चर्चा की। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा का पर्व, गुरु और शिष्य के बीच प्रेम, सम्मान और समर्पण के बंधन को मजबूत करता है। यह पर्व हमें अपने गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।विदित हो कि देवरहा बाबा आश्रम में गुरु पूर्णिमा का पर्व हर साल बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन, बाबा के दर्शन कर श्रद्धालू गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं। गुरु पूर्णिमा, भारतीय संस्कृति में एक महत्वपूर्ण पर्व है जो गुरु और शिष्य के पवित्र रिश्ते को समर्पित है। इस दिन, शिष्य अपने गुरुओं का सम्मान करते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। देवरहा बाबा आश्रम में भी, गुरु पूर्णिमा के अवसर पर, भक्त गुरुदेव की पूजा-अर्चना करते हैं और उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में हरिशंकर मिस्त्री, भगवान मल्ल, संजय गुप्ता, अनिल सिंहा, हृदयानंद प्रसाद, अनिल राय, गीता बहन, रीता बहन समेत अन्य लोग की भूमिका सराहनीय रही।

### टाटा मोटर्स पर उपभोक्ता आयोग ने लगाया जुर्माना, 30 दिन में दे नई गाड़ी या करे मरम्मत

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिवान जिले के दक्षिण टोला निवासी राजीव रंजन की उपभोक्ता अधिकारों की लड़ाई रंग लाई। टाटा मोटर्स ग्रुप की लापरवाह सेवा के खिलाफ उपभोक्ता आयोग में दर्ज शिकायत पर सुनवाई के बाद आयोग ने कंपनी को दोषी करार देते हुए बड़ा फैसला सुनाया। राजीव रंजन ने आयोग को बताया कि उन्होंने टाटा मोटर्स की एक नैनो कार खरीदी थी, जो वारंटी पीरियड में ही खराब हो गई। उन्होंने बार-बार कंपनी और डीलर से संपर्क किया, लेकिन उनकी समस्या को नजरअंदाज कर दिया गया। इतना ही नहीं, फाइनेंसर को भी जानकारी दी गई, पर किसी ने समस्या का समाधान नहीं किया। राजीव की मानें तो नैनो कार मध्यमवर्गीय लोगों के लिए एक सपना थी, जिसे उन्होंने साकार किया, लेकिन टाटा मोटर्स की त्रुटिपूर्ण सेवा ने उस सपने को तोड़ दिया। मामले की सुनवाई करते हुए उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष माननीय जयराम प्रसाद एवं सदस्य माननीय मनमोहन कुमार ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद टाटा मोटर्स को दोषी पाया। टाटा मोटर्स एवं विपक्षी 30 दिनों के भीतर वादी को एक नई गाड़ी दें, या अपने खर्चे पर पहले वाली गाड़ी को पूरी तरह मरम्मत कर दें। फाइनेंसर को निर्देश दिया गया कि वादी से बकाया किस्तें बिना ब्याज के ली जाएं।

### जयप्रकाश विवि स्नातक सीबीसीएस प्रथम सेमेस्टर में नामांकन की द्वितीय मेधा सूची जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**छपरा (सारण)।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय स्नातक सीबीसीएस प्रथम सेमेस्टर सत्र 2025-29 में नामांकन की द्वितीय मेधा सूची मंगलवार, 8 जुलाई 2025 को जारी कर दी गई है। द्वितीय मेधा सूची में नाम वाले छात्र-छात्राओं के लिए नामांकन की प्रक्रिया 9 जुलाई से 11 जुलाई 2025 तक चलेगी। द्वितीय मेधा सूची में शामिल अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा निदेशित किया गया है कि निर्धारित तिथि के बीच अपने आबंटित महाविद्यालय में नामांकन करा लेंगे। उल्लेखनीय है कि नामांकन की पहली मेधा सूची के आधार पर नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। नामांकन में अभ्यर्थियों को कोई असुविधा न हो इसके लिए कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई काफी सजग हैं और पूरी प्रक्रिया पर वे स्वयं निगरानी रखे हुए हैं। इस बार नामांकन के लिए लगभग 45 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है। जिनमें से लगभग 25 हजार छात्र-छात्राओं का चयन नामांकन के लिए जारी प्रथम मेधा सूची में किया गया था। इस बीच कुलपति के निर्देश पर अध्यक्ष, छात्र कल्याण प्रो. राणा विक्रम सिंह द्वारा सभी अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्यों को पत्र भेज कड़ा निर्देश दिया गया है कि हर महाविद्यालय में छात्र-छात्रा सहायता केंद्र पूर्वाह्न 9 बजे से अपराह्न 4.30 बजे तक निश्चित रूप से संचालित की जाय। सहायता केंद्र के प्रभारी पदाधिकारी एवं कर्मी छात्र-छात्राओं की नामांकन से संबधित हर समस्या का 'ऑन द स्पॉट' निराकरण करें। साथ ही वहां के प्रभारी पदाधिकारी नामांकन के इच्छुक अभ्यर्थियों के कागजातों की पूरी जांच करने के बाद ही नामांकन शुल्क जमा करने हेतु अग्रसारित करें। माननीय कुलपति महोदय के निर्देश के आलोक में पत्र में यह भी स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क ही अभ्यर्थियों से ली जाय, किसी भी परिस्थिति में निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त कोई भी राशि नहीं ली जाय।

### केवीके में मनाया गया 21वा स्थापना एवं राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केवीके मधोपुर ने मनाया 21वां स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस कृषि विज्ञान केंद्र मधोपुर द्वारा 21वां स्थापना दिवस तथा राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस 2025 का आयोजन किया गया।

केंद्र वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉक्टर अभिषेक प्रताप सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीयूष रंजन, जिला मत्स्य पदाधिकारी, पश्चिम चंपारण रहे। साथ ही क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र , मधोपुर के प्रभारी अधिकारी डॉ नीरज कुमार और राष्ट्रीय गोकुल मिशन, मधोपुर के प्रभारी अधिकारी राजीव कुमार अस्थाना ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में पश्चिम चंपारण जिले के अनेक मत्स्य पालकों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रगतिशील मत्स्य पालक अजय कुमार एवं राजेश कुमार सिंह को मत्स्य बीज उत्पादन में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला मत्स्य पदाधिकारी पीयूष रंजन ने बताया कि राज्य मत्स्य विभाग जिले में मत्स्य पालन के विविधीकरण पर विशेष बल दे रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में पर्याप्त मात्रा में हैचरी की उपलब्धता के कारण मत्स्य बीज के लिए अब अन्य जिलों पर निर्भरता नहीं रह गई है। साथ ही, जिले में शीघ्र ही मत्स्य आहार निर्माण हेतु फीड मिल की स्थापना की जा रही है, जिससे किसानों को स्थानीय स्तर पर आहार की सहज उपलब्धता सुनिश्चित होगी। वैज्ञानिक मत्स्य डॉ. जगपाल ने जानकारी दी कि प्रतिवर्ष 10 जुलाई को राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य मछली किसानों, मछुआरों और इस क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारकों के योगदान को सम्मान देना है। उन्होंने बताया कि 10 जुलाई 1957 को डॉ. हीरालाल चौधरी एवं डॉ. अलीकुन्ही ने ओडिशा में पहली बार कार्प मछलियों में पिट्यूटरी हार्मोन द्वारा सफलतापूर्वक प्रेरित प्रजनन किया था, जिसने भारत में नीली क्रांति को दिशा दी।

डॉ. नीरज कुमार (क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, मधोपुर) एवं राजीव कुमार (राष्ट्रीय गोकुल मिशन, मधोपुर) ने भी किसानों को संबोधित करते हुए वैज्ञानिक मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए तकनीकी जानकारी और नवाचारों की चर्चा की। कार्यक्रम का उद्देश्य मत्स्य पालकों को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें आधुनिक वैज्ञानिक विधियों से जोड़कर आत्मनिर्भर मत्स्य पालन की दिशा में आगे बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के अंत में वैज्ञानिक डॉ. सौरभ दुबे (पौधा संरक्षण) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर केवीके के वैज्ञानिक डॉ. चेलपुरी रामुलु एव डॉ. हर्ष बी आर. किसानों को नवीनतम तकनीक से अवगत कराया साथ ही केंद्र के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 11 जुलाई को पेंशनधारियों को मिलेगा बड़ा तोहफा

**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सिवान से करेंगे पेंशन की बढ़ी राशि का डीबीटी के जरिए स्थानांतरण**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।

**सीवान।** राज्य के लाखों पेंशनधारियों को 11 जुलाई को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से बड़ी सौगात मिलने जा रही है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत मिलने वाली राशि को ₹400 से बढ़ाकर ₹1100 प्रतिमाह कर दिया गया है। इस नई दर से पहली बार पेंशन की राशि डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से सीधे लाभुकों के बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी।

**1460 जगहों पर होगा आयोजन, सभी पेंशनधारियों को मिलेगा लाभ**

सिवान जिले में इस मौके को खास बनाने के लिए जिला प्रशासन ने जोरदार तैयारी की है। जिले भर में कुल 1460 स्थलों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिला मुख्यालय, सभी 19 प्रखंड, पंचायत मुख्यालय, वार्ड स्तर और प्रत्येक राजस्व ग्राम शामिल हैं। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मुख्यमंत्री के




संबोधन के साथ होगा, जिसे लाभुक सुनेंगे और देखेंगे। जिला स्तर पर मुख्य कार्यक्रम डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन के संवाद कक्ष में आयोजित किया जाएगा।

**नई दर से छह प्रकार की पेंशन योजना के लाभार्थियों को मिलेगा लाभ**

जून 2025 से लागू इस संशोधित योजना के तहत वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग, परित्यक्ता, ट्रांसजेंडर और एकल महिला पेंशन सहित कुल छह प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन शामिल हैं। इसका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें गरिमामयी जीवन प्रदान करना है।

**कम से कम 100 पेंशनधारी होंगे हर स्थल पर शामिल**

प्रत्येक पंचायत और राजस्व ग्राम में कम-से-कम 100 पेंशनधारियों को बुलाया गया है। जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, विकास मित्र और प्रखंड कर्मियों द्वारा कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री का संदेश और योजना की जानकारी लाभुकों को दी जा रही है।

**प्रशासन ने की सघन तैयारी, सभी अफसरों को दिए निर्देश**

जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जीविका, समाज कल्याण विभाग के पदाधिकारियों को सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

**जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने की पुष्टि**

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि सभी कार्यक्रम स्थलों पर सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा, जिससे पेंशनधारी मुख्यमंत्री के संबोधन से लाभान्वित होंगे। यह आयोजन जिले के इतिहास में एक नई मिसाल कायम करेगा।

### बाल विवाह, बाल व्यापार के विरुद्ध जागरूकता अभियान

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के आदर्श मध्य विद्यालय में नारायणी सेवा संस्थान के सौजन्य से बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण, बाल व्यापार के विरुद्ध छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया।

**Affidavit**

I hitherto known as Md Aamir s/o Md khalill vill & post-Makhdumpur Distt-Jehanbad Bihar PIN-804422 have changed my name and shall hereafter be known as Md Amir Usmani. Affidavit no 43 dated 8.7.25

# आम जन की शिकायतों के समाधान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। जनता दरबार में कुल 15 परिवादी उपस्थित हुए, जिन्होंने स्थानांतरण, लगान निर्धारण, भूमि विवाद, नाली-गली के निर्माण, नल-जल योजना के क्रियान्वयन जैसी जनसामान्य से जुड़ी समस्याओं को लेकर आवेदन सौंपा। जनता दरबार में देव प्रखंड समन्वयक अभय कुमार सिंह ने स्थानांतरण संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। देव थाना क्षेत्र के ही बेलसारा गणेशपुर के सड़कर टोला निवासी रामराज यादव द्वारा विवादित भूमि के दाखिल-खारिज से संबंधित



मामले को रखा गया। गोह अंचल के टकौरा गांव के वंशरोपन राम एवं अन्य द्वारा लगान निर्धारण हेतु आवेदन दिया। हसपुरा प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय नरसन के शेखर सुमन द्वारा बीपीएससी-01 (कक्षा 1 से 5) के अंतर्गत स्थानांतरण विकल्प के अनुसार पदस्थापन नहीं किए जाने की शिकायत दर्ज कराई गई। इनके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी अपने-अपने समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए गए। जिलाधिकारी ने सभी आवेदनों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक आवेदन की निष्पक्ष जांच करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निवारण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए अन्यथा जिम्मेदार कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनता दरबार की समाप्ति के उपरांत जिला पदाधिकारी ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन आमजन की शिकायतों और समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह संवेदनशील और प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनता दरबार प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का एक प्रभावी माध्यम है जिसके जरिए आमजन की बात सुनी जाती है और उन्हें त्वरित एवं न्यायसंगत समाधान भी मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे प्रयासों से शासन के प्रति लोगों का विश्वास और भी सुदृढ़ हुआ है, जो सुशासन की दिशा में एक सकारात्मक पहल है।

# पेंशनधारियों को 400 के बदले प्रतिमाह मिलेंगे 1100 रुपये

## आज जिले में 3034 जगहों पर आयोजित होंगे कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत सभी छह प्रकार के दी जा रही पेंशन की राशि जून 2025 से 400 रूपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 1100 रूपये प्रतिमाह किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को सहायता और संबल प्रदान करना है ताकि उनके आत्मसम्मान में वृद्धि हो तथा उन्हें गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर मिले। 11 जुलाई को मुख्यमंत्री के द्वारा सभी छह प्रकार के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत पहली बार नई दर से पेंशन की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित किए जायेंगे। इसके लिए जिला, प्रखंड एवं ग्राम पंचायत मुख्यालय तथा सभी राजस्व ग्राम स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल एवं सुचारु आयोजन हेतु जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जीविका के पदाधिकारियों, कल्याण विभाग आदि के जिला स्तर, प्रखंड एवं पंचायत स्तर के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया है। विदित हो कि पूरे औरंगाबाद जिले में 3034 जगहों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे जहां मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण लाभुक गण सुन लाभान्वित होंगे। इन जगहों में औरंगाबाद जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन, 11 प्रखंड मुख्यालय सभागार, सभी 202 ग्राम पंचायतों का पंचायत सरकार भवन एवं पंचायत 202 सीआरसी सेंटर, राजस्व ग्राम के सभी 2618 आंगनबाड़ी केंद्र शामिल हैं। प्रत्येक कार्यक्रम स्थल पर न्यूनतम 100 पेंशनधारी शामिल होंगे। बारून एवं हसपुरा प्रखंड मुख्यालय में यह कार्यक्रम संबंधित बुनियाद केंद्र में संपन्न किया जायेगा। इसकी जिम्मेदारी जिला प्रबंधक बुनियाद केंद्र को दी गयी है। जिलास्तर पर टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी मंत्री द्वारा जबकि प्रखंड स्तर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड के वरीय पदाधिकारी द्वारा किया जाना है। जिले के सभी वरीय प्रभार में जिला पंचायत राज पदाधिकारी हैं।

# ट्रेलर की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर में ओवरब्रिज के पास तेज रफ्तार ट्रेलर के पलटने से एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। परिजनों ने अस्पताल में एडमिट कराया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के अधिवक्ता सत्येंद्र तिवारी के इकलौते पुत्र गौरव तिवारी(26) के तौर पर हुई है। परिजनों ने बताया कि बुधवार को गौरव बुलेट की सर्विसिंग कराने सर्विस सेंटर पर गया था। वहां से लौटते समय प्लेट लोडेड ट्रेलर बाइक को बचाने के चक्कर में बीच सड़क पर पलट गई। ट्रेलर की चपेट में आने से गौरव का पैर कट गया। हादसे के बाद उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां से डॉक्टरों ने नारायण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, जमुहार रेफर किया गया। इलाज के दौरान गुरुवार को उसकी मौत हो गई। गौरव अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। पांच बहनों में वह सबसे छोटा था। सरकारी नौकरी लगी थी, लेकिन अभी ज्वॉइनिंग नहीं हुई थी। पिता सत्येंद्र तिवारी शहर के प्रतिष्ठित वकील हैं। घटना के बाद से परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। भाजपा के मंडल अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज कुमार पाठक, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सतीश पाठक ने परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। गांव में शोक की लहर है।

# जरूरत के अनुसार हो बैरिकेडिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** आज शुक्रवार से श्रावण माह का प्रारंभ होगा। जिले के सबसे बड़े शिवधाम देवकुंड में भव्य मेला का आयोजन होता है। पूरे माह हजारों लोग प्रतिदिन यहां आकर बाबा भोले का दर्शन करते हैं। प्रत्येक सोमवार को लाखों की संख्या में भक्तों की भीड़ इकट्ठा होती है। एक महीना चलने वाला श्रावणी मेला शांतिपूर्ण और पूरी तरह सुरक्षित संपन्न कराने लिए प्रशासनिक स्तर पर पहल की गई है। गुरुवार को एसडीओ अमित राजन व एसडीपीओ कुमार ऋषि राज ने मेला परिषद और मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। मंदिर परिसर में ही बैठक की। इसमें महंत कन्हैयानंद पुरी, थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार के



अलावा को गोह प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान मेला प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जहां जरूरत हो बैरिकेडिंग की जाए। तालाब में भी बैरिकेडिंग इस कदर हो कि लोगों को पता चले कि आगे नहीं जाना है ताकि किसी के डूबने की कोई आशंका न बच जाए। इस दौरान मंदिर प्रबंधन को ड्रॉप गेट बनाने का निर्देश दिया गया है। सीसीटीवी लगाने, कंट्रोल रूम बनाने और हर हाल में गोताखोर रखने का भी निर्देश दिया गया है।

# मोटर रूम में मिला अधेड़ का शव

**मदनपुर(औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** बधार से एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया गया हैं। मामला मदनपुर थाना क्षेत्र के सैलवां टोले अंबेडकर नगर के समीप एक मोटर चैंबर रुम का है जहां से शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान 55 वर्षीय सुरेन्द्र सिंह के रूप में की गई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले का जायजा लिया। जानकारी के मुताबिक मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त थे। अपर थानाध्यक्ष इरफान अली ने बताया कि अधेड़ व्यक्ति की प्राकृतिक मौत हुई हैं। वे बीते दिनों से घर से लापता थे और परिजनों द्वारा उनकी तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में आज सूचना मिली कि उनका शव उस जगह पड़ा हुआ हैं जिसके आलोक में पहुंचे परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।

# राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के दो छात्रों का चयन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के 2021-24 बैच के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्र अभिषेक कुमार का चयन हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड में जूनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर के पद पर हुआ है। अभिषेक कुमार ने अपनी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने हाल ही में एचपीसीएल में जूनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। उन्होंने यह भी कहा कि महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त शिक्षा और प्रोत्साहन ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह चयन संस्थान के छात्रों की उत्कृष्ट प्रतिभा और शिक्षा की गुणवत्ता को दर्शाता है। वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के 2021-25 बैच के मेधावी छात्र प्रभात कुमार ठाकुर का प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) पटना में एम.टेक (कम्युनिकेशन सिस्टम्स एंड सिग्नल प्रोसेसिंग) कार्यक्रम के लिए चयन हुआ है। संस्थान के प्राचार्य ने इस अवसर पर कहा कि हमें प्रभात कुमार ठाकुर की इस शानदार उपलब्धि पर गर्व है। उनका चयन न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा को दर्शाता है, बल्कि यह संस्थान में दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का भी प्रमाण है। हम आशा करते हैं कि प्रभात अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बनेंगे। प्रभात कुमार ठाकुर की यह सफलता इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

# निर्धारित समय के अंदर पूरा करें वोटर संशोधन कार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर-2025 के अंतर्गत औरंगाबाद जिले में मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं अद्यतनकरण हेतु ई-फॉर्म अपलोड से संबंधित कार्य चरणबद्ध रूप से प्रगति पर है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जिले के कुल 2009 मतदान केंद्रों पर 1927443 मतदाताओं से संबंधित विवरण संकलन की प्रक्रिया संचालित है, जिसके अंतर्गत अब तक 1778351 मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किया जा चुका है, जो कुल लक्ष्य का 92.26 प्रतिशत है। साथ ही 1276940 मतदाताओं से गणना प्रपत्र संकलित किए जा चुके हैं। ई-फॉर्म अपलोड की स्थिति के अनुसार अब तक कुल 627467 ई-फॉर्म अपलोड किए जा चुके हैं, जो लक्ष्य का 32.55 प्रतिशत है। इसमें 621915 फॉर्म बीएलओ के माध्यम से तथा 5552 फॉर्म मतदाताओं द्वारा स्वयं अपलोड किए गए हैं, जो क्रमशः 32.27 प्रतिशत एवं 0.29 प्रतिशत है। विधानसभा क्षेत्रवार ई-फॉर्म अपलोड की प्रगति में कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 35.62 प्रतिशत की प्रगति दर्ज की गई है। नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में 35.48 प्रतिशत, रफीगंज में 33.84 प्रतिशत, गोह में 30.54 प्रतिशत, औरंगाबाद में 30.39 प्रतिशत तथा ओबरा में 30.33 प्रतिशत फॉर्म अपलोड किए गए हैं। इस अभियान की निगरानी जिलाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा की जा रही है। उनके द्वारा सभी संबंधित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे कार्य की प्रगति में तीव्रता लाते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करें।

# संपत्ति विवाद में मारपीट महिला सहित तीन घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर(औरंगाबाद)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के ओरडीहा में संपत्ति बंटवारे को लेकर आपस में हुई मारपीट में एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। घायल राजू यादव को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस घटना में राजू यादव के अलावा उसकी पत्नी रुपा कुमारी एवं राजेश यादव घायल हैं। घायल राजेश यादव ने बताया कि बड़े भाई संजय यादव और पिता रामवृक्ष यादव संपत्ति बंटवारे में मनमानी कर रहे थे। घर बंटवारा करते समय पिता रामवृक्ष यादव बड़े भाई संजय यादव का पक्ष लेकर मारपीट करने लगे। इसी बीच गुलशन यादव, विलीन यादव आए और वे लोग भी लाठी-डंडों से सिर पर वार कर दिया जिसमें सिर फट गया है। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है। अपर थानाध्यक्ष इरफान अली ने बताया कि आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

# 14 को जेइइ व 16 जुलाई को नीट का मॉक टेस्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आगामी 14 और 15 जुलाई को विद्यालयों में आइआइटी जेइइ की मॉक टेस्ट परीक्षा आयोजित की जाएगी। 16 व 17 जुलाई को नीट तैयारी को ले मॉक टेस्ट परीक्षा ली जाएगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद ने बताया कि सभी परीक्षा प्रथम, द्वितीय व तृतीय पाली में होगी। प्रथम पाली की परीक्षा 9 से 11 बजे तक, द्वितीय पाली की परीक्षा 11:30 से 01:30 बजे तक व तृतीय पाली की परीक्षा दो बजे से चार बजे तक चलेगी। मॉक टेस्ट परीक्षा 100 अंकों की होगी। परीक्षा जिले के 55 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा की समय अवधी 120 निर्धारित की गई है। उन्होंने परीक्षा को लेकर समग्र शिक्षा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी व सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया है। कहा कि सभी बीइओ अपने प्रखंड के सभी माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालयों को मॉक टेस्ट परीक्षा से संबंधित सूचना समयबद्ध अवगत कराए। साथ ही जिन विद्यालयों में आइसीटी लैब उपलब्ध नहीं है, वहां के छात्रों को नजदीक के मध्य विद्यालय में लगाए गए आाइसीटी लैब में भेजते हुए मॉक टेस्ट में शामिल कराए। मॉक टेस्ट से पूर्व छात्र-छात्राओं के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि परीक्षा संचालन में कोई व्यवधान उत्पन्न हो सके। बताया कि सभी आइसीटी लैब विद्यालयों में परीक्षा से पूर्व सभी कंप्यूटर चालू होना चाहिए। साथ ही सभी तकनीकी तैयारियां पूर्व में ही पूर्ण कर ले। विद्यालयों में निर्धारित तिथि एवं समयानुसार मॉक टेस्ट का सफल क्रियान्वयन कंप्यूटर शिक्षक, आइसीटी इंस्ट्रक्चर के सहयोग से सुनिश्चित करने, 11वीं कक्षा पास कर 12वीं कक्षा में अध्ययनरत विज्ञान संकाय के अधिक से अधिक छात्रों को मॉक टेस्ट में सहभागिता अनिवार्य है।

# लूटकांड में फरार अभियुक्त के घर कुर्की की कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** लूटकांड में फरार एक अभियुक्त के घर पर देव पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई की है। यह कार्रवाई सिमरा थाना क्षेत्र के मनसारा गांव निवासी मुन्ना कुमार के घर पर की गई है। पुलिस ने अभियुक्त को कुछ दिन पहले आत्मसमर्पण करने का अल्टीमेटम दिया था। आत्मसमर्पण नहीं करने पर गुरुवार को अभियुक्त के घर की कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गई। इस दौरान आस-पास लोगों की भीड़ लग गई। थानाध्यक्ष कुमार विकास के नेतृत्व में सशस्त्र पुलिस बल की टीम अभियुक्त के घर पहुंची और घर की चौखट, कीवाड़, खिड़की सभी उखाड़ लिया गया। इसके अलावा घर में रखा कई जरूरी वस्तुओं को जब्त किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्त को पकड़ने की कोशिश लगातार की जा रही थी लेकिन वह हर बार अपना ठिकाना बदल रहा हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश को पूरा किया जाएगा। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की ओर से उसके संबधित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही हैं।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

